उज्जैन
सोमवार
25
मई, 2026
मूल्य- 2 रु.
■ वर्ष-12
■ अंक-201
मालवा डिवीजन 402/2024-2026
आर एन आई क्रमांक 2013/57651

दैनिक ब्रह्मास्त्र



कांस फेस्टिवल से ऐश्वर्या का तीसरा लुक सामने आया व्हाइट फेदर सूट में दिखीं एक्ट्रेस बेटी आराध्या का भी हुआ अनऑफिशियल डेब्यू



## ट्रम्प ने मोदी को महान बताया, कहा- पीएम मेरे दोस्त



**वॉशिंगटन/नई दिल्ली।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प ने पीएम मोदी को अपना महान दोस्त बताया और कहा कि वे मोदी के बहुत बड़े फैन हैं। ट्रम्प ने कहा कि भारत अमेरिका पर 100% भरोसा कर सकता है। अमेरिका के 250वें स्वतंत्रता दिवस पर दिल्ली के भारत मंडपम में आयोजित कार्यक्रम में ट्रम्प ने अमेरिकी राजदूत सर्जियो गोर को फोन करके लोगों को संबोधित किया। उन्होंने कहा- मुझे भारत से प्यार है। आपको (एम्बेसडर गोर) हमारे देश के प्रतिनिधि के तौर पर अच्छी स्पीच देनी होगी। मैं सबको गुड इवनिंग कहना चाहता हूं। मुझे प्रधानमंत्री से प्यार है। पीएम मोदी महान हैं, वह मेरे दोस्त हैं। मोदी को हैलो कहो। मैं उनका बहुत बड़ा फैन हूं।

## रूस ने यूक्रेन पर ओरेश्निक मिसाइल से हमला किया

**कीव।** रूस ने रविवार को यूक्रेन पर कई मिसाइलों और ड्रोनों से हमला किया जिसमें कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई और कई दर्जन लोग घायल हैं। हमलों का निशाना यूक्रेन की राजधानी कीव के आसपास के इलाके थे। रूस ने कहा कि यह हमला यूक्रेनी हमलों के जवाब में किया गया। रूसी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक हमलेमें ओरेशनिक हाइपरसोनिक मिसाइल का भी इस्तेमाल हुआ। यह मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में भी सक्षम है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस पर जानबूझकर नागरिक इलाकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने टेलीग्राम पर लिखा कि रूसी हमलों में पानी सप्लाई करने वाली एक फैसिलिटी को नुकसान पहुंचा, एक बाजार जल गया और कई घरों व स्कूलों पर हमला हुआ।

## अमेरिका-ईरान जंग खत्म करने और होर्मुज खोलने पर सहमत, मंजूरी बाकी



**तेल अवीव।** अमेरिका और ईरान युद्ध को धीरे-धीरे खत्म करने और होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान की नाकाबंदी हटाने को लेकर सैद्धांतिक रूप में एक समझौते पर सहमत हो गए हैं। यह जानकारी एक सीनियर अमेरिकी अधिकारी ने दी है। हालांकि अभी भी कई संवेदनशील मुद्दों पर अंतिम फैसला बाकी है। ईरान की तरफ से फिलहाल सार्वजनिक रूप से यह नहीं कहा गया है कि समझौता हो गया है। पिछले 24 घंटों में ईरानी अधिकारियों के बयानों में भी कुछ अंतर दिखाई दिया है। अमेरिकी अधिकारी के मुताबिक समझौते पर अभी हस्ताक्षर नहीं हुए हैं और इसे अंतिम मंजूरी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई से मिलनी बाकी है।

## बंगाल- घुसपैठियों को रखने हर जिले में होल्डिंग सेंटर बनेंगे

**कोलकाता।** पश्चिम बंगाल की भाजपा सरकार ने अवैध घुसपैठ के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी है। सरकार ने डिटेक्ट, डिलीट एंड डिपोर्ट पॉलिसी को लागू करने की दिशा में सभी जिलों को संदिग्ध विदेशी नागरिकों और डिपोर्टेशन का इंतजार कर रहे घुसपैठियों के लिए होल्डिंग सेंटर बनाने का आदेश दिया है। 23 मई को जारी आदेश में जिला प्रशासन से कहा गया है कि ऐसे सेंटर बनाए जाएं, जहां पकड़े गए संदिग्ध विदेशियों को रखा जा सके। संदिग्ध विदेशियों को ऐसे सेंटर में अधिकतम 30 दिन तक रखा जा सकेगा। इस दौरान उनके दस्तावेज, पहचान और नागरिकता की जांच होगी। जांच के दौरान लोगों का बायोमेट्रिक डेटा लिया जाएगा और जानकारी केंद्रीय पोर्टल पर अपलोड की जाएगी।

### बदमिजाज जनसंपर्क कर्मी कपिल मिश्रा की उदद्ंडता पर लगाम कसने के लिए

# जनसंपर्क कर्मी मिश्रा के खिलाफ भारतीय पत्रकार संघ आज कलेक्टर को ज्ञापन देगा

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन

पत्रकारों एवं जनसंपर्क विभागीय अधिकारियों से अभद्रता का आदि हो चुका बदमिजाज जनसंपर्क कर्मी कपिल मिश्रा की उदद्ंडता पर लगाम कसने के लिए भारतीय पत्रकार संघ ने मोर्चा खोल दिया है। सोमवार को इस कर्मी के विरूद्ध कलेक्टर को मुख्यमंत्री एवं आयुक्त जनसंपर्क के नाम ज्ञापन सौंपा जाएगा।

भारतीय पत्रकार संघ के प्रदेशाध्यक्ष किशोर दग्दी ने बताया कि जनसंपर्क विभाग के परीविक्षा कर्मी कपिल मिश्रा ने पूर्व में विभागीय अधिकारी सहायक संचालक रोमित उइके के साथ इसने अनुशासनहीनता करते हुए अभद्रता की थी। जिसकी शिकायत के बावजूद वरिष्ठ अधिकारी इसके आचरण में सुधार नहीं ला सके। इसके बाद भी कपिल मिश्रा आए दिन पत्रकारों एवं विभागीय कर्मचारियों से उलझता रहता है। विभागीय नियमों एवं कर्मचारी आचरण संहिता को ताक में रखकर यह कार्य करने का आदि है।


श्री दग्दी के अनुसार वर्ष 2028 में सिंहस्थ का आयोजन होने वाला है। उसकी जानकारी के लिए देश भर के मिडियाजन वर्तमान में जनसंपर्क विभाग से संपर्क साधने में लगे हैं। ऐसे में इस उद्दंड और बदमिजाज कर्मचारियों की वजह से शहर और जिले की व्यवहारिकता एवं अनुशासन पर प्रश्नचिन्ह खडा हो रहा है।



### देवास से अपडाउन करना इसकी आदत बनी हुई

उज्जैन जिला मुख्यालय पर यह निवास नहीं करता है। देवास से अपडाउन करना इसकी आदत बनी हुई है। इसके साथ ही कार्य की लापरवाही के हाल यह है कि जनसंपर्क विभाग के सोश्यल मीडिया व्हाटसप अकाउंट पर खबरों को डालने के बाद कई बार डिलीट करते हुए उनमें करेक्शन कर देता है। ऐसी स्थिति में समाचार पत्रों में प्रकाशित विभाग की सूचना एवं समाचारों पर सवालिया निशान के हालात बनते हैं। एक बार समाचार प्रकाशन के लिए जारी करने के बाद उसे डिलिट किए जाने में संशोधन का उपयोग भी नहीं करता है। प्रशासनीक समाचारों में अन्य विभागीय अधिकारियों को अपमानित करने वाली भाषा एवं उद्देश्य के साथ समाचार का लेखन करता है जबकि यह खुद ही परीविक्षाकर्मी है।

## पेट्रोल-डीजल के दाम चौथी बार बढ़े



ब्रह्मास्त्र » नई दिल्ली

तेल कंपनियों ने आज, 25 मई को पेट्रोल 2.61 प्रति लीटर और डीजल 2.71 प्रति लीटर महंगा कर दिया है। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में अब एक लीटर पेट्रोल की कीमत 102.12 और डीजल की कीमत 95.20 हो गई है। इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे, जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं।

### इबोला वायरस ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित, भारत अलर्ट पर

## कांगो में 20 दिनों में 200 की मौत

ब्रह्मास्त्र » नई दिल्ली



विश्व स्वास्थ्य संगठन ने इबोला वायरस को ग्लोबल हेल्थ इमरजेंसी घोषित किया है। इसके बाद भारत सरकार ने भी सतर्कता बढ़ा दी है। खास तौर पर कांगो, युगांडा और सूडान की यात्रा करने वालों को सावधान रहने को कहा गया है।

सरकार ने कहा है कि इन देशों से लौटने वाले लोग अगर बुखार, कमजोरी, उल्टी, दस्त, गले में दर्द या शरीर में दर्द जैसे लक्षण महसूस करें तो तुरंत डॉक्टर को बताएं। एयरपोर्ट पर भी जांच बढा दी गई है। कांगो में पिछले 20 दिनों में करीब 200 लोगों की मौत हो चुकी है। वहां इबोला का डर इतना बढ़ गया है कि सैनिटाइजर और मास्क की कीमत कई गुना बढ़ गई है। अस्पतालों पर भी दबाव बढ़ रहा है। अमेरिका ने कांगो, युगांडा और रवांडा से आने वाले यात्रियों की एयरपोर्ट पर जांच शुरू कर दी है। यात्रियों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली जा रही है। चीन ने भी इबोला को लेकर चेतावनी जारी की है। अफ्रीकी देशों से आने वाले यात्रियों पर नजर रखी जा रही है। जापान ने इबोला को लेकर यात्रा जोखिम चेतावनी जारी की है। एयरपोर्ट पर स्क्रीनिंग और मेडिकल जांच मजबूत की गई है।

## महाराष्ट्र में कार खाई में गिरी, 8 लोगों की मौत

ब्रह्मास्त्र » रायगढ़

महाराष्ट्र के रायगढ़ जिले में एक एसयूवी कार के खाई में गिरने से 8 लोगों की मौत हो गई। पुलिस के मुताबिक, यह हादसा अंबेनली घाट इलाके में पोलादपुर-महाबलेश्वर रोड पर रविवार रात 2.30 बजे के आसपास हुआ। वाहन में सवार सभी लोगों की जान चली गई। हादसे में जान गंवाने वाले सभी लोग सतारा के रहने वाले थे। वे दापोली से सतारा जा रहे थे। फिलहाल हादसा कैसे हुआ, इसकी वजह अभी साफ नहीं हो पाई है।

## बुजुर्ग महिला से 24 करोड़ की ठगी

### 5 महीने तक डिजिटल अरेस्ट रखा, 5 आरोपी गिरफ्तार

ब्रह्मास्त्र » बेंगलुरु

कर्नाटक के बेंगलुरु में साइबर ठगों ने डिजिटल अरेस्ट और मनी लॉन्ड्रिंग केस का डर दिखाकर एक बुजुर्ग महिला से करीब 24 करोड़ रुपए ठग लिए। पुलिस ने मुंबई, प्रयागराज और दिल्ली से 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। एक बैंक खाते से 60 लाख रुपए भी फ्रीज किए गए हैं।

पीड़िता ने हाल ही में अपनी एक बड़ी प्रॉपर्टी बेची थी। ठगों को इसकी जानकारी मिल गई। जनवरी 2026 में ठगों ने खुद को जांच एजेंसी का अधिकारी बताकर महिला को कॉल किया और दावा किया कि उनके बैंक खातों का इस्तेमाल मनी लॉन्ड्रिंग में हुआ है। ठगों ने महिला को डिजिटल अरेस्ट में होने की बात कहकर डराया। कहा कि जांच पूरी होने तक वह परिवार या किसी बाहरी व्यक्ति से संपर्क नहीं करें। इसके बाद जनवरी से मई के बीच महिला से अलग-अलग 22 बैंक खातों में करीब 24 करोड़ रुपए ट्रांसफर करवा लिए।

**सोना बेचने गई तो मामले का खुलासा हुआ-** ठग करोड़ों रुपए लेने के बाद भी ठग लगातार और पैसे मांगते रहे। जब कैश खत्म हो गया तो महिला 1.30 किलो सोने के गहने गिरवी रखकर फंड जुटाने बैंक पहुंचीं। असामान्य लेन-देन देखकर बैंक अधिकारियों को शक हुआ और उन्होंने पुलिस को सूचना दी। इसके बाद ठगी का खुलासा हुआ। साइबर ठगों ने ठगी का नया तरीका निकाला है। नौकरी के ऑनलाइन इंटरव्यू या ई-केवाईसी के बहाने वे लोगों की आंखों की पुतलियों (आइरिस) और चेहरे का डेटा रिकॉर्ड कर लेते हैं।

# उज्जैन सहित कई जिलों में पोषण आहार वितरण दो महीने से बाधित

### टेंडर प्रक्रिया में देरी और सप्लाई चेन की समस्याओं के कारण केंद्रों पर पैकेट नहीं पहुंच रहे

ब्रह्मास्त्र » उज्जैन



उज्जैन सहित प्रदेश के कई जिलों में पोषण आहार (टेक होम राशन) वितरण दो महीने से बाधित है। टेंडर प्रक्रिया में देरी और सप्लाई चेन की समस्याओं के कारण केंद्रों पर पैकेट नहीं पहुंच रहे हैं। इससे लगभग 33 लाख गर्भवती महिलाओं और बच्चों को मिलने वाला नियमित पोषाहार प्रभावित हुआ है।

भुगतान में देरी, वितरण व्यवस्था में बदलाव और बजट में बढ़ोतरी न होने के कारण प्रदेश की आंगनबाड़ियों के शिशुओं और माताओं को पूरक पोषण आहार यानि टेक-होम राशन का मामला इस कदर गड़बड़ा गया है कि उज्जैन सहित 30 जिलों में दो माह से पोषण आहार नहीं बंटा है। इससे 33 लाख बच्चे सीधे तौर पर प्रभावित हो रहे हैं। इस वजह से अधिकतर माताओं ने बच्चों को लेकर आंगनबाड़ी आना बंद कर दिया है। इससे आंगनवाडियों में ताले लगने की नौबत आ गई है। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि पोषण आहार आपूर्ति करने वाली एजेंसियों को सरकार की तरफ से 300 करोड़ रुपए का भुगतान किया जाना था। बकाया ना मिलने से एजेंसियों ने वितरण रोक दिया है। इस संदर्भ में सच्चाई यह सामने आई है कि विभाग को इस नए वित्तीय वर्ष के बजट में 134 करोड़ रुपए की राशि नहीं मिली है। इस कारण उसने एजेंसियों को भुगतान फिलहाल रोक रखा है।

### रैंकिंग में भी मप्र के कई जिले लगातार पिछड़ रहे

जानकारी के अनुसार, मप्र में महिला एवं बाल विकास विभाग के तहत संचालित आंगनबाड़ी केंद्रों में दिए जाने वाले पूरक पोषण आहार यानी टेक होम राशन की सप्लाई व्यवस्था गंभीर संकट से गुजर रही है। प्रदेश के करीब 30 जिलों में पिछले दो महीनों से राशन वितरण पूरी तरह ठप पड़ा है। इसका सीधा असर आंगनबाड़ी केंद्रों में आने वाले छोटे बच्चों, गर्भवती महिलाओं और स्तनपान कराने वाली माताओं पर पड़ रहा है। विभागीय दस्तावेजों और अधिकारियों के पत्राचार से साफ है कि सप्लाई चेन पूरी तरह चरमरा चुकी है, लेकिन इसके समाधान को लेकर सरकार और संबंधित एजेंसियों के पास कोई स्पष्ट जवाब नहीं है। स्थिति इतनी गंभीर हो चुकी है कि राष्ट्रीय स्तर पर चलने वाले पोषण अभियानों और रैंकिंग में भी मप्र के कई जिले लगातार पिछड़ रहे हैं।




## खबर एक नजर...

### सर्वसहमति से वशिष्ठ बने मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन



**उज्जैन।** इंदौर में आयोजित दो दिवसीय उर्वीश मल्टीपल कन्वेंशन में सर्वसम्मति से प्रवीण वशिष्ठ को मल्टीपल कौंसिल का चेयरमैन चुना गया। वे वर्तमान में लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर हैं। कन्वेंशन में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ से करीब 2500 प्रतिनिधियों ने भाग लिया। उनके निर्विरोध निर्वाचन पर डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 के सदस्यों ने हर्ष व्यक्त किया।

### कोरी-कोली समाज उत्थान केंद्र का लोकार्पण हुआ

**उज्जैन।** देवास रोड स्थित हामूखेड़ी के सनराइज सिटी में रविवार को सर्व कोरी-कोली समाज उत्थान संघ के नवनिर्मित भवन उत्थान केंद्र का लोकार्पण और धम्म शाला का उद्घाटन हुआ। समाजजन ने तथागत गौतम बुद्ध की प्रतिमा स्थापित की। संत कबीरदास की जयंती श्रद्धा के साथ मनाई गई। उद्घाटन समारोह के मुख्य अतिथि गुजरात सरकार के कैबिनेट मंत्री जल संसाधन एवं ग्रामीण विकास कुंवर भाई बावलिया थे। अध्यक्षता सांसद अनिल फिरोजिया ने की। विशेष अति?थि भाजपा जिला कार्यकारिणी के कोषाध्यक्ष प्रकाश यादव थे। उज्जैन बुद्धिस्ट सोसायटी के तत्वावधान में धम्म कार्यक्रम हुआ। भिक्षु डॉ. सुमेध थेरो ने त्रिशरण और पंचशील का पाठ कराया और धम्म देशना दी। इंजी. सावित्री कटारिया की ओर से दान की गई बुद्ध प्रतिमा विधिपूर्वक स्थापित की गई।

### सनातन धर्म की रक्षा एवं विश्व कल्याण के लिए 10 माह तक की तपस्या

**उज्जैन।** बड़ा पुल स्थित श्री पंचदशनाम जूना अखाड़ा के श्री श्री 1008 जगतगुरु पंचानंद गिरी महाराज के कामाख्या तंत्र पीठ आश्रम पर सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जूना अखाड़ा के कामाख्या पुत्र हिमालय गिरी महाराज ने उज्जैन से जाकर राजस्थान के जैसलमेर जिले स्थित श्री नभ डूंगर माताजी शक्तिपीठ मंदिर में 10 माह तक सनातन धर्म एवं विश्व कल्याण के लिए तपस्या की। नितेश कुमार ने बताया कि 10 माह की तपस्या पूर्ण होने के बाद जूना अखाड़ा के कामाख्या पुत्र हिमालय गिरी महाराज का उज्जैन आगमन पर श्रद्धालुओं एवं भक्त जनों ने गुरु महाराज का पूजन कर फूल-मालाओं से अभिनंदन किया तथा आशीर्वाद प्राप्त किया। इस अवसर पर हिमालय गिरी महाराज ने कहा कि साधु-संत अपनी तपस्या व्यक्तिगत लाभ के लिए नहीं, बल्कि सनातन धर्म और विश्व कल्याण के लिए करते हैं। जिस स्थान पर गुरु महाराज ने तपस्या की, वह अत्यंत प्राचीन और आध्यात्मिक महत्व का स्थल है। वहां आज भी कई ऐतिहासिक एवं आध्यात्मिक रहस्य मौजूद हैं। क्षेत्र में मां भगवती का प्राचीन मंदिर स्थित है, हालांकि आसपास पानी की सुविधा नहीं है। तपस्या के दौरान ग्रामवासियों ने 40 किलोमीटर दूर से पानी लाकर सहयोग किया, जिसके लिए उन्होंने ग्रामीणों का आभार व्यक्त किया।

### गढ़कालिका में 3 क्विंटल आम का भोग

**उज्जैन।** गढ़कालिका मंदिर में ज्येष्ठ अधिकमास पर आम का विशेष महाभोग अर्पित किया गया। पुजारी महंत करिश्मा नाथ के अनुसार सुबह मां गढ़कालिका का अभिषेक-पूजन किया गया, इसके बाद आकर्षक श्रृंगार कर 3 क्विंटल आम का महाभोग लगाया गया। इस मौके पर मोगरे की कलियों से मां का दरबार सजाया गया, जिससे मंदिर भक्तिमय माहौल में सराबोर रहा।

## कलेक्टर रोशन सिंह ने महाकाल दर्शन व्यवस्था जांची

# आम श्रद्धालु बनकर लाइन में लगे, 20 मिनट में हुए दर्शन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने रविवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर की दर्शन व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। भीषण गर्मी और 41 डिग्री से अधिक तापमान के बीच उन्होंने जमीनी हकीकत परखी। इस दौरान महाकाल मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रथम कौशिक भी मौजूद थे।

कलेक्टर ने बिना किसी विशेष प्रोटोकॉल के, एक आम श्रद्धालु की तरह दर्शन व्यवस्था का अनुभव लिया। उन्होंने अपनी गाड़ी और सुरक्षा हरसिद्धि मंदिर में छोड़ी और आम श्रद्धालुओं के साथ पैदल चलकर बड़ा गणेश से मंदिर तक पहुंचे। निरीक्षण की शुरूआत जूता स्टैंड से हुई, जहां कलेक्टर ने सामान्य श्रद्धालुओं की तरह लाइन में लगकर जूते जमा किए। इसके बाद उन्होंने सुरक्षा जांच, चेकिंग प्वाइंट, पेयजल केंद्र और छायादार मार्गों का अवलोकन किया।





उन्होंने स्वयं पानी पीकर देखा और विश्राम स्थलों से गुजरते हुए मंदिर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने हर व्यवस्था को बारीकी से परखा, ताकि श्रद्धालुओं को होने वाली संभावित परेशानियों को समझा जा सके।

कलेक्टर ने रास्ते में उपलब्ध पेयजल की गुणवत्ता भी जांची। उन्होंने श्रद्धालुओं से सीधे बातचीत कर दर्शन में लगे समय, पानी और छाया की व्यवस्था तथा स्टाफ के व्यवहार के बारे में जानकारी ली। अधिकांश श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्हें लगभग 20 मिनट में सहज दर्शन हो गए। निरीक्षण के दौरान एक महिला श्रद्धालु गर्मी और थकान के कारण असहज महसूस कर रही थीं। उन्हें तत्काल व्हीलचेयर उपलब्ध कराकर सहायता प्रदान की गई। श्रद्धालुओं ने व्यवस्थाओं की सराहना की और बताया कि जगह-जगह छाया, पेयजल तथा मैट की व्यवस्था से उन्हें राहत मिली है। हालांकि, इस दौरान कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी सामने आए। एक बच्चे ने ठंडे पानी की बेहतर व्यवस्था का सुझाव दिया, जिसे कलेक्टर ने गंभीरता से लिया। उन्होंने अधिकारियों को प्रमुख स्थानों पर और अधिक ठंडे पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।


## बस मालिकों की चेतावनी

# किराए में बढ़ोतरी नहीं की तो बसें बंद कर देंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

बस मालिकों ने पेट्रोल-डीजल की बढ़ती कीमतों और मंहगाई का हवाला देते हुए सरकार से स्टेज कैरिज यात्री बसों का किराया बढ़ाने की मांग की है। साथ ही चेतावनी दी है कि ऐसा नहीं किया तो वे बसें बंद करने को मजबूर होंगे। अप्रैल में मांग पत्र के बाद अब शासन को स्मरण पत्र देकर मप्र बस ऑनर्स एसोसिएशन के पदाधिकारियों ने अपनी मांग को पूरा करवाने के लिए रणनीति भी बना ली है।

एसोसिएशन ने तय किया है कि उज्जैन-इंदौर-भोपाल सहित प्रदेश के सभी जिला मुख्यालयों पर सोमवार व मंगलवार को सीएम डॉ. मोहन यादव के नाम ज्ञापन कलेक्टर को सौंपेंगे। इसमें बस संचालन के क्षेत्र में आ रही



परेशानियों व परिस्थितियों का जिक्र करते हुए किराए में वृद्धि की मांग पर जोर रहेगा। इसी बीच एसोसिएशन का एक प्रतिनिधिमंडल भोपाल पहुंचकर भी इस मामले में परिवहन मंत्रालय के जिम्मेदारों से सीधी बात कर उनका रूख जानेगा। बात नहीं बनने पर बसों का संचालन बंद करने पर विचार करेंगे। प्रदेश में करीब 18 हजार यात्री बसें हैं। इनमें से 2500 बसें उज्जैन संभाग से संचालित होती है। शासन स्तर की किराया बोर्ड की बैठक में तय होता है। वर्तमान में प्रदेश में प्रथम एक किमी का 7 रुपए फिर प्रति किमी का 1 रुपए 25 पैसे किराया निर्धारित है। एसोसिएशन लंबे समय से किराए में बढ़ोतरी की मांग करती आ रही है। बोर्ड की बैठक करीब तीन वर्ष पहले हुई थी।

### बढ़ोतरी की यह प्रक्रिया

सोमवार व मंगलवार को प्रदेश के जिलों में किराया वृद्धि के लिए ज्ञापन सौंपेंगे। मंगलवार को प्रतिनिधिमंडल भोपाल में परिवहन विभाग के जिम्मेदारों से चर्चा भी करेगा।

**- जयकुमार जैन, प्रदेश महामंत्री, मप्र बस ऑनर्स एसोसिएशन**

# महापौर मुकेश टटवाल ने जल प्रदाय व्यवस्था का लिया जायजा



ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

शहर की पेयजल व्यवस्था को सुचारू बनाए रखने के उद्देश्य से महापौर मुकेश टटवाल रविवार को फील्ड में निकले और जल प्रदाय व्यवस्था का निरीक्षण किया। इस दौरान जल कार्य समिति प्रभारी श्री प्रकाश शर्मा भी उपस्थित रहे।

महापौर ने पीएचई कंट्रोल रूम पहुंचकर शहर की विभिन्न पेयजल टंकियों की स्थिति की जानकारी ली। उन्होंने सभी टंकी प्रभारियों से दूरभाष पर वन-टू-वन चर्चा करते हुए पूछा कि टंकियां पूर्ण क्षमता से भरी हैं या नहीं। इस पर टंकी प्रभारियों ने बताया कि शहर की सभी टंकियों को पूर्ण क्षमता के साथ भरने का कार्य किया जा रहा है।

जानकारी के अनुसार शनिवार को गंभीर इंटकवेल पर मेंटेनेंस कार्य किया गया था, जिसके चलते रविवार को शहर में नियमित जल प्रदाय नहीं हो सका। हालांकि मेंटेनेंस कार्य पूर्ण होने के बाद रविवार को शहर की 40 से अधिक पेयजल टंकियों को पूर्ण क्षमता के साथ भरने का कार्य किया गया।

## विद्युत कंपनी ने शनिवार को शटडाउन कर मेंटेनेंस किया तो पीएचई ने भी लाभ लिया

# भूजल स्तर कम होने से हांफे नलकूप एवं हैंडपंपों पर लाइन लगी

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

रविवार को शहर में आमजन राहत एवं आराम नहीं ले सका। सुबह से ही पानी की आपूर्ति के लिए जुगाड लगी रही। इस दौरान भू-जल स्तर गिरने से हांफ रहे नलकूप एवं हैंडपंपों पर खासी भीड रही। वहां भी नगर निगम पीएचई की तरह कम दबाव से ही जल मिल रहा था। एक दिन पूर्व से सहेजे गए और मशक्कत कर लाए गए पानी से आमजन ने अपनी जलापूर्ति जैसे तैसे की है। सूरज के आक्रोश पूर्ण गर्मी के बीच पसीना बहाकर आमजन को यह सब करना पडा है।

सूबह से ही सूरज की गर्मी जोरदार होने के बावजूद आमजन ने पूर्व सूचना के आधार पर तडके से ही पानी के लिए



- **विद्युत कंपनी के साथ पीएचई ने भी काम निपटाए-** गंभीर इंटेकवेल पर लगातार पावर कट होने के कारण शनिवार को विद्युत वितरण कंपनी ने गंभीर इंटेकवेल फीडर पर प्री मानसून का मेंटेनेंस कार्य करने हेतु शटडाउन लिया था। जिसके चलते रविवार को संपूर्ण शहर में जलप्रदाय नहीं हो सका। इस दौरान शनिवार को सप्लाय के बाद पीएचई ने भी अपने संधारण के कामों को खोलकर उन्हें पूर्ण किया है। कई स्थानों पर बडे कार्यों में समय लगना था ऐसे में शनिवार एवं रविवार की दोपहर तक का समय मिल गया और इस दौरान संधारण के कामों को अंजाम दिया गया है।
- **बाजार में एक हजार 12 सौ में मिला टैंकर-** रविवार को पानी की कमी के चलते शहर में कुछ लोगों ने निजी क्षेत्रों से पानी के 5 हजार लीटर क्षमता वाले टैंकर मंगवाए थे। उन्हें ये टैंकर एक हजार से बारह सौ रूपए में उपलब्ध हो सके। नगर निगम के सूत्रों के अनुसार टैंकर सेक्शन से इसी क्षमता का टैंकर मात्र ढाई सौ रूपए में उपलब्ध करवाया जाता है। रविवार को करीब आधा दर्जन से अधिक रसीदें नगर निगम में भी टैंकर सप्लाय की कटी है। इसके अलावा शहर के करीब 200 से अधिक स्थानों पर क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों की मांग पर रहवासियों को पानी के टैंकर से जलआपूर्ति की गई है।

मशक्कत शुरू कर दी थी। शहर के क्षेत्रीय स्तर पर नलकूप एवं हैंडपंपों पर इसी दौरान से भीड लगी रही। रविवार को जैसे-तैसे आमजन ने अपनी जलापूर्ति की है। मई माह में यह दुसरा अवसर था जब पीएचई ने जल प्रदाय नहीं किया। इससे पहले 7 मई को भी घरों में नल से पानी नहीं पहुंचा था।

दैनिक ब्रह्मास्त्र

सत्यं स्वर्गस्य सोपानं पारावरस्य नौरिव।
न पावनतमं किञ्चित् सत्यादभ्यधिकं क्वचित्॥

अर्थ: समंदर के जहाज की तरह, सत्य स्वर्ग का सोपान है। सत्य से ज्यादा पावनकारी और कुछ नहीं।

## खबर एक नजर...

### हनी ट्रैप-2:रेशू-श्वेता ने पुराने हनी ट्रैप के वीडियो से 5 को किया टारगेट

**इंदौर।** हनी ट्रैप-2 की आरोपी रेशू उर्फ अभिलाषा चौधरी ने जमानत पर छूटी श्वेता जैन के संपर्क में आने के बाद अपना संगठित गिरोह खड़ा कर लिया था। बताते हैं ये दोनों शातिर महिलाओं ने पहले हनी ट्रैप के बने कुछ वीडियो को हथियार बनाकर 5 बड़े लोगों को टारगेट कर लिया था। वसूली के लिए इन तक इनके मीडिएटर्स भी सक्रिय हो गए थे। इसलिए गिरोह को लेकर इतना बड़ा सर्चिंग अभियान क्राइम ब्रांच को गोपनीय ढंग से चलाना पढ़ा। इनका टारगेट बने एक पुलिस अधिकारी को ट्रैप कर रेशू रुपए भी वसूल चुकी थी। इन रुपयों का बंटवारा भी दोनों ने आपस में कर लिया था। श्वेता से ट्रेंड होकर ही रेशू ने हनी ट्रैप को अपना हथियार बना लिया और खुद काम करना शुरू कर दिया था। क्राइम ब्रांच सूत्रों के मुताबिक रेशू और श्वेता पूरा संगठित गिरोह संचालित कर रहे थे। श्वेता के पास पहले हनी ट्रैप के जो वीडियो फोटो या फुटेज थे उसे रेशू ने राजनीति में नेताओं के करीब जाने के बाद ब्लैकमेल करने के लिए इस्तेमाल किए हैं। बताते हैं श्वेता के माध्यम से ही रेशू ने एक पुलिस अधिकारी सहित 5 लोगों को ब्लैकमेल कर रुपए ऐंठने की तैयारी कर ली थी। एक से करोड़ रुपए भी ऐंठ लिए थे। रुपयों को रेशू और श्वेता ने आपस में बांटा था।

### युवती से मिलने पहुंचे नगर सैनिक की पिटाई

**इंदौर।** राजमोहल्ला क्षेत्र में एक युवती से मिलने पहुंचे होमगार्ड के नगर सैनिक की लोगों ने जमकर पिटाई कर दी। इस दौरान उस पर चोरी का आरोप भी लगाया गया। सूचना मिलने पर मल्हारगंज थाने की एफआरवी मौके पर पहुंची और नगर सैनिक को छत्रीपुरा थाने लाया गया। घटना रविवार शाम करीब 4:30 बजे की है। छत्रीपुरा पुलिस के मुताबिक, होमगार्ड का नगर सैनिक प्रशांत श्रीवास द्वारकापुरी इलाके का निवासी है। बताया जा रहा है कि वह एच कॉलोनी में एक युवती से मिलने पहुंचा था। इसी दौरान रहवासियों ने उसे पकड़ लिया और मारपीट कर दी। उसके खिलाफ घर में चोरी और छेड़छाड़ के आरोप भी लगाए गए। पुलिस मौके पर पहुंची और नगर सैनिक को अपने साथ थाने ले आई। मामले की गंभीरता को देखते हुए वरिष्ठ अधिकारी भी थाने पहुंचे हैं। फिलहाल नगर सैनिक के साथ हुई मारपीट और लगाए गए आरोपों की जांच की जा रही है। नगर सैनिक ने प्रारंभिक पूछताछ में बताया कि उसकी मंगेतर के साथ राजमोहल्ला निवासी एक युवक ने मारपीट की थी। वह उसी युवक को तलाशने के लिए यहां आया था। जब वह युवक के घर में पहुंचा तो वहां मौजूद लोगों और आसपास के रहवासियों ने मिलकर उसके साथ मारपीट कर दी। इस दौरान बचने के प्रयास में वह भागा और एक नाले में गिर गया। युवती भी द्वारकापुरी इलाके की रहने वाली बताई जा रही है।

### डेंटिस्ट महिला के साथ छेड़छाड़, दूसरी बार की पुलिस में शिकायत

**इंदौर।** छोटी ग्वालटोली थाना क्षेत्र में एक महिला डेंटिस्ट ने दूसरी बार छेड़छाड़ की शिकायत दर्ज कराई है। पीड़िता का आरोप है कि आरोपी लंबे समय से उसका पीछा कर परेशान कर रहा है। इससे पहले भी वह आरोपी के खिलाफ पुलिस में शिकायत कर चुकी है। पुलिस के मुताबिक, क्षेत्र में रहने वाली 30 वर्षीय महिला डॉक्टर की शिकायत पर गितेश सिंह बग्गा के खिलाफ छेड़छाड़ का मामला दर्ज किया गया है। पीड़िता ने बताया कि आरोपी आए दिन उसका पीछा करता था। शनिवार रात वह अपने पिता की दुकान पर पहुंची थी, तभी आरोपी वहां भी पहुंच गया और उसे गलत नीयत से घूरने लगा। विरोध करने पर आरोपी ने अपशब्द कहे और दोनों हाथ पकड़कर अश्लील हरकतें कीं।

---

**जलसंकट से हाहाकार, मजबूरी ऐसी कि उसी हैंडपंप से भर भी रहे और पी भी रहे**

# इंदौर में लाल रंग से लिखा- पानी पीने योग्य नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

जल संकट ने इंदौर में हाहाकार मचा दिया है। जगह-जगह पानी को लेकर लोग सड़कों पर उतरकर चक्काजाम कर रहे हैं। पानी नहीं मिलने पर जिम्मेदारों को कोस रहे हैं। चक्काजाम, धरना-प्रदर्शन करने के बाद भी लोगों को पानी नहीं मिल रहा है।

पानी की किल्लत ने लोगों को इस कदर मजबूर कर दिया है कि उन्हें दूर-दूर से पानी लेकर आना पड़ रहा है। कई जगह से तो उन्हें पानी के लिए भी मना कर दिया जाता है। ऐसे में उन्हें जहां पानी मिल रहा है, वहीं से ही पानी की आपूर्ति कर रहे हैं। ऐसा ही एक नजारा पालदा चौराहे पर देखने को मिला।

रविवार को पानी को लेकर वार्ड 75 और वार्ड 64 के लोगों ने मिलकर पालदा चौराहे पर चक्काजाम किया। करीब तीन से चार घंटे लोग धूप में पानी की मांग को लेकर बैठे रहे। हाथों में तख्तियां और बोतल में गंदा पानी लिए




वे यहीं मांग कर रहे थे, कि उन्हें पानी मिल जाए। ताकि उनकी तकलीफ कम हो सके। वैसे तो ये लोग अपनी पानी की तकलीफ दूर करने के लिए चक्काजाम कर रहे थे, लेकिन इसने वहां से गुजरने वाले लोगों की दिक्कतें भी बढ़ा दी थी। सिटी बसों से लेकर ट्रेवल्स की बसें भी इस जाम में फंस गई थी। काफी देर चले इस हंगामे के बाद मांगों पर सहमति बनी और चक्काजाम खत्म हुआ।

### हैंडपंप पर लिखा फिर भी पानी भरने को मजबूर

पालदा चौराहे पर हनुमान मंदिर के पास एक हैंडपंप लगा हुआ है। जिस पर लाल रंग से लिखा हुआ है कि पानी पीने योग्य नहीं है। फिर भी कई लोग यहां से पानी भरते देखे। जब उनसे पूछा कि ये पानी क्यों भर रहे है, तो बोले पानी नहीं मिल रहा है तो कहां से लाए कहां जाए। यहीं पानी वापर भी रहे हैं और पी भी रहे हैं।

इलाके में रहने वाले रुपेंद्र भी यहां पर पानी भर रहे थे। उन्होंने बताया कि नहीं है तो पीना तो पड़ेगा। फिर छान के पीए या गर्म करके। तबीयत खराब होने के बारे में पूछा तो कहा कि दूसरा पानी पीने के लिए भी तो हो। नहीं है इसलिए यहां से पानी ले जा रहे है और पास में भी यहीं है। 600 मीटर दूर से यहां पानी लेने के लिए आ रहे हैं। उन्होंने कहा कि इसमें गंदा पानी आ जाता है, इसलिए ही हैंडपंप पर लिखा है।

### स्टूडेंट ने बताई मजबूरी

एक छात्रा ने बताया कि डेढ़ महीने हो गए है, पानी की दिक्कत चल रही है। एक महीने से यहीं से पानी भरने आ रही है, दूसरी कोई व्यवस्था नहीं है। वह मूल से तो बाहर की रहने वाली है, लेकिन इंदौर में रूम में रहती है। वहां बोरिंग भी सूख गया है और नर्मदा का पानी भी नहीं आता। इसलिए यहां से पानी भरना पड़ता है। उन्होंने बताया कि वह गवर्नमेंट एग्जाम की तैयारी कर रही हैं। छात्रा ने बताया कि हर चीज महंगी होती जा रही है। हम तो स्टूडेंट है, बाहर से आए हैं। पैसों की दिक्कत के कारण पानी भी खरीदकर नहीं पी पा रही हैं।

**1 किमी दूर से ला रहे पानी-** पालदा इलाके में रहने वाले शैलेंद्र ने बताया कि उन्हें पानी लाने के लिए 1 किमी दूर पानी की टंकी पर जाना पड़ता है। पानी नहीं मिलने के कारण दिक्कत हो रही है। पानी नहीं मिल पा रहा है, टैंकर भी नहीं मिल रहा है। पानी की ऐसी दिक्कत है कि गाड़ी पर पानी की केन, ड्रम भरकर लाना पड़ रहे हैं।

---

# भोजशाला में संस्कृत विश्वविद्यालय और सरस्वती लोक बनाने की मांग

## धार्मिक पर्यटन कॉरिडोर बने, हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने मुख्यमंत्री से की बड़ी मांगें

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

धार स्थित भोजशाला मामले में हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को पत्र लिखकर हाई कोर्ट के आदेश के बाद विभिन्न मांगों को पूरा करने का निवेदन किया है। संगठन ने भोजशाला को धार्मिक और सांस्कृतिक दृष्टि से विकसित करने के लिए कई महत्वपूर्ण प्रस्ताव रखे हैं।

मुख्य याचिकाकर्ता आशीष गोयल ने कहा कि मुख्यमंत्री के कार्यकाल में न्यायालय द्वारा भोजशाला को मां सरस्वती मंदिर के रूप में मान्यता मिली है। उन्होंने कहा कि अब वहां वर्षभर पूजा शुरू हो चुकी है और शुक्रवार को नमाज भी नहीं हुई, जिसे हिंदू पक्ष बड़ी उपलब्धि मान रहा है।

उन्होंने बताया कि हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस की राष्ट्रीय अध्यक्ष रंजना अग्निहोत्री के मार्गदर्शन में वरिष्ठ एडवोकेट हरिशंकर जैन, विष्णु शंकर जैन और अविनय जोशी के माध्यम से भोजशाला मामले में जनहित याचिका दायर की गई थी। इसी प्रकरण में 15 मई 2026 को हाई कोर्ट ने विस्तृत आदेश पारित किया। संगठन ने मुख्यमंत्री से मांग की है कि ब्रिटिश संग्रहालय, लंदन में रखी मां वाग्देवी की प्रतिमा को भारत वापस लाने के प्रयास तेज किए जाएं और उसे पुनः भोजशाला में स्थापित किया जाए।

पत्र में भोजशाला परिसर में मां सरस्वती लोक विकसित करने की मांग भी की गई है, ताकि इसे धार्मिक और सांस्कृतिक केंद्र के रूप में विकसित किया जा सके।

हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने उज्जैन, ओंकारेश्वर, महेश्वर, मांडू, धार, अमझेरा और इंदौर को जोड़ते हुए एक धार्मिक पर्यटन कॉरिडोर विकसित करने का प्रस्ताव भी रखा है। संगठन का कहना है कि इससे धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा मिलेगा और प्रदेश की सांस्कृतिक पहचान मजबूत होगी। संगठन ने भोजशाला परिसर में वैदिक संस्कृत विश्वविद्यालय की शीघ्र स्थापना की मांग भी उठाई है। उनका कहना है कि इससे भारतीय संस्कृति, वेद और संस्कृत अध्ययन को नया केंद्र मिलेगा।

**दर्शन व्यवस्था को लेकर भी उठाई मांग-** हिंदू फ्रंट फॉर जस्टिस ने यह भी मांग की है कि हाई कोर्ट के आदेश के पालन में भारतीय पुरातत्व सर्वेक्षण के साथ समन्वय बनाकर स्पष्ट दिशा-निर्देश जारी किए जाएं, ताकि श्रद्धालुओं और दर्शनार्थियों को किसी प्रकार की परेशानी का सामना न करना पड़े।

---

**डिजिटल जनगणना...**

# मप्र में उम्मीद से 1.44 लाख ज्यादा मिले मकान गांव 100% के पार

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

मप्र में डिजिटल जनगणना (हाउस लिस्टिंग ब्लॉक फील्ड वर्क) अपने आखिरी पड़ाव पर है। 23 मई की सुबह तक के आधिकारिक आंकड़ों ने प्रदेश के विकास और प्रशासनिक कार्यशैली की एक चौंकाने वाली तस्वीर पेश की है। राज्य ने सामूहिक रूप से 100.61% की ऐतिहासिक प्रगति हासिल कर इतिहास रच दिया है। केंद्र और राज्य सरकार ने पुराने रिकॉर्ड के आधार पर अनुमान लगाया था कि पूरे मप्र में कुल 2 करोड़ 36 लाख 74 हजार 662 मकान होंगे, लेकिन जब 1.24 लाख से ज्यादा प्रगणक जमीन पर उतरे तो अब तक 2 करोड़ 38 लाख 19 हजार 058 मकान मिल चुके हैं। यानी सरकारी फाइलों के मुकाबले जमीन पर 1 लाख 44 हजार 396 ज्यादा मकान दर्ज किए गए हैं, जो यह साबित करता है कि पिछले कुछ सालों में नए मकानों और कॉलोनियों के निर्माण की रफ्तार सरकारी अनुमानों से कहीं ज्यादा तेज रही है। खंडवा ग्रामीण उज्जैन नगर निगम खंडवा के ग्रामीण अमले ने कमाल करते हुए 107.55% लक्ष्य हासिल किया और पूरे प्रदेश में टॉप पर है, जबकि उज्जैन नगर निगम क्षेत्र महज 94.51% के साथ सबसे निचले पायदान पर है।

---

# पति ने पत्नी के मुंह में जहर ठूंसा, फिर खुद भी आत्महत्या की

ब्रह्मास्त्र ▸▸ इंदौर

इंदौर के मेघदूत नगर में रहने वाले हल्केवीर पटेल ने पत्नी रोशनी पटेल की गला घोंटकर हत्या कर दी। इसके बाद उसने खुद भी जहर खा लिया। महिला के मुंह के पास चोट के निशान मिले हैं। बताया जा रहा है कि उसे जबरन जहर खिलाने की कोशिश की गई थी। पति ने उसके मुंह में जहर की गोलियां डालीं, लेकिन जब उसने खाने से इनकार किया तो मारपीट के बाद गला घोंट दिया।

परिजन शव लेकर होशंगाबाद के पास स्थित बनखेड़ी गांव रवाना हो गए हैं। सोमवार सुबह दोनों का अंतिम संस्कार वहीं किया जाएगा। हीरानगर टीआई



सुशील पटेल के मुताबिक, प्रारंभिक जांच में पत्नी रोशनी की हत्या कर पति द्वारा जहर खाने की बात सामने आई है। फिलहाल शव परिजनों को सौंप दिए गए हैं और वे गांव में अंतिम संस्कार करेंगे। इधर, जानकारी सामने आई है कि सतीश सांवले ने बेटमा थाने में परिजनों के साथ पहुंचकर एफआईआर दर्ज कराई थी।

**हल्केवीर ने पत्नी रोशनी को ठहराया विवाद का जिम्मेदार-** बताया जा रहा है कि घटना वाली रात हल्केवीर पटेल, उसका साला देवेंद्र और भतीजा ललित पटेल घर पर मौजूद थे। इसी दौरान हल्केवीर ने पत्नी रोशनी को डांटते हुए कहा कि उसके कारण यह सब हुआ है और सतीश ने झूठी एफआईआर दर्ज कराई है। इस पर रोशनी ने दोनों पक्षों को झगड़ा नहीं करने की समझाइश दी और कहा कि वह सतीश से एफआईआर वापस लेने को लेकर बात करेगी। रात में रोशनी ने सतीश को फोन कर एफआईआर वापस लेने की बात कही, लेकिन उसने मना करते हुए कॉल काट दिया।

देर रात तक हल्केवीर के घर पर उसका साला और अन्य लोग बातचीत करते रहे। उनके जाने के बाद उसने पत्नी रोशनी की हत्या कर खुद भी आत्महत्या कर ली। रोशनी का परिवार छत्तीसगढ़ का रहने वाला है।

**सुसाइड नोट में लिखा- दोनों जहर खाकर जान दे रहे-** सुसाइड नोट में लिखा है कि पत्नी ने उसके साथ धोखा किया है। उसका सतीश साहू से संबंध था। दोनों उसी कारण जहर खाकर जान दे रहे हैं। साथ ही बेटी की जिम्मेदारी उसकी साली को सौंपने और संपत्ति बेटी के 18 साल की होने पर उसे देने की बात भी लिखी गई है।

## खबर एक नजर...

### कलेक्टर की अध्यक्षता में जिला माईनिंग टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

उज्जैन। कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह की अध्यक्षता में जिला माईनिंग टास्क फोर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में पुलिस अधीक्षक श्री प्रदीप शर्मा,जिला पंचायत सीईओ श्री श्रेयांश कूमट,जिला खनिज अधिकारी श्रीमती देविका परमार और अन्य संबंधित अधिकारी उपस्थित रहे। बैठक में कलेक्टर श्री सिंह ने जिला खनिज अधिकारी को खनिजों के अवैध उत्खनन पर सख्त कार्यवाही करने के निर्देश दिए। बैठक में जानकारी दी गई कि जिले में 1 अप्रैल से 22 मई तक अवैध परिवहन के 15 प्रकरण ,अवैध उत्खनन के 8 और अवैध भंडारण के 3 प्रकरण दर्ज कर कार्यवाही की गई है। उक्त प्रकरणों में 23 लाख 56 रुपए की राशि का अर्थदंड किया गया है।

### बालक मंडली ने सजाया सिंधी भगत का दरबार, भजनों पर झूमे समाजजन



**उज्जैन।** सिंधु सेवा मंडल धर्मार्थ ट्रस्ट एवं पूज्य पंचायत सतराम सिंधी कॉलोनी के संयुक्त तत्वावधान में कटनी की बालक मंडली द्वारा भव्य सिंधी भगत का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में गोवर्धन दास उदासी और दिलीप उदासी ने सिंधी भगत व सुमधुर भजनों की शानदार प्रस्तुति देकर समां बांध दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ इष्टदेव भगवान झूलेलाल की प्रतिमा के समक्ष दीप प्रज्वलित कर किया गया। संगीतमय भजनों की धुन पर उपस्थित मातृशक्ति और समाजजनों ने उत्साहपूर्वक आनंद लिया और भगवान झूलेलाल की भक्ति में लीन होकर नृत्य किया। आयोजन में संतोष लालवानी, राजकुमार परसवानी, गिरधारी लालवानी, नरेंद्र सबनानी, किशोर मुलानी, अशोक उत्तमानी, नानक उत्तमानी, रतनलाल काका, भगवानदास केवलानी, महेश चांदवानी और जेठानंद जयसिंघानी सहित बड़ी संख्या में समाज के वरिष्ठजन एवं महिलाएं उपस्थित थीं। कार्यक्रम का समापन सभी समाजजनों की सामूहिक भोजन प्रसादी के साथ हुआ।

### 20 मिनट में हुए दर्शन

# उज्जैन कलेक्टर रोशन सिंह ने महाकाल दर्शन व्यवस्था जांची, आम श्रद्धालु बनकर लाइन में लगे

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन





उज्जैन कलेक्टर रोशन कुमार सिंह ने रविवार को श्री महाकालेश्वर मंदिर की दर्शन व्यवस्थाओं का औचक निरीक्षण किया। भीषण गर्मी और 41 डिग्री से अधिक तापमान के बीच उन्होंने जमीनी हकीकत परखी। इस दौरान महाकाल मंदिर समिति के अध्यक्ष प्रथम कौशिक भी मौजूद थे।

कलेक्टर ने बिना किसी विशेष प्रोटोकॉल के, एक आम श्रद्धालु की तरह दर्शन व्यवस्था का अनुभव लिया। उन्होंने अपनी गाड़ी और सुरक्षा हरसिद्धि मंदिर में छोड़ी और आम श्रद्धालुओं के साथ पैदल चलकर बड़ा गणेश से मंदिर तक पहुंचे। निरीक्षण की शुरूआत जूता स्टैंड से हुई, जहां कलेक्टर ने सामान्य श्रद्धालुओं की तरह लाइन में लगकर जूते जमा किए। इसके बाद उन्होंने सुरक्षा जांच, चेकिंग प्वाइंट, पेयजल केंद्र और छायादार मार्गों का अवलोकन किया। उन्होंने स्वयं पानी पीकर देखा और विश्राम स्थलों से गुजरते हुए मंदिर पहुंचे। इस दौरान उन्होंने हर व्यवस्था को बारीकी से परखा, ताकि श्रद्धालुओं को होने वाली संभावित परेशानियों को समझा जा सके। कलेक्टर ने रास्ते में उपलब्ध पेयजल की गुणवत्ता भी जांची। उन्होंने श्रद्धालुओं से सीधे बातचीत कर दर्शन में लगे समय, पानी और छाया की व्यवस्था तथा स्टाफ के व्यवहार के बारे में जानकारी ली। अधिकांश श्रद्धालुओं ने बताया कि उन्हें लगभग 20 मिनट में सहज दर्शन हो गए।

निरीक्षण के दौरान एक महिला श्रद्धालु गर्मी और थकान के कारण असहज महसूस कर रही थीं। उन्हें तत्काल व्हीलचेयर उपलब्ध कराकर सहायता प्रदान की गई। श्रद्धालुओं ने व्यवस्थाओं की सराहना की और बताया कि जगह-जगह छाया, पेयजल तथा मैट की व्यवस्था से उन्हें राहत मिली है। हालांकि, इस दौरान कुछ महत्वपूर्ण सुझाव भी सामने आए। एक बच्चे ने ठंडे पानी की बेहतर व्यवस्था का सुझाव दिया, जिसे कलेक्टर ने गंभीरता से लिया। उन्होंने अधिकारियों को प्रमुख स्थानों पर और अधिक ठंडे पानी की व्यवस्था करने के निर्देश दिए।

## पानी की बूँद बूँद बचाने की मुहिम शुरू, सभी 130 पंचायतों के शासकीय भवनों में कराई रूफ वाटर हार्वेस्टिंग

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन



मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के नेतृत्व में सभी जिलों में जलसंरक्षण के लिए हर वर्ष जलगंगा संवर्धन अभियान चलाया जा रहा है। इस वर्ष जो यह अभियान 19 मार्च से शुरू होकर 30 जून तक चलाया जा रहा है। अभियान का मुख्य उद्देश्य जनसहयोग से पानी की एक एक बूँद बचाने का प्रयास है।

जिले में कलेक्टर श्री रौशन कुमार सिंह के नेतृत्व में सीईओ जिला पंचायत श्री श्रेयांस कुमट द्वारा अभियान में सभी जनपद में अमृत सरोवर ,कूप रिचार्ज ,चेकडेम , स्टॉपडेम ,खेत तालाब ,नाला ट्रेन्चिंग के कार्य किए जा रहे हैं एवं पुराने कार्यों में गाद निकालने ,बावड़ी सफाई आदि कार्यों की पूर्णता की दिनरात मॉनिटरिंग की जा रही है। इसी तारतम्य में खाचरौद जनपद में प्रथम चरण में सभी 130 पंचायतों में कम से कम एक शासकीय भवन में रूफ वाटर हार्वेस्टिंग करवाई गई है। इसके लिए पिछले एक हफ्ते से प्लानिंग की गयी ,तत्पश्चात सभी नोडल ,सचिव ,सहायक सचिव को वर्कशॉप के माध्यम से रूफ वाटर हार्वेस्टिंग निर्माण की ट्रेनिंग दी गयी। इसके बाद हर 3 पंचायत पर जनपद स्तरीय अधिकारी कर्मचारियों को नोडल बनाया गया जिनकी उपस्थिति में पंचायत के सरपंच ,सचिव ,जीआरएस के सहयोग से सभी 130 पंचायत में उपयोगी एवं गुणवत्तापूर्ण वाटर हार्वेस्टिंग का निर्माण किया गया।

## खाचरोद स्टेशन पर यात्रियों को नहीं मिला पानी, पेयजल संकट; रेलवे प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

ब्रह्मास्त्र ›› खाचरोद




रेलवे स्टेशन पर भीषण गर्मी के बीच यात्रियों को पीने के पानी के लिए परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। रेलवे की ओर से आधुनिक सुविधाओं पर करोड़ों रुपए खर्च करने के बावजूद, स्टेशन पर मूलभूत पेयजल सुविधा उपलब्ध न होने से यात्रियों में गहरा आक्रोश है।

जानकारी के अनुसार, भोपाल से दाहोद जाने वाली यात्री पैसेंजर ट्रेन के खाचरोद स्टेशन पहुंचते ही बड़ी संख्या में यात्री खाली बोतलें लेकर नलों की ओर दौड़े। हालांकि, अधिकांश नलों में पानी नहीं आने से उन्हें निराश लौटना पड़ा। तेज गर्मी और उमस के कारण छोटे बच्चों और बुजुर्गों को विशेष कठिनाई हुई।

प्रत्यक्षदर्शियों ने बताया कि स्टेशन पर काफी देर तक नलों में पानी नहीं आया। बाद में ट्रेन के गार्ड ने स्टेशन मास्टर को इसकी सूचना दी, जिसके बाद पानी का वॉल्व चालू किया गया। लेकिन, नलों से गर्म पानी निकलने लगा। यात्रियों ने आरोप लगाया कि रेलवे प्रशासन यात्रियों की बुनियादी सुविधाओं के प्रति गंभीर नहीं है।

स्थिति इतनी गंभीर हो गई कि कुछ यात्रियों को रेलवे कॉलोनी क्षेत्र से पानी मंगवाकर अपने बच्चों और परिवार के सदस्यों की प्यास बुझानी पड़ी। यात्रियों ने जोर देकर कहा कि भीषण गर्मी में रेलवे स्टेशनों पर ठंडे और स्वच्छ पेयजल की व्यवस्था अत्यंत आवश्यक है, लेकिन खाचरोद स्टेशन पर यह व्यवस्था पूरी तरह लचर दिखी।

### रेलवे प्रशासन पर लापरवाही का आरोप

रेल यात्रियों ने रेलवे मंत्रालय और स्थानीय रेलवे प्रशासन पर लापरवाही का आरोप लगाया। उन्होंने कहा कि करोड़ों रुपए स्टेशन के आधुनिकीकरण पर खर्च किए जा रहे हैं, जबकि यात्रियों को पीने का पानी तक उपलब्ध नहीं हो पा रहा है। यात्रियों ने मांग की है कि स्टेशन पर तत्काल पर्याप्त पेयजल व्यवस्था सुनिश्चित की जाए ताकि गर्मी के मौसम में उन्हें राहत मिल सके।

# शिप्रा का परिक्रमा पथ नहीं बना तो मोदी-मोहन सरकार का विदाई पथ बनेगा: आचार्य सत्यम

### 14 साल से वादे अधूरे, करोड़ों बर्बाद, शिप्रा को पहनाया कंक्रीट का कफन

### गंगा दशहरा पर नृसिंह घाट पर शुरू होगा आमरण अनशन

ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन

मालव रक्षा अनुष्ठान के संयोजक व अधिवक्ता आचार्य सत्यम सत्यनारायण पुरोहित ने केंद्र और राज्य सरकार पर पौराणिक नदी शिप्रा सहित देश की नदियों के अस्तित्व को खतरे में डालने का गंभीर आरोप लगाया है। उन्होंने चेतावनी दी है कि यदि नर्मदा की तर्ज पर शिप्रा का परिक्रमा पथ नहीं बना, तो यह मोदी और डॉ. मोहन यादव सरकार का विदाई पथ बन जाएगा। गाय, गंगा, गौरी और पर्यावरण संरक्षण की 14 वर्षों से हो रही अनदेखी के विरोध में वे गंगा दशहरा (मंगलवार, 26 तारीख) को प्रातः 10 बजे से नृसिंह घाट पर आमरण अनशन शुरू करेंगे।

### शिवराज सरकार का दिया हवाला

आचार्य सत्यम ने अपना वक्तव्य जारी करते हुए कहा कि हमने पूर्व की शिवराज सरकार के लिए भी कहा था कि यदि शिप्रा का परिक्रमा मार्ग नहीं बना तो सरकार का विदाई मार्ग बन जाएगा और वही हुआ। अब भगवती गंगा और शिप्रा का श्राप वर्तमान सरकारों को लगने वाला है। उन्होंने बताया कि इस आमरण अनशन और सत्याग्रह की सूचना राष्ट्रपति, प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री सहित स्थानीय प्रशासन और विपक्ष के नेताओं को भेज दी गई है।



### लिखित वचनों पर अमल नहीं, योजनाएं फेल

उन्होंने बताया कि 17 फरवरी 2012 को शिप्रा सेवा अनुष्ठान को संत एकलव्य जी के माध्यम से सूचित किया गया था कि सिंहस्थ 2016 के पूर्व नदी को प्रदूषण मुक्त कर दिया जाएगा। राष्ट्रीय नदी बचाओ योजना के अंतर्गत दोनों किनारों पर उद्यानीकरण और आदर्श गौशालाओं के माध्यम से गोपालन संवर्धन के लिखित वचन दिए गए थे। प्रदेश और केंद्र सरकार ने सैकड़ों करोड़ रुपए बर्बाद कर दिए, लेकिन वादे आज भी अधूरे हैं।

### नदी को पहनाया सीमेंट कंक्रीट का कफन

मार्च 2012 में उज्जैन में हुए 'शिप्रा रक्षा एवं श्रृंगार सम्मेलन' का जिक्र करते हुए आचार्य सत्यम ने कहा कि संतों व पर्यावरण प्रेमियों ने शिप्रा को आदर्श नदी बनाने की कार्ययोजना सरकार को सौंपी थी। इसमें नदी किनारे 50 श्रृंगार केंद्र, उद्यानीकरण, नर्सरी की स्थापना और संपूर्ण जलग्रहण क्षेत्र को जैविक खेती पर लाने का प्रस्ताव था। इस दिशा में कोई कदम नहीं उठाया गया, बल्कि शिप्रा के अस्तित्व को समाप्त करने के लिए खान डायवर्सन और 29 किलोमीटर लंबे घाटों का निर्माण कर नदी को सीमेंट-कंक्रीट का कफन पहना दिया गया।

## खबर एक नजर...

### वाल्मीकि समाज अधिकारी कर्मचारी संघ और लघुवेतन संघ ने किया नवनियुक्त अजा मोर्चा नगर अध्यक्ष का सम्मान

**उज्जैन।** भारतीय जनता पार्टी अनुसूचित जाति मोर्चा के नवनियुक्त नगर अध्यक्ष जितेंद्र भाटी का वाल्मीकि समाज अधिकारी कर्मचारी संघ संपूर्ण भारत इकाई उज्जैन और मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ द्वारा भव्य स्वागत किया गया। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और राज्यसभा सांसद बालयोगी उमेश नाथ की सहमति से भाटी को यह दायित्व मिलने पर अनुसूचित जाति वर्ग सहित कर्मचारी संगठनों में खासा उत्साह है। इस महत्वपूर्ण नियुक्ति पर हर्ष व्यक्त करते हुए वाल्मीकि समाज अधिकारी कर्मचारी संघ के संभाग अध्यक्ष हेमराज घावरी और मध्य प्रदेश लघुवेतन कर्मचारी संघ के जिला अध्यक्ष रवि सीहोते के नेतृत्व में पदाधिकारियों का प्रतिनिधिमंडल नवनियुक्त नगर अध्यक्ष के निवास पर पहुंचा। यहां ढोल-नगाड़ों की थाप के बीच भाटी को बाबा महाकाल का दुपट्टा ओढ़ाकर और पुष्पमाला पहनाकर उनका आत्मीय सम्मान किया गया तथा नई जिम्मेदारी के लिए शुभकामनाएं प्रेषित की गईं। संभाग मीडिया प्रभारी रामू हंस ने बताया कि स्वागत समारोह में संभाग अध्यक्ष हेमराज घावरी, जिला अध्यक्ष रवि सीहोते, संभाग उपाध्यक्ष जितेंद्र कुमार गोसर, संभाग महामंत्री दिनेश लावरे, संभाग मंत्री कुंदन गिरजे, जिला सचिव कमल फातरोड़, मुकेश रायकवार, जिला कोषाध्यक्ष दिनेश तंवर, मोहन लाल करोसिया, रवि चौहान, अजय डागर, भेरूलाल मालवीय, सुनील खत्री, कमल गोयल, बालमुकुंद मीणा, संतोष सोलंकी और सोनू खान आदि प्रमुख रूप से उपस्थित थे।

### इंदौर के उर्वीश कन्वेंशन में हुई घोषणा, तीन राज्यों के 2500 डेलिगेट्स रहे मौजूद



**उज्जैन।** शहर के लायन प्रवीण वशिष्ठ को इंदौर में आयोजित दो दिवसीय उर्वीश मल्टीपल कन्वेंशन में सर्वसम्मति से मल्टीपल काउंसिल चेयरमैन निर्वाचित किया गया है। वे वर्तमान में लायंस क्लब डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 के डिस्ट्रिक्ट गवर्नर हैं।

इस भव्य कन्वेंशन में मध्य प्रदेश, राजस्थान और छत्तीसगढ़ से करीब 2500 डेलिगेट्स ने सहभागिता की। अधिवेशन के दौरान जैसे ही उज्जैन के प्रवीण वशिष्ठ के नाम की घोषणा हुई, उपस्थित सदस्यों ने हर्षोल्लास के साथ इसका स्वागत किया। लायन वशिष्ठ अपनी सहजता, सरलता, सक्रिय कार्यशैली और सेवा के प्रति समर्पण के लिए लायंस परिवार में विशेष पहचान रखते हैं। उनके इस निर्विरोध निर्वाचन पर लायंस डिस्ट्रिक्ट 3233 जी-2 के सभी सदस्यों ने प्रसन्नता व्यक्त करते हुए उन्हें शुभकामनाएं दी हैं। सदस्यों ने विश्वास जताया है कि वशिष्ठ के नेतृत्व में संगठन और सेवा कार्यों को नई ऊंचाइयां मिलेंगी।

### मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में हो रहे रोमांचक मुकाबले

# अस्मिता राज्य बास्केटबॉल सब जूनियर बालिका चैंपियनशिप: आठ टीमों ने अगले दौर में किया प्रवेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन और उज्जैन कॉर्पोरेशन एरिया बास्केटबॉल एसोसिएशन के तत्वावधान में शहर में आयोजित हो रही अस्मिता मध्य प्रदेश राज्य बास्केटबॉल सब जूनियर बालिका वर्ग चैंपियनशिप में मेजबान उज्जैन सहित आठ टीमों ने अगले दौर में प्रवेश कर लिया है।

संगठन की सचिव ऋतु शर्मा ने बताया कि खेले गए रोमांचक मैचों में जीत दर्ज कर सिंगरौली जिला, इंदौर कॉर्पोरेशन, आरसीसी भोपाल, रतलाम जिला, एनबीए इंदौर, गुना जिला, भोपाल कॉर्पोरेशन और मेजबान उज्जैन कॉर्पोरेशन ने अपने-अपने ग्रुप से अगले दौर में जगह बनाई है। चैंपियनशिप के मुकाबले प्रतिदिन सुबह 6 से 9 और शाम 5 से रात 11 बजे तक खेले जा रहे हैं।

चैंपियनशिप में खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करने के लिए मुख्य अतिथि के रूप में उज्जैन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष मुकेश यादव उपस्थित रहे। विशेष अतिथि के रूप में मध्य प्रदेश बास्केटबॉल एसोसिएशन की टेक्निकल कमेटी के चेयरमैन राम तिवारी और साइकिल पोलो के अध्यक्ष विवेक वैद्य मौजूद थे। अतिथियों का स्वागत एसोसिएशन की अध्यक्ष ज्योति शर्मा, मधुबाला राठौर, राष्ट्रीय खिलाड़ी मनीषा पंवार, ममता गौड़ और रविशा लड्ढा ने किया। कार्यक्रम का संचालन मनीष धनौरिया ने किया एवं आभार प्रगति जैन ने माना।

### क्षिप्रा गंगा उत्सवः ऋग्वेद संहिता स्वाहाकार की हुई पूणार्हुति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

श्री गणेश वैदिकाश्रम उज्जयिनी द्वारा प्रतिवषार्नुसार मनाए जाने वाले श्री क्षिप्रा गंगा उत्सव के अंतर्गत रविवार को ऋग्वेद संहिता स्वाहाकार की पूणार्हुति हुई। सनातन धर्म के प्रचार-प्रसार के मूल उद्देश्य से यह पुनीत कार्य पूर्णतः निःस्वार्थ भावना से आयोजित किया गया। इस धार्मिक अनुष्ठान को महाराष्ट्र के नांदेड़ के शंखतीर्थकर आचार्य वेदमूर्ति नीलेश रामराव जोशी के आचार्यत्व में किया गया। उनके साथ पुणे के वेदमूर्ति सिद्धविनायक टाकलीकर, मुंबई के वेदमूर्ति सौरभ मुले, अंबाजोगाई के वेदमूर्ति रोहित केजकर, हिंगोली के वेदमूर्ति सारंग शार्दूल और नांदेड़ के वेदमूर्ति अथर्व कुलकर्णी ने वैदिक मंत्रोच्चार के साथ आहुतियां प्रदान कीं। इस स्वाहाकार के मुख्य यजमान दिलीप सामक परिवार रहे। कार्यक्रम की पूणार्हुति के पश्चात सामक परिवार द्वारा वेदमूर्ति स्व. गोपालराव सामक की स्मृति में पुणे के वेदमूर्ति सिद्धविनायक टाकलीकर का शॉल, श्रीफल, मानदेय और प्रशस्ति पत्र भेंट कर आत्मीय सम्मान किया गया। इस अवसर पर बड़ी संख्या में शहर की धर्मप्रेमी जनता उपस्थित रही और धर्मलाभ लिया।

### आचार्य नरेंद्र वैष्णव बने निमार्णाधीन आरोग्य हनुमान मंदिर के महंत

**उज्जैन।** शहर के सदावल मार्ग के समीप निमार्णाधीन आरोग्य हनुमान मंदिर के महंत की उपाधि आचार्य नरेंद्र वैष्णव को प्रदान की गई है। आचार्य वैष्णव अंकपात मार्ग अवंतिपुरा स्थित श्री चारभुजा मंदिर के पुजारी हैं और खाकी अखाड़ा परिवार के महंत व अखाड़ा परिषद के उपाध्यक्ष हरिहर रसिक के कृपापात्र शिष्य हैं।

यह गरिमामय समारोह रामा दल अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष महंत डॉ. रामेश्वर दास के सानिध्य में संपन्न हुआ। इस अवसर पर रामानंदी संत आश्रम के मणि शरण दास, भगवान दास, रूप किशोर रसिक, निवार्णी अखाड़े के महंत दिग्विजय दास, निमोर्ही अखाड़े के महंत चरण दास, नरसिंह दास, श्री त्रिवेणी शनि मंदिर के महंत राकेश दास और राजेंद्र दास सहित कई प्रमुख संत-महंत उपस्थित थे।

# शिप्रा तीर्थ परिक्रमा के लिए ऋणमुक्तेश्वर पर किया गया शिप्रा पूजन का आयोजन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन



शिप्रा तीर्थ परिक्रमा यात्रा का आयोजन 25 मई को किया जाएगा। यात्रा से पहले रणमुक्तेश्वर महादेव मंदिर के शिप्रा नदी तट पर मां शिप्रा का विधि-विधान से पूजन किया गया। कार्यक्रम मुक्तेश्वर महादेव मंदिर के महंत गादीपति महावीर नाथ के सान्निध्य में हुआ। महावीर नाथ ने बताया मुख्यमंत्री लंबे समय से इस यात्रा से जुड़े रहे हैं। उन्होंने कहा कि परिक्रमा मार्ग पर सुविधाओं और विकास कार्यों को प्राथमिकता दी गई है, ताकि श्रद्धालुओं को परेशानी न हो। शिप्रा तीर्थ परिक्रमा 25 मई को सुबह 9 बजे रामघाट से शुरू होगी।

# 'दो सत्य का मिलन है दोस्ती, जहां झूठ हो वहां मित्रता नहीं टिकती'

## सुदामा चरित्र व श्रीकृष्ण लीलाओं का हुआ मार्मिक वर्णन, विवाहित बेटियों का हुआ विशेष सम्मान

### भागवत कथा विश्रामः संत ने दिलाई परिवार के साथ भोजन करने और पॉलिथीन का उपयोग घटाने की शपथ

ब्रह्मास्त्र ▸▸ उज्जैन

पूज्य सिंधी भाईबंध पंचायत के तत्वावधान में अब्दालपुर स्थित संत लीला शाह कॉन्वेंट हायर सेकेंडरी स्कूल प्रांगण में चल रही भागवत कथा का समापन हुआ। पुरुषोत्तम मास के उपलक्ष्य में आयोजित इस कथा के अंतिम दिन शिव धारा आश्रम अमरावती के डॉ. संतोष देव जी महाराज ने श्रद्धालुओं को सामूहिक कर्तव्य का बोध कराते हुए पूरा परिवार एक साथ बैठकर भोजन करने और पॉलिथीन का न्यूनतम उपयोग करने की शपथ दिलाई। अंत में महाप्रसादी का आयोजन किया गया।

कृष्ण-सुदामा मिलन और भक्त नरसी मेहता के प्रसंगों ने किया भावुक

समिति और पंचायत अध्यक्ष दौलत खेमचंदानी ने बताया कि कथा में महाराज जी ने भगवान श्रीकृष्ण के 16108 विवाह के प्रसंग को स्पष्ट किया, जिसमें 16100 कन्याओं को कैद से मुक्त कराकर उन्हें सम्मान देना शामिल था। कथा में भक्त नरसिंह मेहता के विश्वास की सार्थकता, कृष्ण-सुदामा के मार्मिक मिलन और 'दोस्त' यानी 'दो सत का मिलन' की परिभाषा का सुंदर चित्रण किया गया। संत श्री ने कौरव-पांडव की द्यूत क्रीड़ा का उदाहरण देते हुए जुए जैसी बुराइयों से दूर रहने का संदेश दिया। उन्होंने बताया कि पृथ्वी लोक से बैकुंठ गमन करते समय भगवान श्रीकृष्ण ने अपनी सभी शक्तियां श्रीमद्भागवत पुराण में समाहित कर दी थीं।

पूज्य पंचायत की एक अनूठी पहल के तहत भागवत कथा में शहर से बाहर निवास करने वाली विवाहित बेटियों को विशेष रूप से आमंत्रित किया गया। इन सभी बेटियों का सम्मान संत श्री के हाथों संपन्न हुआ। इसके साथ ही पंचायत द्वारा कलश यात्रा में भाग लेने वाली श्रेष्ठ महिलाओं को भी सम्मानित किया गया।

### समाजसेवियों और विभिन्न संस्थाओं ने किया संत का स्वागत

कथा के दौरान संत श्री का स्वागत समाजसेवी महेश परयानी, गोपाल बलवानी, नरेश धनवानी, ताराचंद वासवानी, ईश्वर पटेल, चरण सिंह गिल, अभिषेक लाला, स्मिता पाठक, पूनम पवार, हंसा शर्मा और डिंपल चौरसिया ने किया। साथ ही सिख समाज, स्कूल स्टाफ, साईं पुरसनाराम भक्त मंडल, सिंधी कॉलोनी पंचायत, भारतीय सिंधु सभा, सिंधु जागृत समाज, भानुशाली पंचायत, सख्खर पंचायत, ब्रह्मा खत्री समाज, इंदिरा नगर पंचायत, माधव नगर पंचायत और हरे माधव मंडल ने भी स्वागत सत्कार किया। अतिथियों का स्वागत संरक्षक मुरलीधर कोटवानी, घनश्याम पेशवानी, लीला रामचंदनानी, कमल मोटवानी, उषा सेवारामानी और मुकेश सेवारामानी ने किया।

नृत्य व कला के क्षेत्र में उत्कृष्ट प्रस्तुति के लिए बिंदिया बलवानी, प्रेम पुरुसवानी, गोपी पुरुसवानी, जया थानी और निशा रामचांदनी को पुरस्कृत किया गया। भोजन प्रसादी की व्यवस्था रमेश बलवानी, ताराचंद वासवानी, महेश कोटवानी और महेश बलवानी ने संभाली। पूरी भागवत कथा में अहम भूमिका निभाने पर जेठानंद बलानी, जितेंद्र फुलवानी, प्रेम परसवानी, संतोष रामानी और महेश सेवारमानी का सम्मान किया गया।

आयोजन का सफल संयोजन घनश्याम दासवानी, सुरेश पुरुस्वानी, नरेश मूलचंदानी, भारती खेमचंदानी और राजकुमारी खेमचंदानी ने किया। कार्यक्रम के अंत में सचिव वीर कुमार मामनानी और नीतू बलवानी ने सभी का आभार माना।

पश्चिम रेलवे – रतलाम

ई –निविदा सूचना

वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर, पश्चिम रेलवे, रतलाम द्वारा निम्नलिखित कार्य /कार्यों के लिए खुली ई–निविदा **E-IND-CHLORINE-2026.** के विरूद्ध **अंतिम तिथि** – 23/06/2026, 15:30 बजे (सिंगल पैकेट सिस्टम) आमंत्रित की जाती है। बिडर केवल अंतिम तिथि एवं समय तक ही अपनी बिड जमा कर सकेंगे। इस निविदा के विरूद्ध मैन्युअल ऑफर की अनुमति नहीं है, और प्राप्त ऐसे किसी भी मैन्युअल ऑफर को अनदेखा कर दिया जाएगा। यदि किसी कारण–वश निविदा खुलने की नियत दिनांक को अवकाश घोषित किया जाता है तो संबंधित निविदायें अवकाश के अगले कार्य दिवस में नियत समय पर खोली जायेगी। **कार्य का नाम एंव स्थान** : कोचिंग डिपो इंदौर (IND) एवं डॉक्टर अम्बेडकर नगर (DADN) में आई.आर.–डी. आर. डी. ओ बायो– डाइजेस्टर टैंक में क्लोरीन फ़िल्टर का मोडिफिकेशन एवं स्थानांतरण, 150 लीटर सहायक रिज़र्वायर के कनेक्शन हेतु फीड पाइप लाइन एवं एयर सस्पेंशन लाइन में संशोधन, ब्रेक पैनल के रिज़र्वायर पर मेश कवर की व्यवस्था तथा एलएचबी कोचों के एलडब्ल्यूएलआरआरएम /एलएसएलआरडी में ट्रेन मैनजर कप्पार्टमेंट के हैंड ब्रेक इंडिकेटर में संबोधन। **कार्य की अनुमानित लागत** : ₹46,82,339.08/–, **बयाना राशि** : ₹93,600/–, **समापन अवधि** : एलओए जारी होने की तिथि से 12 महीने, **कार्यालय का पता जहां निविदा खुलेगी** : कार्यालय – वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर, **निविदा जमा करने का अंतिम तिथि एवं समय** : 23/06/2026, 15:30 बजे तक, **वेबसाईट व नोटिस बोर्ड जहां निविदा संबंधी सम्पूर्ण जानकारी प्राप्त की** जा सकती है : निविदाएं **IREPS** वेबसाईट **www.ireps.gov.in** पर देखी जा सकती है साथ ही इस संबंध में कोई भी जानकारी वरि. कोचिंग डिपो अधिकारी इंदौर, कार्यालय (प. रे.) से सभी कार्यालयीन दिवस पर प्राप्त की जा सकती है।

SNP-071

हमें फॉलो करें : x.com/WesternRly

## खबर एक नजर...

### संघ शिक्षा वर्ग में मातृहस्त भोजन कार्यक्रम आयोजित

**मंदसौर ।** नगर के संजीत मार्ग स्थित सरस्वती विहार में राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ का 15 दिवसीय संघ शिक्षा वर्ग चल रहा है, जिसके तहत च्च्मातृहस्त भोजनच्च कार्यक्रम संपन्न हुआ। इस अनूठे आयोजन में नगर के 154 परिवारों की मातृशक्ति ने अपने हाथों से भोजन बनाकर शिक्षार्थियों के साथ बैठकर स्नेहपूर्वक भोजन किया। कार्यक्रम के मुख्य वक्ता और अखिल भारतीय बौद्धिक शिक्षण प्रमुख सुनील सुखदेव भाई मेहता तथा नगर संघचालक विकास आचार्य मंचासीन रहे। अपने संबोधन में श्री मेहता ने संघ के शताब्दी वर्ष में पंच परिवर्तन-कुटुंब प्रबोधन, सामाजिक समरसता, पर्यावरण, स्वदेशी और नागरिक अनुशासन पर विशेष जोर दिया। उन्होंने कहा कि मोबाइल और टीवी के कारण परिवारों में संवाद कम हो रहा है, जिसे रोकने के लिए सभी को साथ बैठकर भोजन करना चाहिए। कार्यक्रम में पीयूष शर्मा और वर्ग के सर्वाधिकारी जिनेंद्र कुमार जैन की उपस्थिति में संत शिरोमणि रविदास जी के 650वें जन्म जयंती वर्ष के निमित्त उनके जीवन प्रसंग सुनाए गए। इसके पूर्व शिक्षार्थियों ने आकर्षक पथ संचलन निकाला, जो महारानी लक्ष्मीबाई चौराहे से होते हुए वापस वर्ग स्थल पहुँचा।

### मालवी हास्य कवि दुर्गेश नागदा का निधन

नीमच। शहर के उपनगर नीमच सिटी निवासी कवि हंसमुख के नाम से प्रसिद्ध अंचल के प्रसिद्ध कवि व साहित्यकार दुर्गेशजी नागदा का शनिवार प्रातः 86 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वे स्व. हीरालाल जी नागदा के सुपुत्र तथा विनायक, नवीन नागदा (पूर्व पार्षद) के पिताजी तथा थे। वे स्वभाव से भी हंसमुख, मिलनसार, धार्मिक एवं सेवाभावी प्रवत्ति वाले दुर्गा शंकरजी नागदा क्षेत्र में दुर्गेश नागदा हंसमुख के नाम से लोकप्रिय थे। वे मालवी भाषा के हास्य कवि होकर अंचल ही नहीं, बल्कि प्रदेश के दूर-दूर तक कवि सम्मेलनों में अपनी मालवी भाषा की कविताओं से सभी को गुदगुदाते थे। अभी श्रीनाथदा ने शहर की कृति संस्थान सहित अनेक मंचों पर काव्य पाठ किया। शनिवार को खेड़ी मोहला स्थित निवास से उनकी अंतिम यात्रा निकाली और रामपुरा दरवाजा नीमच सिटी स्थित मुक्तिधाम पर उनका अंतिम संरकार किया गया यहाँ पर आयोजित शोक सभा में उमरावसिंह राठौर, विजय बाफना, संदीप लोढा, एडवोकेट मुकेश भटनागर, जनरेलसिंह चौहान, बाबूलाल नागदा एवं लक्ष्मी नारायण नागदा सहित उपस्थितजनों ने शोक श्रद्धांजलि अर्पित की।

### जावरा के इंजीनियरो ने नाम रोशन किया

जावरा । पॉलिटेक्निक कॉलेज के पूर्व छात्रों का दो दिवसीय स्नेह मिलन समारोह का उद्घाटन द ग्रैंड पदमा रिजॉर्ट्स जावरा में कार्यक्रम अध्यक्ष इंजी के एल टाक एवं समिति द्वारा दीप प्रज्वलन, मां सरस्वती व विश्वे शरय्या जी के चित्र पर माल्यार्पण के साथ आरंभ हुआ। प्रथम सत्र मैं स्वागत भाषण देते हुए कार्यक्रम अध्यक्ष इंजीनियर के एल टांक ने कहा कि पूर्व छात्र मिलन समारोह के माध्यम से हमारे जीवन में पुराने दोस्तों से मिलकर नई ऊर्जा का संचार होता है तथा वर्तमान जीवन को सार्थक बनाता है।

# सिंगोली के समीप बस खाई में उतरी, 20 यात्री घायल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नीमच

जिले के सिंगोली तहसील स्थित तिलस्वा घाट पर रविवार को एक भीषण सड़क हादसे ने पूरे इलाके को दहला दिया है। जानकारी अनुसार भीलवाड़ा से सिंगोली की ओर आ रही 'एक निजी यात्री बस तिलस्वा घाट के खतरनाक मोड़ पर अचानक अनियंत्रित हो गई। देखते ही देखते बस अपना संतुलन खोकर सीधे गहरी खाई में जा गिरी। प्रत्यक्षदर्शियों अनुसार अनियंत्रित बस खाई में गिरते समय करीब तीन बार पलटी खाती हुई गिरी । बस में लगभग 30 यात्री सवार थे। खाई में गिरते । कई घायलों को खरोंच और रगड़ के साथ-साथ चोटे आई हैं.



घटना की सूचना मिलते ही सिंगोली पुलिस और स्थानीय प्रशासन में हड़कंप मच गया। आनन-फानन में पुलिस टीम मौके पर पहुंची और युद्ध स्तर पर राहत व बचाव कार्य शुरू किया गया। स्थानीय लोगों और पुलिस की मदद से घायलों को तत्काल बाहर निकालकर एंबुलेंस और अन्य निजी वाहनों के जरिए अस्पताल रवाना किया गया है। हालांकि, अभी तक घायलों की सही संख्या और उनकी स्थिति को लेकर प्रशासन की ओर से आधिकारिक पुष्टि



नहीं हुई है, लेकिन कुछ २ गंभीर घायल को जिला अस्पताल नीमच भेजा गया है? हादसे के तुरंत बाद घटनास्थल पर मौजूद राहगीरों और स्थानीय ग्रामीणों ने प्रशासन के खिलाफ भारी आक्रोश व्यक्त किया है। उन्होंने स्थानीय प्रशासन से खतरनाक मोड़ को तत्काल सुधारने और सुरक्षा व्यवस्था पुख्ता करने की मांग की है। फिलहाल, पुलिस पूरे मामले की गंभीरता से जांच कर रही है।

# आराधिका डॉ. कुमुदलता महाराज सा. का रतलाम में हुआ भव्य मंगल प्रवेश

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम

जगत वल्लभ जैन दिवाकर परम पूज्य गुरुदेव श्री चौथमलजी म.सा. एवं आचार्य सम्राट डॉ. शिवमुनिजी म.सा. की आज्ञानुवर्तिनी, परम पूज्या कमलावती म.सा. की सुशिष्या, अनुष्ठान आराधिका, ज्योतिष चंद्रिका शासन प्रभाविका साध्वी डॉ. कुमुदलताजी म.सा. का रतलाम नगर में भव्य मंगल प्रवेश हुआ।

डॉ. कुमुदलताजी म.सा. के साथ डॉ. महाप्रज्ञाजी म.सा., डॉ. पदमकीर्तिजी म.सा. एवं साध्वी राजकीर्तिजी म.सा. आदि ठाणा ४ का सुमंगल गार्डन से नगर आगमन हुआ। इस दौरान जैन समाज के प्रबुद्ध जनों संघ रत्न इंदर मल जैन, संघ गौरव महेन्द्र बोथरा आदी ने भव्य अगवानी की। यह मंगल प्रवेश यात्रा जैन दिवाकर स्मारक



पर पहुँचकर धर्मसभा में परिवर्तित हुई।

श्रीसंघ मीडिया प्रभारी निलेश बाफना ने बताया की पूज्य महासतिया जी अपना भीलवाड़ा चातुर्मास पूर्ण कर रतलाम पधारे जो तप चकेश्वरी आयम्बिल तप आराधिका अरूणप्रभाजी मसा, श्री गुरूकितीर्जी मसा, श्री गुरूनिधीजी मसा, श्री अरूणकितीर्जी मसा आदि ठाणा के 4 सानिध्य में पगारिया परिवार नागपुर के सौजन्य से जैन दिवाकर स्मारक पर आयोजित 10 दिवसीय श्री जैन दिवाकर लर्न एण्ड टर्न शिविर जो 25 मई को समापन उसमे धर्मसभा को सम्बोधित करेंगी। उसके पश्चात 27 मई को पुज्य गुरूदेव श्री मोहनमुनिजी मसा का पुण्यस्मृति दिवस मै भी उपस्तिथ रहेगी। उक्त सभी कार्यक्रम जैन दिवाकर स्मारक सागोद रोड पर होंगे। समस्त कार्यक्रमों में पधारने का आव्हान श्री संघ अध्यक्ष अजय खमेसरा, मणिलाल कटारिया, सुरेश कटारिया, ललित पटवा, प्रेमकुमार जैन मोगरा, महामंत्री विनोद कटारिया, अमृत कटारिया, विनोद बाफना, जयंतीलाल डाँगी, नवयुवक मंडल अध्यक्ष आशीष कटारिया, महामंत्री वीरेंद्र कटारिया, अरिहंत बोराना, विपिन कटारिया, संजय मेहता, रितेश मूणत, विकास कटारिया,

रीना गाँधी, ऋतु कटारिया, समता पितलिया, प्रवीणा भटेवरा, मोनिका मेहता, राखी गाँधी, पिंकी पटवा, ऋतु कटारिया, छाया मुरार, ज्योति मेहता, मीना जी बोथरा, उषा बोथरा, सुशीला बाफना रक्षिता पटवा, सुहानी पटवा , लक्ष्य कटारिया, श्रेयांस बाफना, शुभ बोराणा आदि ने आव्हान किया है।

### नीमच के पुलिस थानों में सौ से अधिक गुण्ड़ों की कराई परेड

**नीमच।** जिले में कानून-व्यवस्था को और अधिक मजबूत बनाने के उद्देश्य से पुलिस अधीक्षक श्री राजेश व्यास के निर्देशन में एक विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत गुण्ड़ों, निगरानीशुदा व्यक्तियों एवं पूर्व अपराधियों को थाना/चौकी बुलाकर थाना पर उनकी गतिविधियों की जांच हेतु थाना परेड कराई जा रही है। जिला नीमच के पुलिस थानों एवं चौकियों में दिनांक 24 मई को एसपी श्री राजेश व्यास के निर्देशन, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री नवल सिंह सिसोदिया, नगर पुलिस अधीक्षक सुश्री किरण चौहान, अनुविभागीय अधिकारी पुलिस जावद श्री रोहित राठौर एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस मनासा श्रीमति निकीता सिंह के मार्गदर्शन में जिलें के सभी पुलिस थानों में पर गुण्ड़ों, निगरानीशुदा व्यक्तियों एवं पूर्व अपराधियों को थाना/चौकी बुलाकर थाना उपस्थिति दर्ज की गई एवं उनकी गतिविधियों की विस्तृत समीक्षा की जाकर डोजीयर भरवाया गया।

## हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती पर शौर्य गाथा पर हुआ व्याख्यान



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंदसौर

राजपूत सिंह सभा द्वारा अंतिम हिंदू सम्राट पृथ्वीराज चौहान की जयंती के अवसर पर एक विशेष व्याख्यानमाला का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता संगठन के संयोजक एम.पी. सिंह परिहार ने की, जबकि मुख्य अतिथि के रूप में श्री नटनागर शोध संस्थान सीतामऊ के प्रसिद्ध इतिहासकार डॉ. सहदेव सिंह चौहान उपस्थित रहे। कार्यक्रम की शुरूआत में अतिथियों ने सम्राट पृथ्वीराज चौहान के चित्र पर माल्यार्पण कर उन्हें नमन किया।

इस दौरान एड. जोगिंदर सिंह तोमर और शंभू सिंह चुंडावत ने सम्राट की वीरता और क्षत्रिय समाज के लिए उनके योगदान पर प्रकाश डाला। संगठन के संयोजक एम. पी. सिंह परिहार ने चंद्रबरदाई के प्रसिद्ध दोहे च्चार बांस चौबीस गज.ज की व्याख्या करते हुए सम्राट की शब्दभेदी बाण चलाने की अद्भुत क्षमता और मोहम्मद गोरी के वध के ऐतिहासिक प्रसंग को विस्तार से समझाया।

मुख्य अतिथि डॉ. सहदेव सिंह चौहान ने इतिहास के विभिन्न ग्रंथों के संदर्भों के साथ सारगर्भित जानकारी दी। कार्यक्रम का संचालन बृजेंद्र सिंह चौहान ने किया और आभार विजेंद्र सिंह चौहान ने व्यक्त किया। इस अवसर पर जसवंत सिंह, हरनाथ सिंह, भरत सिंह और अजय सिंह सहित समाज के कई वरिष्ठ जन उपस्थित रहे।

## नगर निगम रतलाम ने 5 कबाड़ा व्यवसायियों के कबाड़ गोदाम हटाये

### कबाड़ा जब्त कर जुलवानिया ट्रेंचिंग ग्राउण्ड पहुंचाया

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रतलाम



नगर निगम द्वारा शहर से कबाड़ा व्यवसायियों को हटाये जाने की कार्यवाही के तहत नगर निगम, जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की संयुक्त दल द्वारा नगर से 5 कबाड़ा व्यवसायियों के कबाड़ गोदाम हटाकर जब्त किया गया कबाड़ को जुलवानिया टेऊचिंग ग्राउण्ड पंहूचाया गया।

नगर निगम, जिला प्रशासन व पुलिस प्रशासन की संयुक्त दल द्वारा )ख्वाजा हुसैन पिता उस्मान हुसैन. पता योगेश्वर महादेव मंदिर के सामने अमृत सागर, गौतम सिसोदिया पिता मोहन सिसोदिया पता मोती नगर, सागर पिता मांगीलाल पता मोती नगर, एजाज अहमद मंसूरी अल शिफा फर्नीचर पता मोती नगर व मोहम्मद सिद्दीक ज्मोहम्मद नासिर पता शंकरगढ के कबाड़ गोदाम को हटाया गया वहीं जब्त कबाड़ को जुलवानिया टेऊचिंग ग्राउण्ड पंहूचाया गया।

रतलाम शहर के रहवासी क्षेत्र की कबाड़ा दुकानों को शहर से बाहर स्थानांतरित किये जाने हेतु माननीय न्यायालय द्वारा दिये गये निर्देश के तहत दुकानों को स्थानांतरित किये जाने हेतु पर्याप्त पुलिस बल व कार्यपालक दण्डाधिकारी नियुक्त किये जाने हेतु जिला कलेक्टर मिशा सिंह को महापौर प्रहलाद पटेल के निदेर्शानुसार निगम आयुक्त अनिल भाना द्वारा पत्र प्रेषित किया गया था आज पर्याप्त दल उपलब्ध होने पर कबाड़ा गोदामों को हटाने की कार्यवाही की गई।

रतलाम शहर के रहवासी क्षेत्र में लगभग 85 कबाड़ो की दुकानो को हटाये जाने हेतु नगर निगम द्वारा दिनांक 19 दिसम्बर 2025 सूचना पत्र जारी किये गये थें। कबाड़ा व्यापारियों द्वारा नगर निगम द्वारा जारी किये गये सूचना पत्र के संबंध में दायर याचिका को न्यायालय ने याचिका को खारिज कर अपनी-अपनी कबाड़े की दुकानो को रतलाम शहर से बाहर स्थानांतरित करने हेतु निर्देशित किया गया है।

## शराबी मेहमान ने खुद पर पेट्रोल उड़ेला, मासूम झुलसा:

# खंडवा में नशे में साडू के घर किया विवाद; दोनों की हालत गंभीर, मेडिकल कॉलेज रेफर

ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

जिले के हरसूद थाना क्षेत्र के नवलपुरा गांव में शनिवार-रविवार की दरम्यानी रात एक दर्दनाक घटना सामने आई। यहां साडू भाई के घर मेहमान बनकर आए एक युवक ने शराब के नशे में विवाद के बाद खुद पर पेट्रोल डालकर आग लगा ली। यह आग घर में रखे भूसे तक फैल गई, जिसकी चपेट में आकर 3 साल का एक मासूम बच्चा भी गंभीर रूप से झुलस गया। पुलिस ने दोनों को गंभीर हालत में खंडवा मेडिकल कॉलेज अस्पताल रेफर कराया है।



जानकारी के अनुसार, नया हरसूद (सेक्टर-6) का रहने वाला 32 वर्षीय राहुल नायक शनिवार रात अपने साडू भाई लालाराम पवार के घर नवलपुरा टांडा आया था। देर रात करीब डेढ़ बजे परिवार में किसी बात को लेकर विवाद शुरू हो गया। बताया जा रहा है कि उस वक्त राहुल शराब के नशे में था। विवाद के दौरान ही उसने गुस्से में आकर अपने शरीर पर पेट्रोल छिड़क लिया और खुद को आग के हवाले कर दिया।

राहुल के शरीर में आग लगते ही लपटें तेजी से फैलने लगीं और पास ही घर में रखे भूसे ने भी आग पकड़ ली। इसी दौरान वहां मौजूद लालाराम पवार का 3 वर्षीय बेटा प्रिंस भी इन लपटों की चपेट में आ गया और गंभीर रूप से झुलस गया। इस अचानक हुई घटना से परिवार में चीख-पुकार और अफरा-तफरी मच गई। शोर सुनकर आसपास के ग्रामीणों ने मौके पर पहुंचकर आग बुझाने का प्रयास किया।

### डायल-112 और पुलिस ने तत्काल पहुंचाया अस्पताल

घटना की सूचना मिलते ही हरसूद थाना पुलिस की टीम और डायल-112 मौके पर पहुंची। हेड कांस्टेबल पवन नायक और वाहन पायलट श्रीकांत शर्मा ने तत्परता दिखाते हुए दोनों घायलों को फौरन हरसूद के शासकीय अस्पताल पहुंचाया।

प्राथमिक उपचार के बाद डॉक्टरों ने दोनों की गंभीर स्थिति को देखते हुए उन्हें खंडवा मेडिकल कॉलेज रेफर कर दिया है। हरसूद थाना प्रभारी राजकुमार राठौर ने बताया कि प्रारंभिक जांच में नशे की हालत में यह आत्मघाती कदम उठाने की बात सामने आई है।



## गौतमपुरा को मिली नई एंबुलेंस, मरीजों को अब मिलेगी चिकित्सा सुविधा

गौतमपुरा। जिला मुख्यालय से करीब 55 किलोमीटर दूर स्थित नगर गौतमपुरा एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के मरीजों को लंबे समय से बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं के लिए बड़े अस्पतालों तक पहुंचने में परेशानियों का सामना करना पड़ रहा था। खासकर एंबुलेंस की कमी के कारण गंभीर मरीजों को समय पर उपचार नहीं मिल पाता था। नगरवासियों और ग्रामीणजनों की इस समस्या को देखते हुए क्षेत्रीय विधायक मनोज पटेल ने स्वास्थ्य सेवाओं को मजबूत करने की दिशा में नगर गौतमपुरा को नई एंबुलेंस उपलब्ध कराई। नई एंबुलेंस सेवा शुरू होने से अब मरीजों को त्वरित उपचार एवं बेहतर चिकित्सा सहायता मिल सकेगी। एंबुलेंस मिलने से नगर एवं आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों में हर्ष का वातावरण है। विधायक मनोज पटेल ने 23 मई 2026 को नगर परिषद परिसर में आयोजित समारोह में एंबुलेंस का लोकार्पण कर इसे नगर गौतमपुरा को समर्पित किया। कार्यक्रम का संचालन जैनम जैन ने किया।

## बड़वानी की स्नेहा दावदे का भारतीय यू -18 महिला हॉकी टीम में चयन

बड़वानी। हॉकी इंडिया द्वारा जापान के काकामीगाहारा शहर मे 26 मई से 6 जून तक आयोजित होने वाली एशियाई महिला हॉकी चैंपियनशिप के लिए यू18 महिला हॉकी टीम की घोषणा की गई जिसमे बड़वानी शहर की बेटी स्नेहा दावदे को भारतीय टीम में सम्मिलित किया गया है।हॉकी कोच श्री मुकेश राठौर ने बताया कि स्नेहा दावदे द्वारा रांची में आयोजित राष्ट्रीय हॉकी चैंपियनशिप मे किए गये उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर राष्ट्रीय कैंप में जगह बनाई, जहां पर ऑस्ट्रेलिया टीम से चार मैचो की सीरीज में अपने किए गए उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर भारतीय टीम में चुन ली गईं हैं। स्नेहा दावदे मिड फील्डर ( सेंटर हाफ) की भूमिका में खेलती है। स्नेहा दावदे द्वारा पूर्व मे कई राष्ट्रीय स्तर की प्रतियोगिताओं में मध्य प्रदेश का प्रतिनिधित्व करते हुए अपने उत्कृष्ट प्रदर्शन के आधार पर श्रेष्ठ खिलाड़ी का पुरस्कार प्राप्त कर चुकी है स्नेहा दावदे की यह उपलब्धि उसकी कड़ी मेहनत जुनून और अनुशासन की जीत है। स्नेहा दावदे का सपना ओलंपिक में भारतीय टीम का प्रतिनिधित्व करना है वर्तमान में ग्वालियर राष्ट्रीय महिला हॉकी अकादमी में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही है । स्नेहा दावदे भारतीय टीम के साथ 25 मई को भोपाल से दिल्ली होते हुए जापान के लिए प्रस्थान करेगी । जहां एशिया की दिग्गज टीमो कोरिया, मलेशिया, चीन, सिंगापुर, जैसे सशक्त टीमों से मुकाबला होगा ।

## कार से आए बदमाश, दाना डालकर चुराई 10 बकरियां:खंडवा में लग्जरी गाड़ी से पशु चोरी;



ब्रह्मास्त्र ▸▸ खंडवा

शहर की पंधाना रोड स्थित सब्जी मंडी में शनिवार दोपहर बकरी चोरी की एक हैरान करने वाली वारदात सामने आई है। यहां नीले रंग की एक लग्जरी कार (टाटा अल्ट्रोज) से आए बदमाश बेहद शातिर तरीके से 8 से 10 बकरियों को दाना खिलाने के बहाने कार में डालकर फरार हो गए। यह पूरी घटना वहां लगे सीसीटीवी कैमरे में कैद हो गई है, जिसके आधार पर पुलिस ने आरोपियों की तलाश शुरू कर दी है।

शनिवार दोपहर करीब 12 से 12:30 बजे के बीच कार सवार कुछ बदमाश मंडी क्षेत्र में पहुंचे। उन्होंने पहले वहां खड़े ट्रकों और अन्य वाहनों की आड़ ली ताकि किसी को शक न हो। सीसीटीवी फुटेज में स्पष्ट रूप से दिख रहा है कि कार में कुछ लोग बैठे हुए थे, जबकि बाहर निकले उनके साथियों ने बकरियों को दाना डालना शुरू किया।

जैसे ही बकरियां दाना खाने उनके करीब आईं, आरोपियों ने उन्हें उठाकर कार की बीच वाली सीट पर डाल दिया और कुछ ही मिनटों में वहां से फरार हो गए।

### शाम तक घर नहीं लौटीं बकरियां तो हुआ खुलासा

बुरहानपुर नाका निवासी पशुपालक शुभम यादव ने बताया कि वे रोजाना अपनी बकरियों को खुले में चरने के लिए छोड़ते हैं। बकरियां दिनभर मंडी और आसपास के क्षेत्र में घूमने के बाद शाम तक खुद घर लौट आती थीं। लेकिन शनिवार शाम तक जब बकरियां वापस नहीं आईं, तो उन्होंने तलाश शुरू की। काफी ढूंढने के बाद भी जब कुछ पता नहीं चला, तो दुकानों और मंडी परिसर में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे गए, जिसके बाद कार से हुई इस चोरी की वारदात का खुलासा हुआ।

## श्री लक्ष्मीनारायण ग्यारह कुंडात्मक महायज्ञ धार्मिक आस्था और भक्ति भाव के साथ हो रहा है

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर

नगर के नर्मदा तट स्थित ब्राह्मण घाट पर सात दिवसीय बैकुंठनाथ श्री लक्ष्मीनारायण ग्यारह कुंडात्मक महायज्ञ धार्मिक आस्था और भक्ति भाव के साथ जारी है।

श्री श्री 1008 राघवदास जी महाराज के सानिध्य और संत रामेश्वरदास फलाहारी उज्जैन व श्री जगदीशदास जी (राजस्थान) के मार्गदर्शन तथा आचार्य पं. दिपेश उपाध्याय, उपाचार्य पं. दिलीप, त्यागी ब्रह्मा व पं. दिलीप सोहनी के आचार्यत्व में चल रहे इस महायज्ञ में अब तक 104 जोड़े शामिल होकर यज्ञ कुंड में आहुतियां दे चुके हैं। रविवार को 22 जोड़ों ने विधि-विधान से पूजा-अर्चना कर यज्ञ में सहभागिता निभाई। आयोजन समिति के अनुसार 35 वर्ष पूर्व इस तरह का महायज्ञ हुआ था। सुबह से देर शाम तक बड़ी संख्या में लोग यज्ञ स्थल पहुंच कर यज्ञशाला की परिक्रमा कर रहे हैं। सोमवार को अंतिम दिन महायज्ञ में पूणार्हुति डाली जाएगी। जिसके बाद भंडारा प्रसादि का वितरण भी किया जाएगा।महायज्ञ में प्रतिदिन बड़ी मात्रा में पूजन सामग्री का उपयोग किया जा रहा है। आयोजन में रोजाना लगभग 60 किलो देसी घी, 80 किलो लकड़ी, 50 किलो गाय के गोबर के कंडे तथा 120 किलो हवन सामग्री उपयोग में लाई जा रही है। मुख्य हवन कुंड में पूरे समय देसी घी की अखंड धार प्रवाहित की जा रही है, जिससे वातावरण भक्तिमय बना हुआ है।श्री श्री 1008 राघवदास जी महाराज ने बताया महायज्ञ के दौरान 11 कुण्डों में से प्रधान कुंड में अखंड ज्योत प्रज्वलित रहती है। जिसके लिए पूरे समय देसी घी की अखंड धार प्रवाहित होती रहती है। उन्होंने बताया दिन के समय हवन आदि अनुष्ठान के लिए अलग ब्राह्मणों की सेवाएं ली जाती हैं। जबकि रात्रि में हवन कुंडों की सेवा और सुरक्षा के लिए संकल्पित अलग ब्राह्मण होते हैं। हर कुंड का नाम अलग होता है और हर कुंड के देवता भी अलग होते हैं। इसीलिए जो ब्राह्मण जिस कुंड का ज्ञाता होता है, वह उस कुंड की सेवा का संकल्प लेता है। महायज्ञ की व्यवस्था में ब्राह्मण दिन-रात सेवा दे रहे हैं। वैदिक मंत्रोच्चार और हवन की सुगंध से पूरा नर्मदा तट भक्तिमय वातावरण में डूबा हुआ है।

## बड़वानी में 25 मई को हर्षोल्लास के साथ मनाया जाएगा गौरव दिवस

बड़वानी। प्रतिवर्ष की भांति इस वर्ष भी 25 मई (सोमवार) को बड़वानी का ष्गौरव दिवसष पूरी श्रद्धा, उत्साह और भव्यता के साथ मनाया जाएगा। गौरव दिवस के अवसर पर पावन नर्मदा नदी के तट श्राजघाटश पर विभिन्न धार्मिक, सांस्कृतिक और सामाजिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जा रहा है। इस विशेष अवसर पर जिला प्रशासन द्वारा जनभागीदारी के साथ कई भव्य कार्यक्रमों की रूपरेखा तैयार की गई है, जिसकी शुरूआत प्रातः 7 बजे राजघाट पर वृहद स्वच्छता श्रमदान कार्यक्रम से होगी,जिसमें जनभागीदारी सुनिश्चित की जाएगी। इसके पश्चात,सायं 6 बजे मां नर्मदा की विधि-विधान से पूजा-अर्चना की जाएगी और मां नर्मदा को भव्य चुनरी अर्पित की जाएगी। सायं 6.30 बजे पारंपरिक आटे के दीपकों से भव्य श्दीपदानश और सायं 7 बजे से श्माँ नर्मदा जी की भव्य महाआरती, प्रसाद वितरण एवं सुमधुर भजन संध्याश का आयोजन किया जाएगा। जिला प्रशासन और आयोजन समिति ने बड़वानी के सभी गणमान्य नागरिकों, प्रबुद्ध जनों, युवाओं और माताओं-बहनों को अपने इष्ट मित्रों और सपरिवार इस गौरवमयी आयोजन में सादर आमंत्रित किया है।

## विश्व हिन्दू परिषद ने गौवंश हत्या व तस्करी रोकने हेतु सौंपा ज्ञापन

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मंडलेश्वर

विश्व हिन्दू परिषद, गो रक्षा विभाग एवं देशी गौवंश संरक्षण संवर्धन न्यास द्वारा गौवंश हत्या एवं गौ तस्करी पर रोक लगाने की मांग को लेकर महामहिम राज्यपाल मंगू भाई पटेल के नाम एक ज्ञापन एसडीएम पूर्वा मंडलोई को सौंपा गया।

ज्ञापन में प्रदेश में लगातार बढ़ रही गौ तस्करी एवं गौवंश हत्या की घटनाओं पर गहरी चिंता व्यक्त करते हुए दोषियों के खिलाफ कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की गई।संगठन के पदाधिकारियों ने कहा कि गौ माता भारतीय संस्कृति, सनातन परंपरा एवं आस्था का महत्वपूर्ण आधार है। गौवंश की रक्षा करना समाज और प्रशासन दोनों की जिम्मेदारी है।

ज्ञापन में उल्लेख किया गया कि प्रदेश के विभिन्न क्षेत्रों में लगातार गौ तस्करी एवं अवैध परिवहन के मामले सामने आ रहे हैं, जिससे आमजन में भारी आक्रोश व्याप्त है।विश्व हिन्दू परिषद एवं गो रक्षा विभाग के कार्यकर्ताओं ने मांग की कि गौवंश हत्या एवं तस्करी में संलिप्त आरोपियों पर कठोर धाराओं में प्रकरण दर्ज कर सख्त सजा दी जाए। साथ ही अवैध गौ परिवहन पर रोक लगाने के लिए पुलिस एवं प्रशासन द्वारा निरंतर निगरानी रखी जाए तथा प्रभावी कार्रवाई सुनिश्चित की जाए।संगठन ने चेतावनी देते हुए कहा कि यदि शीघ्र ही ठोस एवं प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई तो व्यापक स्तर पर आंदोलन किया जाएगा, जिसकी समस्त जिम्मेदारी प्रशासन की होगी।

## कलश यात्रा से श्रीमद् भागवत महोत्सव शुरू

**खरगोन.** खरगोने शहर के रविंद्र नगर में श्रीमद् भागवत रसपान महोत्सव का शुभारंभ रविवार को कलश शोभायात्रा से हुआ। कथा के पहले दिन व्यासपीठ से इंदौर स्थित मदन मोहनलाल मंदिर (पुष्टिमार्गीय हवेली) के भागवताचार्य अनुराग मुखिया ने भागवत महापुराण की महिमा का वर्णन किया। उन्होंने कहा भागवत कथा जीवन को प्रभु भक्ति से जोड़ने का माध्यम है। कथा में रोजाना सत्संग व प्रभु के विविध मनोरथों का आयोजन होगा। साथ ही विभिन्न धार्मिक व सांस्कृतिक कार्यक्रमों का आयोजन किया जाएगा।



# ध्रुव राठी बोले- मोदी जहां भी जाएं, उन्हें शर्मिंदा करें

## भड़कीं एक्ट्रेस गुल पनाग; बोलीं- विदेशी धरती पर प्रधानमंत्री पद का मजाक उड़ाना गलत

बॉलीवुड एक्ट्रेस गुल पनाग ने सोशल मीडिया पर यूट्यूबर ध्रुव राठी के एक पोस्ट की आलोचना की है। ध्रुव राठी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को लेकर एक पोस्ट लिखा था, जिसमें उन्होंने पीएम को विदेशी धरती पर शर्मिंदा करने की बात कही थी। इस पर जवाब देते हुए गुल पनाग ने कहा कि सरकार से असहमत होना और विरोध करना लोकतंत्र का हिस्सा है, लेकिन विदेश में देश के प्रधानमंत्री और उनके पद का मजाक बनाना ठीक नहीं है। एक्ट्रेस के मुताबिक, ऐसा करने से देश की संस्थाएं और खुद भारतीय कमजोर होते हैं।

ध्रुव राठी ने लिखा- मोदी को शर्मिंदा करें यूट्यूबर ध्रुव राठी ने 19 मई को एक्स (पहले ट्विटर) पर एक पोस्ट शेयर किया था। इसमें उन्होंने लिखा था कि मोदी जहां भी जाएं, उन्हें हर जगह शर्मिंदा किया जाना चाहिए। प्रधानमंत्री बनने के बाद पिछले 12 साल में उन्होंने एक भी प्रेस कॉन्फ्रेंस नहीं की है।

ध्रुव राठी ने आगे लिखा कि वे दूसरे देशों के विदेशी पत्रकारों से भी कहेंगे कि वे पीएम मोदी से जहां भी मिलें, उनसे सवाल जरूर पूछें। उन्हें लोगों के सामने जवाब देने के लिए मजबूर करें। ध्रुव राठी के इस पोस्ट के बाद सोशल मीडिया पर बहस शुरू हो गई थी। पत्रकार के वीडियो के बाद शुरू हुआ विवाद यह पूरा विवाद प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नॉर्वे दौरे के बाद शुरू हुआ। ओस्लो में नॉर्वे की पत्रकार हेले लेंग ने प्रधानमंत्री से भारत में मानवाधिकारों और लोकतंत्र को लेकर सवाल पूछने की कोशिश की थी। इस दौरान पीएम मोदी बिना जवाब दिए आगे बढ़ गए थे। इस घटना का वीडियो सामने आने के बाद सोशल मीडिया दो हिस्सों में बंट गया था, जिसके बाद ध्रुव राठी ने पत्रकार के समर्थन में यह पोस्ट लिखा था। विरोध करना अलग, लेकिन यह तरीका सही नहीं ध्रुव राठी के इस पोस्ट को री-पोस्ट करते हुए गुल पनाग ने लिखा कि आप किसी प्रधानमंत्री को नापसंद कर सकते हैं, सरकार से असहमत हो सकते हैं, डिबेट कर सकते हैं और अलग तरह से वोट कर सकते हैं। यही लोकतंत्र है। लेकिन भारत के प्रधानमंत्री के ऑफिस और विदेश में वे जिसे रिप्रेजेंट करते हैं, उसका विदेशी धरती पर मजाक बनाना सही नहीं है।

### कांस फेस्टिवल से ऐश्वर्या का तीसरा लुक सामने आया


# व्हाइट फेदर सूट में दिखीं एक्ट्रेस

## बेटी आराध्या का भी हुआ अनऑफिशियल डेब्यू









कांस फिल्म फेस्टिवल से ऐश्वर्या राय बच्चन के तीन ग्लैमरस लुक सामने आ चुके हैं। फेस्टिवल की क्लोजिंग सेरेमनी में वे डिजाइनर चेनी चान के कस्टम फेदर सूट में नजर आईं। इसे डिजाइनर चेनी चान ने डिजाइन किया था। इससे पहले वे सैफायर ब्लू गाउन और पिंक ड्रेस में भी दिखाई दी थीं। उनके साथ बेटी आराध्या भी कांस पहुंची हैं, जिन्होंने अनऑफिशियली कांस में ग्लैमरस लुक में डेब्यू किया है।

**बीते साल चर्चा में रहा कांस से ऐश्वर्या का लुक-**ऐश्वर्या राय ने साल 2002 में कांस में डेब्यू किया था। इसके बाद से ही वो लगातार कांस में मौजूद रहती हैं। बीते साल ऐश्वर्या ने मनीष मल्होत्रा द्वारा डिजाइन की गई सफेद-गोल्डन साड़ी पहनी थी। रेड डायमंड जूलरी और सिंदूर के साथ ऐश्वर्या बेहद खूबसूरत दिखीं। उनका ट्रेडिशनल लुक काफी चर्चा में रहा था।

कांस के दूसरे लुक में ऐश्वर्या राय ने गौरव गुप्ता के कलेक्शन की ब्लैक सिक्वल गाउन के साथ ट्रेल कैरी की थी। खुले बालों और मिनिमल जूलरी में एक्ट्रेस बेहद ग्लैमरस लगी थीं।



**कांस की ज्यूरी बनने वाली पहली इंडियन एक्ट्रेस रहीं ऐश्वर्या राय-** हर साल दुनियाभर के चुनिंदा लोगों को ज्यूरी में शामिल किया जाता है। मृणाल सेन पहले भारतीय थे, जिन्हें 1982 में ज्यूरी में शामिल किया गया था। इसके अलावा ज्यूरी बनने वाली पहली भारतीय महिला डायरेक्टर मीरा नायर थीं। ऐश्वर्या राय पहली इंडियन एक्ट्रेस हैं, जिन्हें कांस में ज्यूरी बनाया गया। हालांकि अब दीपिका पादुकोण, विद्या बालन और शर्मिला टैगोर भी इस लिस्ट में शामिल हैं।



# अमिताभ बच्चन के संडे दर्शन के दौरान शख्स बेहोश

## बिग बी के घर के बाहर भारी भीड़ के बीच बिगड़ी तबीयत, लोग संभालते दिखे



बॉलीवुड एक्टर अमिताभ बच्चन के संडे दर्शन के दौरान एक व्यक्ति बेहोश हो गया। अमिताभ बच्चन के बंगले 'जलसा' के बाहर से इस घटना का वीडियो सामने आया है, जिसमें एक व्यक्ति भीड़ के बीच जमीन पर गिरा दिखाई दे रहा है।

आसपास मौजूद लोग उसे संभालते नजर आते हैं। हालांकि, व्यक्ति की पहचान और उसकी हालत को लेकर आधिकारिक जानकारी सामने नहीं आई है।

बता दें कि अमिताभ बच्चन हर रविवार अपने घर के बाहर फैंस से मुलाकात करते हैं। यह 'संडे दर्शन' के नाम से जाना जाता है, जहां बड़ी संख्या में लोग एक्टर की झलक पाने पहुंचते हैं।

**अमिताभ बच्चन के अस्पताल में भर्ती होने का दावा किया गया था-** अमिताभ बच्चन के मुंबई के नानावटी अस्पताल में भर्ती होने की खबर सामने आई थी। पत्रकार विक्की ललवानी ने यूट्यूब चैनल पर दावा किया था कि एक्टर को 16 मई को भर्ती करवाया गया है। वो अस्पताल के ए-विंग में हैं।



वीडियो में विक्की ललवानी ने कहा था कि वो खबर कन्फर्म करने मंगलवार (19 मई) शाम नानावटी अस्पताल पहुंचे थे। बिग बी को ए-विंग, तीसरी मंजिल में रखा गया है। उन्होंने ये भी दावा किया था कि अभिषेक बच्चन भी पिता को देखने मंगलवार शाम साढ़े 4 बजे अस्पताल पहुंचे थे। विक्की ललवानी के अनुसार, अमिताभ बच्चन लंबे समय से पेट संबंधी समस्याओं से जूझ रहे हैं।

**पिछले रविवार को भी फैंस से मिलने आए थे अमिताभ बच्चन-** विक्की ललवानी का दावा था कि अमिताभ बच्चन 16 मई यानी शनिवार से अस्पताल में भर्ती हैं,लेकिन फैक्ट चेक में ये भी सामने आया था कि 17 मई यानी रविवार को बिग बी हमेशा की तरह फैंस से मिलने के लिए जलसा से बाहर आए थे। इसका वीडियो भी सामने आया था।

**एडमिट होने की खबरों के बीच किया ब्लॉग और पोस्ट-** अमिताभ बच्चन ने मंगलवार देर रात आधिकारिक अकाउंट से कुछ अजीबोगरीब शब्दों के साथ बेमायने वाली पोस्ट की। उन्होंने रात 12 बजकर 3 मिनट पर लिखा था- पिलोरी बड़ुंबा।

इसके ठीक बाद उन्होंने 12 बजकर 20 मिनट पर ब्लॉग में लिखा था- चील जब होवे शांत तो भैया, तोते बोलन सुरु करें, इर बीर फत्ते, कहन ,चल हमऊ, पिलावे सुरु करें। बाजरे दी रोटी खा दी, फू पड़ियों दा, साग रे, मुंह में डालन लागै जैसे , बोलन लागे काग रे। एक रहे ह्यहिलह्ल भैया की पढ़ाई का दर्पण; औ दूसर विलिंग्टन की याद। लव, प्रेयर एंड मोर।

आईपीएल 2026 : मुंबई 30 रन से हारी, आर्चर ने 3 विकेट लिए

# राजस्थान आईपीएल के प्लेऑफ में पहुंची

## सीजन की टॉप-4 टीमें तय

ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुंबई

आईपीएल में रविवार को खेले गए पहले मुकाबले में राजस्थान रॉयल्स ने मुंबई इंडियंस को 30 रन से हराकर प्लेऑफ में जगह पक्की कर ली। वानखेड़े स्टेडियम में टॉस हारकर पहले बल्लेबाजी करते हुए राजस्थान ने 20 ओवर में 8 विकेट पर 205 रन बनाए। जवाब में मुंबई की टीम 20 ओवर में 9 विकेट पर 175 रन ही बना सकी।

इस जीत के साथ आईपीएल 2026 की टॉप-4 टीमें तय हो गई हैं। रॉयल चैलेंजर्स बेंगलुरु, गुजरात टाइटंस, सनराइजर्स हैदराबाद और राजस्थान ने प्लेऑफ में जगह बनाई है। 26 मई को क्वालिफायर-1 में बेंगलुरु और गुजरात आमने-सामने होंगे, जबकि 27 मई को एलिमिनेटर में हैदराबाद और राजस्थान की भिड़ंत होगी।

**सूर्यकुमार यादव का अर्धशतक–** मुंबई की शुरूआत बेहद खराब रही। रोहित शर्मा खाता खोले बिना आउट हुए, जबकि पावरप्ले में ही मुंबई ने 4 विकेट गंवा दिए। इसके बाद सूर्यकुमार यादव ने 60 रन और हार्दिक पंड्या ने 34 रन बनाकर वापसी की कोशिश की, लेकिन लगातार गिरते विकेटों ने टीम को मैच से दूर कर दिया।

राजस्थान के लिए जोफ्रा आर्चर ने सबसे ज्यादा 3 विकेट लिए। नांद्रे बर्गर, ब्रिजेश शर्मा और यश पुंजा को



2-2 विकेट मिले।

**राजस्थान के लिए एक भी अर्धशतक नहीं लगा–** राजस्थान के लिए ध्रुव जुरेल ने 38 रन, जोफ्रा आर्चर ने 15 गेंदों में 32 और दासुन शनाका ने 29 रन की पारी खेली। आखिर में रवींद्र जडेजा और नांद्रे बर्गर ने तेजी से रन जोड़कर स्कोर 200 के पार पहुंचाया। मुंबई की ओर से दीपक चाहर और शार्दूल ठाकुर ने 2-2 विकेट लिए। विल जैक्स, अल्लाह गजनफर और कॉर्बिन बॉश को 1-1 सफलता मिली।

**मुंबई इंडियंस :** रायन रिकेल्टन (विकेटकीपर), नमन धीर, सूर्यकुमार यादव, तिलक वर्मा, हार्दिक पंड्या (कप्तान), विल जैक्स, कॉर्बिन बॉश, दीपक चाहर, शार्दूल ठाकुर, अल्लाह गजनफर और रघु शर्मा।

**इम्पैक्ट** ऑप्शंसः रोहित शर्मा।

**राजस्थान रॉयल्सः** यशस्वी जायसवाल, वैभव सूर्यवंशी, ध्रुव जुरेल (विकेटकीपर), रियान पराग (कप्तान), डोनोवान फरेरा, शुभम दुबे, दासुन शनाका, जोफ्रा आर्चर, नांद्रे बर्गर, यश राज पुंजा और बृजेश शर्मा।

## राहुल ने रोहित की बराबरी की

### आईपीएल में 51वीं बार फिफ्टी+ स्कोर बनाया, कुलदीप की हैट्रिक बॉल पर कैच छूटा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ कोलकाता

दिल्ली कैपिटल्स ने आईपीएल 2026 के आखिरी लीग मुकाबले में कोलकाता नाइट राइडर्स को 40 रन से हरा दिया। ईडन गार्डन्स में दिल्ली के केएल राहुल ने आईपीएल में सबसे ज्यादा फिफ्टी लगाने के मामले में रोहित शर्मा की बराबरी कर ली। उन्होंने 51वीं बार पचास या उससे ज्यादा का स्कोर बनाया।

रविवार को कुलदीप यादव की हैट्रिक बॉल पर विकेटकीपर अभिषेक पोरेल ने कैच छोड़ दिया। वहीं कोलकाता के मनीष पांडे आईपीएल में 4 हजार रन बनाने वाले तीसरे सबसे धीमें प्लेयर बने।

**राहुल आईपीएल में सबसे ज्यादा फिफ्टी लगाने वाले चौथे खिलाड़ी–** कोलकाता के खिलाफ केएल राहुल ने 60 रन की पारी खेली। यह आईपीएल में उनकी 51वीं फिफ्टी रही। इसके साथ ही वह लीग में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर करने वाले संयुक्त रुप से चौथे खिलाड़ी बन गए हैं। उन्होंने रोहित शर्मा की बराबरी की। इस लिस्ट में विराट कोहली पहले नंबर पर हैं, जिन्होंने 76 बार यह स्कोर बनाया है।

**मनीष आईपीएल में सबसे धीमे 4 हजार रन बनाने वाले तीसरे खिलाड़ी–** रनचेज के सातवें ओवर में मनीष ने चौका लगाकर आईपीएल में अपने 4 हजार रन पूरे किए। उन्होंने इसके लिए 164 पारी खेली। वे आईपीएल में सबसे धीमे 4 हजार रन बनाने वाले तीसरे खिलाड़ी बन गए हैं। इस लिस्ट में दिनेश कार्तिक नंबर–1 पर हैं, जिन्होंने 188 पारी खेली थी।

**राहुल ने सीजन में छठवीं बार 50+ स्कोर किया–** राहुल ने बतौर विकेटकीपर आईपीएल के एक सीजन में सबसे ज्यादा 50+ स्कोर बनाने के रिकॉर्ड की बराबरी की है। उन्होंने कोलकाता के खिलाफ फिफ्टी के साथ इस सीजन 6 फिफ्टी या उससे ज्यादा स्कोर बनाए। इससे पहले वे 2018 में भी 6 बार बतौर विकेटकीपर 6 बार यह कारनामा कर चुके हैं।

## गुरिंदरवीर 100 मीटर में भारत के सबसे तेज धावक



### 10.09 सेकंड में जीते, दो बार नेशनल रिकॉर्ड तोड़ा, पर्ची दिखाई- अभी काम पूरा नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ रांची

रांची के बिरसा मुंडा स्टेडियम में शनिवार भारतीय एथलेटिक्स के लिए ऐतिहासिक दिन रहा। पंजाब के 25 साल के स्प्रिंटर गुरिंदरवीर सिंह ने एथलेटिक्स फेडरेशन प्रतियोगिता की पुरुषों की 100 मीटर रेस 10.09 सेकेंड में पूरी की और नया नेशनल रिकॉर्ड बनाया। यह पहली बार है, जब किसी भारतीय ने 100 मीटर रेस 10.10 सेकेंड से कम समय में पूरी की है। रेस जीतने के बाद गुरिंदरवीर ने जोश में अपना बिब नंबर उतार दिया और ट्रैक पर जूते फेंक दिए। इवेंट के बाद गुरिंदरवीर ने कहा- 'लोग कहते थे कि भारतीयों के पास 100 मीटर के लिए जीन नहीं हैं। मैं सबको गलत साबित करना चाहता था। भारतीय जीन बहुत मजबूत हैं और यह सिर्फ शुरूआत है।' गुरिंदरवीर का यह समय इस सीजन में एशिया का दूसरा सबसे तेज समय है। वह जापान के फुकुतो कोमुरो (10.08 सेकेंड) से सिर्फ .01 सेकेंड पीछे रहे। उन्होंने 2026 कॉमनवेल्थ गेम्स का क्वालिफिकेशन मार्क (10.16 सेकेंड) भी आसानी से पार कर लिया। सीनियर फेडरेशन कप में गुरिंदरवीर ने अपने चिर प्रतिद्वंद्वी अनिमेष कुजूर को पीछे छोड़ दिया। यहां पंजाब के गुरिंदरवीर और ओडिशा के अनिमेष के बीच रोमांचक मुकाबला देखने को मिला। अनिमेष पिछले साल बनाए 10.18 सेकेंड के राष्ट्रीय रिकॉर्ड के साथ प्रतियोगिता के प्रबल दावेदार थे।

लोन... लोन... लोन...
श्रीराम फाइनेंस कंपनी
द्वारा लोन लेना हुआ आसान
सभी प्रकार के लोन
आधार कार्ड लोन, बिजनेस लोन,
पर्सनल लोन, होम लोन, वाहन लोन,
महिला ग्रुप लोन 50% छुट)
आसानी से मिलेगा घर बैठे लोन सबसे
कम ब्याज दर पर!
(लोन का पैसा सीधे आपके बैंक खाते में)
हमसे संपर्क करें
मो. 7404467154









### 57 फीसदी नियोक्ताओं ने माना

# कंपनियां भर्ती के लिए सत्यापन मानकों से कर रहीं समझौता



ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

आधे से अधिक नियोक्ताओं का मानना है कि कंपनियां तेजी से भर्ती करने के लिए पृष्ठभूमि के सत्यापन से समझौता कर रही हैं। इससे तेजी से नियुक्ति और सावधानीपूर्वक जांच के बीच अंतर बढ़ रहा है। एक रिपोर्ट में यह जानकारी दी गई है।

कार्यबल और मानव संसाधन समाधान प्रदाता जीनियस एचआरटेक ने रिपोर्ट जारी की है। इस रिपोर्ट के मुताबिक, करीब 57 फीसदी उत्तरदाताओं का मानना था कि संगठन तेजी से भर्ती के लिए पृष्ठभूमि के सत्यापन के मानकों से समझौता कर रहे हैं।

'हायरिंग ब्लाइंड - क्या संगठन पृष्ठभूमि सत्यापन जोखिमों को नजरअंदाज कर रहे हैं?' नाम की यह रिपोर्ट जारी की गई है। यह रिपोर्ट एक अप्रैल से 30 अप्रैल के बीच 1647 मानव संसाधन पेशेवरों और व्यापार क्षेत्र के दिग्गजों से मिली जानकारी पर आधारित है।

रिपोर्ट में आगे कहा गया, जैसे-जैसे अलग-अलग क्षेत्रों में प्रतिस्पर्धा का दबाव बढ़ रहा है, आंकड़े दिखाते हैं कि भर्ती की गति और सही तरीके से जांच करने के बीच दूरी बढ़ रही है, जिसका सीधा असर काम करने वाले लोगों की विश्वसनीयता और लंबे समय में कंपनी या संगठन को होने वाले नुकसान के खतरे पर पड़ रहा है। प्रमाणपत्र धोखाधड़ी एक लगातार और बढ़ती हुई चुनौती के रूप में सामने आई है। 33 फीसदी उत्तरदाताओं ने बताया कि उन्हें सत्यापन प्रक्रिया के दौरान फर्जी या बढ़ा-चढ़ाकर दिखाए गए शैक्षिक प्रमाणपत्र मिले हैं, जबकि जबकि 33 फीसदी ने पहचान या पते से जुड़ी विसंगतियों की पहचान की है।

### 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने आरबीआई को रुपये में गिरावट की अनुमति देने की सलाह दी

# 100 प्रति डॉलर भी हुआ रुपया तो घबराने की जरूरत नहीं

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने आरबीआई को रुपये में गिरावट की अनुमति देने की सलाह दी है। 100 रुपये प्रति डॉलर के आंकड़े और अर्थव्यवस्था पर इसके प्रभाव की पूरी रिपोर्ट पढ़ें।

वैश्विक आपूर्ति संकट और कच्चे तेल की बढ़ती कीमतों के बीच भारतीय रुपया अमेरिकी डॉलर के मुकाबले ऐतिहासिक निचले स्तर की ओर बढ़ रहा है। ऐसे में 16वें वित्त आयोग के अध्यक्ष और नीति आयोग के पूर्व उपाध्यक्ष अरविंद पनगढ़िया ने भारतीय रिजर्व बैंक को एक अहम सलाह दी है। उन्होंने कहा है कि आरबीआई को '100 रुपये प्रति डॉलर' के मनोवैज्ञानिक स्तर से घबराना नहीं चाहिए और वर्तमान परिस्थितियों में रुपये को स्वाभाविक रूप से कमजोर होने देना ही सबसे सही रणनीति है।

**मनोवैज्ञानिक दबाव में न आए आरबीआई-** सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर आरबीआई को टैग करते हुए अपने एक संदेश में पनगढ़िया ने स्पष्ट किया कि 100 रुपये प्रति डॉलर का आंकड़ा 99 और 101 की तरह ही महज एक संख्या है। उन्होंने केंद्रीय बैंक को सलाह दी है कि तेल संकट चाहे थोड़े समय के लिए हो या लंबे समय के लिए, इस वक्त सबसे सही कदम रुपये को गिरने देना (मूल्यह्रास) ही है। वर्तमान में रुपया डॉलर के मुकाबले 96.19 के स्तर पर है, जो इसे 100 के आंकड़े के करीब लाता है।

**एनआरआई जमा और डॉलर बॉन्ड सिर्फ 'बैंड-एड'-** मुद्रा को स्थिर करने के लिए विदेशी निवेशकों या एनआरआई के लिए विशेष ऋण उपकरण लाने के विचार पर भी पनगढ़िया ने अपनी असहमति जताई है। उनका मानना है कि डॉलर-मूल्य वाले बॉन्ड या उच्च ब्याज वाले एनआरआई डॉलर जमा केवल 'बैंड-एड' की तरह काम करेंगे और अंततः 100 रुपये प्रति डॉलर के स्तर को पार करना ही पड़ेगा। उन्होंने इन उपकरणों को बेहद महंगा बताया, क्योंकि इन पर भारत द्वारा अपने विदेशी मुद्रा भंडार पर कमाए जाने वाले ब्याज से कहीं अधिक ब्याज चुकाना पड़ता है, जो मुख्य रूप से अमीर एनआरआई को धन हस्तांतरित करने जैसा है।

**'यह 2013 नहीं है, हमारी अर्थव्यवस्था मजबूत है'-** मैक्रो-इकोनॉमिक (वृहद-आर्थिक) चिंताओं को दूर करते हुए वित्त आयोग के प्रमुख ने जोर देकर कहा कि आज देश की आर्थिक बुनियाद पिछले संकटों के मुकाबले बहुत अधिक मजबूत है। उन्होंने याद दिलाया कि 2013 में महंगाई दहाई के आंकड़े (डबल डिजिट) में थी, लेकिन आरबीआई के विवेकपूर्ण मौद्रिक प्रबंधन के कारण आज स्थिति वैसी नहीं है।

पनगढ़िया का आकलन बताता है कि रुपये को कृत्रिम रूप से थामे रखने के लिए डॉलर बेचना या महंगे बॉन्ड जारी करना भारतीय अर्थव्यवस्था के लिए एक गलत कदम होगा। मजबूत आर्थिक स्थिति के कारण आज भारतीय अर्थव्यवस्था रुपये की गिरावट से उत्पन्न होने वाले कुछ महंगाई के दबाव को आसानी से झेलने की स्थिति में है।



### संकट की अवधि और अर्थव्यवस्था पर असर

- पनगढ़िया ने एक अर्थशास्त्री के नजरिए से बताया कि तेल झटके की अवधि (कमोडिटी शॉक) के आधार पर घरेलू अर्थव्यवस्था खुद को कैसे समायोजित करेगी:
- अल्पकालिक संकट (3 महीने से 1 वर्ष): इस स्थिति में रुपया अभी गिरेगा, लेकिन तेल आयात का बिल कम होने के बाद यह काफी हद तक वापस उबर जाएगा। इसके अलावा, विदेशी पूंजी भी 'सस्ते' रुपये का फायदा उठाने के लिए भारतीय बाजारों का रुख करेगी।
- दीर्घकालिक संकट (1 वर्ष से अधिक): अगर आपूर्ति की यह चुनौती लंबे समय तक बनी रहती है, तो रुपये को गिरने देने के अलावा कोई भी अन्य कदम नुकसानदायक साबित होगा। रुपये को कृत्रिम रूप से बचाने की कोशिश केवल तब तक विदेशी मुद्रा भंडार को खाली करेगी, जब तक कि वह पूरी तरह से समाप्त न हो जाए।

### होर्मुज संकट के बीच

# भारत का बड़ा आपूर्तिकर्ता बना वेनेजुएला



ब्रह्मास्त्र ▸▸ मुम्बई

होर्मुज जलडमरूमध्य बंद होने और मध्य पूर्व संकट के बीच वेनेजुएला भारत का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया है। मई में तेल आयात 50% बढ़ा। ऊर्जा संकट और कूटनीतिक कदमों से जुड़ी पूरी बिजनेस रिपोर्ट पढ़ें।

ईरान पर अमेरिका-इस्राइल युद्ध और होर्मुज जलडमरूमध्य के बंद होने से पैदा हुए वैश्विक ऊर्जा संकट के बीच भारत के लिए वेनेजुएला एक प्रमुख ऊर्जा आपूर्तिकर्ता के रूप में उभरा है। सप्लाई चेन के बुरी तरह चरमराने के कारण भारत को ऊर्जा सुरक्षा के लिए तेजी से नए विकल्प तलाशने पड़े हैं। नतीजतन, मई महीने में वेनेजुएला भारत का तीसरा सबसे बड़ा कच्चा तेल आपूर्तिकर्ता बन गया है।

**होर्मुज संकट के कारण भारत की सप्लाई चेन पर क्या असर-** भारत अपने कच्चे तेल और तरलीकृत प्राकृतिक गैस (एलएनजी) के आयात का लगभग आधा हिस्सा खाड़ी देशों से होर्मुज जलडमरूमध्य के जरिए मंगाता है। लेकिन ईरान के आसपास संघर्ष तेज होने के कारण यह संकरा समुद्री मार्ग अब बाधित है। अमेरिकी नौसैनिक नाकेबंदी के कारण इस महीने ईरान से कोई भी कार्गो भारत नहीं पहुंचा है। इसके साथ ही, भारत के पूर्व तीसरे सबसे बड़े आपूर्तिकर्ता सऊदी अरब से भी आपूर्ति लगभग आधी हो गई है, जो अप्रैल के 6,70,000 बैरल प्रतिदिन से गिरकर मई में लगभग 3,40,000 स्त्रि रह गई है। समुद्री सुरक्षा एक बड़ी चिंता बन गई है; क्षेत्र में 13 भारतीय जहाज फंसे हुए हैं और ओमान के तट के पास संदिग्ध ड्रोन या मिसाइल हमले के बाद एक भारतीय मालवाहक जहाज डूब गया है।

### देशभर में पेट्रोल-डीजल और रसोई गैस की पर्याप्त आपूर्ति

# घबराकर खरीदारी न करने की अपील

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

देश में ईंधन मांग बढ़ने के बावजूद सरकारी तेल कंपनियों ने पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की पर्याप्त उपलब्धता का भरोसा दिया है। कंपनियां भंडारण, पाइपलाइन और वितरण नेटवर्क के जरिए निर्बाध आपूर्ति बनाए हुए हैं।

देश में ईंधन की मांग में अचानक आई तेज बढ़ोतरी के बीच सार्वजनिक क्षेत्र की तेल कंपनियां लगातार पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस की आपूर्ति बनाए रखने में जुटी हुई हैं। इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी सरकारी तेल कंपनियों ने कहा है कि देशभर में ईंधन की कोई कमी नहीं है और सभी स्थानों पर पर्याप्त भंडार उपलब्ध है।

**ईंधन की कमी नहीं-** तेल कंपनियों के अनुसार, हाल के दिनों में कई राज्यों में खेती और फसल कटाई के काम बढ़ने से पेट्रोल और डीजल की खपत में तेजी आई है। इसके अलावा निजी कंपनियों की तुलना में सरकारी पेट्रोल पंपों पर कम कीमत होने के कारण बड़ी संख्या में उपभोक्ता सार्वजनिक क्षेत्र के पेट्रोल पंपों की ओर रुख कर रहे हैं। संस्थागत और व्यावसायिक उपभोक्ताओं की मांग बढ़ने से भी दबाव बढ़ा है।

कंपनियों ने बताया कि देशभर में फैले अपने भंडारण केंद्रों, पाइपलाइन नेटवर्क, गैस भराई संयंत्रों और पेट्रोल पंपों के जरिए लगातार आपूर्ति की जा रही है। ईंधन की ढुलाई और वितरण से जुड़ी टीमें चौबीसों घंटे काम कर रही हैं, ताकि किसी भी क्षेत्र में आपूर्ति प्रभावित न हो। तेल कंपनियां राज्य सरकारों और स्थानीय प्रशासन के साथ लगातार समन्वय बनाए हुए हैं, जिससे ईंधन की समय पर उपलब्धता सुनिश्चित की जा सके।



### लोगों से घबराहट में जरूरत से ज्यादा खरीदारी न करने की अपील

- सरकारी तेल कंपनियों ने यह भी स्पष्ट किया है कि पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस का पर्याप्त भंडार मौजूद है और लोगों को घबराने की जरूरत नहीं है। कंपनियों ने कहा कि मांग को देखते हुए लगातार स्थिति की समीक्षा की जा रही है और आवश्यकता के अनुसार आपूर्ति बढ़ाई जा रही है।
- तेल उद्योग ने लोगों से अपील की है कि वे सामान्य तरीके से ही ईंधन खरीदें और किसी भी तरह की अफवाह या घबराहट में जरूरत से ज्यादा खरीदारी न करें। उपभोक्ताओं को सलाह दी गई है कि ईंधन की उपलब्धता से जुड़ी जानकारी के लिए केवल सरकारी तेल कंपनियों और अधिकृत एजेंसियों द्वारा जारी आधिकारिक सूचनाओं पर ही भरोसा करें।

### कनाडा दौरे पर पीयूष गोयल

# व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौते पर वार्ता को मिलेगी गति

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

केंद्रीय मंत्री पीयूष गोयल का कनाडा दौरा दोनों देशों के बीच प्रस्तावित व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता को आगे बढ़ाने के लिहाज से अहम माना जा रहा है। दोनों देश 2030 तक व्यापार को 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं। पढ़िए रिपोर्ट-

केंद्रीय वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल रविवार से कनाडा के तीन दिवसीय दौरे पर जा रहे हैं। माना जा रहा है कि इस दौरे से भारत और कनाडा के बीच प्रस्तावित व्यापक आर्थिक साझेदारी समझौता (सीईपीए) पर बातचीत को गति मिलेगी और दोनों देशों के आर्थिक संबंध और मजबूत होंगे।

भारत और कनाडा के बीच ऊर्जा सहयोग में नागरिक परमाणु सहयोग भी एक अहम क्षेत्र बनकर उभरा है। यह दौरा ऐसे समय में हो रहा है, जब मार्क कार्नी सरकार के नेतृत्व में दोनों देश वर्ष 2030 तक आपसी व्यापार को 50 अरब डॉलर तक पहुंचाने के लक्ष्य पर काम कर रहे हैं।

भारत और कनाडा के बीच कृषि, स्वच्छ ऊर्जा, महत्वपूर्ण खनिज, खाद्य प्रसंस्करण, शिक्षा और उन्नत विनिर्माण जैसे क्षेत्रों में मजबूत सहयोग की संभावनाएं हैं, जिससे व्यापार और निवेश में बड़ा इजाफा हो सकता है।

कनाडा के साथ मुक्त व्यापार समझौता होने से भारत को ऊर्जा उत्पादों और उर्वरकों जैसे रणनीतिक उत्पादों के आयात स्रोतों में विविधता लाने में मदद मिल सकती है। पश्चिम एशिया में जारी संघर्ष के कारण इन उत्पादों की आपूर्ति प्रभावित हो रही है।

वित्त वर्ष 2025-26 में भारत ने कनाडा से सबसे ज्यादा पीली मटर और मसूर दाल का आयात किया। वहीं, भारतीय उद्योगों को दवा उत्पाद, रत्न एवं आभूषण, लोहा एवं इस्पात उत्पाद, ऑर्गेनिक केमिकल और इलेक्ट्रिकल उपकरणों के निर्यात में नए अवसर मिलने की उम्मीद है। प्रस्तावित व्यापार समझौते से भारतीय निर्यातकों, खासकर सूक्ष्म, लघु और मध्यम उद्योगों (एमएसएमई) को बड़ा फायदा मिलने की संभावना है।

## एक्ट्रेस ट्विशा की मौत के 12 दिन बाद अंतिम संस्कार, भाई ने भोपाल में मुखाग्नि दी



ब्रह्मास्त्र ▸▸ भोपाल

भोपाल में रिटायर्ड जज की बहू और एक्ट्रेस ट्विशा शर्मा की मौत के 12 दिन बाद रविवार को अंतिम संस्कार किया गया। भदभदा श्मशान घाट में एक्ट्रेस के भाई मेजर हर्षित ने ट्विशा को मुखाग्नि दी। इस दौरान ट्विशा की मां और परिवार रोते रहे। इससे पहले रविवार को ही दिल्ली अक्म्स की टीम ने ट्विशा की डेडबॉडी का दोबारा पोस्टमॉर्टम किया। भोपाल अक्म्स में करीब 3 घंटे चली प्रक्रिया के बाद टीम भोपाल से रवाना हो गई।

12 मई की रात भोपाल के कटारा हिल्स में ट्विशा की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हुई थी। ससुराल पक्ष इसे आत्महत्या बता रहा है, जबकि मायके पक्ष ने पति और ससुराल वालों पर हत्या का आरोप लगाया है।

### सुप्रीम कोर्ट में सोमवार को होगी सुनवाई

सुप्रीम कोर्ट ने ट्विशा शर्मा केस को स्वतः संज्ञान लिया है। सोमवार को चीफ जस्टिस की बेंच इस केस की सुनवाई करेगी। ट्विशा के पति समर्थ को शनिवार को भोपाल जिला कोर्ट में पेश किया गया था।

कोर्ट ने समर्थ की 7 दिन की पुलिस रिमांड मंजूर की है। साथ ही उसका पासपोर्ट जब्त करने के आदेश दिए हैं। भोपाल कोर्ट में सास गिरिबाला की जमानत निरस्त करने के लिए आवेदन दायर किया गया है। इस पर सोमवार को सुनवाई होगी। मुख्यमंत्री मोहन यादव ने मामले की जांच उक्क से कराने पर सहमति दे दी है। दिल्ली एम्स की टीम ट्विशा की सास गिरिबाला सिंह के घर पहुंची। उस समय वह अपने वकील एनोश जॉर्ज कारलो के साथ मौजूद थीं। हालांकि वे अंतिम संस्कार में शामिल नहीं हुईं।

## दिल्ली में पेट्रोल 2.61 और डीजल 2.71 प्रति लीटर महंगा हुआ

# ईरान जंग का असरः भारत में पेट्रोल-डीजल के दाम इस महीने चौथी बार बढ़े, 3 रुपए का इजाफा

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

तेल कंपनियों ने आज 25 मई को पेट्रोल 2.61 प्रति लीटर और डीजल 2.71 प्रति लीटर महंगा कर दिया है। इस बढ़ोतरी के बाद दिल्ली में अब एक लीटर पेट्रोल की कीमत 102.12 और डीजल की कीमत 95.20 हो गई है। ईंधन की कीमतों में इस महीने में यह चौथी बढ़ोतरी है- 25 मई को पेट्रोल 2.61 प्रति लीटर और डीजल 2.71 प्रति लीटर महंगा। 23 मई को पेट्रोल 87 पैसे, डीजल 91 पैसे महंगा किया गया था। 19 मई को पेट्रोल और डीजल के दामों में एवरेज 90 पैसे की बढ़ोतरी की गई थी। 15 मई को भी कीमतों में 3 प्रति लीटर का इजाफा किया गया था।





इस बढ़ोतरी की मुख्य वजह अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों में उतार-चढ़ाव है। ईरान और अमेरिका की जंग शुरू होने से पहले क्रूड ऑयल के दाम 70 डॉलर थे जो अब बढ़कर 100 डॉलर प्रति बैरल के पार पहुंच गए हैं। क्रूड की कीमतें बढ़ने से तेल कंपनियां दबाव में थीं। इसलिए कंपनियों ने घाटे की भरपाई के लिए यह कदम उठाया है। अगर कच्चे तेल की कीमतों में लंबे समय तक तेजी बनी रहती है तो पेट्रोल-डीजल की कीमतें और भी बढ़ाई जा सकती हैं। अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की कीमतों और डॉलर के मुकाबले रुपए की स्थिति के आधार पर देश में ईंधन के दाम तय किए जाते हैं। सरकारी तेल कंपनियां डेली प्राइस रिवीजन के तहत हर दिन सुबह 6 बजे नए रेट अपडेट करती हैं। उपभोक्ता तक पहुंचने से पहले तेल की कीमतों में कई तरह के टैक्स और खर्च जुड़ते हैं:

1. कच्चे तेल की कीमत (बेस प्राइस): भारत अपनी जरूरत का करीब 90% क्रूड आयात करता है। अंतरराष्ट्रीय बाजार से खरीदे गए बैरल के हिसाब से प्रति लीटर तेल की कीमत तय होती है।
2. रिफाइनिंग और कंपनियों का चार्जः कच्चे तेल को देश की रिफाइनरियों में साफ करके पेट्रोल-डीजल बनाया जाता है। इसमें रिफाइनिंग लागत और कंपनियों का मार्जिन शामिल होता है।
3. केंद्र सरकार की एक्साइज ड्यूटीः रिफाइनरी से निकलने के बाद केंद्र सरकार इस पर एक्साइज ड्यूटी (उत्पाद शुल्क) और रोड सेस लगाती है। यह देशभर में सभी राज्यों के लिए समान होती है।
4. डीलर कमीशनः तेल कंपनियां जिस रेट पर डीलर्स को ईंधन बेचती हैं, उसमें डीलर्स का अपना निश्चित कमीशन जोड़ा जाता है, जो पेट्रोल और डीजल के लिए अलग-अलग होता है।

### 2024 से दाम नहीं बदले थे, चुनाव से पहले कटौती हुई थी

देश में पेट्रोल और डीजल की कीमतें मार्च 2024 से स्थिर बनी हुई थीं। लोकसभा चुनाव 2024 से ठीक पहले सरकार ने कीमतों में ?2 प्रति लीटर की कटौती कर जनता को राहत दी थी। हालांकि, तकनीकी रूप से भारत में ईंधन की कीमतें विनियमित हैं और कंपनियां अंतरराष्ट्रीय क्रूड की 15 दिनों की औसत कीमत के आधार पर हर दिन रेट बदल सकती हैं, लेकिन राजनीतिक संवेदनशीलता के कारण इन्हें लंबे समय तक नहीं बदला गया। तेल कंपनियों को हर महीने 30 हजार करोड़ का घाटा हो रहा था सरकार के मुताबिक, इंडियन ऑयल, भारत पेट्रोलियम और हिंदुस्तान पेट्रोलियम जैसी सरकारी कंपनियां अंतरराष्ट्रीय बाजार में कच्चे तेल की ऊंची कीमतों के कारण घाटे में चल रही थीं । पेट्रोलियम मंत्रालय की जॉइंट सेक्रेटरी सुजाता शर्मा के अनुसार कंपनियों को पेट्रोल, डीजल और एलपीजी की बिक्री पर हर महीने करीब ?30,000 करोड़ का नुकसान हो रहा है ।

### पेट्रोल-डीजल पर एक्साइज ड्यूटी 10-10 घटाई थी




इससे पहले सरकार ने पेट्रोल और डीजल के दाम स्थिर रखने के लिए स्पेशल एक्साइज ड्यूटी में 10-10 की कटौती की थी। पेट्रोल पर ड्यूटी 13 प्रति लीटर से घटाकर 3, जबकि डीजल पर 10 से शून्य कर दी गई थी। केंद्र सरकार की ओर से एक लीटर पेट्रोल पर कुल 21.90 एक्साइज ड्यूटी वसूली जाती थी। स्पेशल एडिशनल एक्साइज ड्यूटी घटने के बाद यह 11.90 रह गई थी। इसी तरह, एक लीटर डीजल पर कुल सेंट्रल एक्साइज ड्यूटी 17.8 से घटकर 7.8 पर आ गई थी।

सरकार का ये फैसला पेट्रोल-डीजल की कीमतों को स्थिर रखने के लिए था। इस निर्णय की वजह से पेट्रोल-डीजल के दाम नहीं बढ़े थे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को तेलंगाना में एक कार्यक्रम के दौरान पश्चिम एशिया के भू-राजनीतिक हालात को देखते हुए पेट्रोलियम उत्पादों के सावधानीपूर्वक उपयोग का सुझाव दिया था। पीएम ने कहा था कि आज समय की मांग है कि पेट्रोल, गैस और डीजल का उपयोग बहुत संयम से किया जाए।

## सीबीआई जांच कराने की मांग; पार्टी फाउंडर बोले- इंस्टाग्राम अकाउंट का कंट्रोल वापस मिला

# कॉकरोच जनता पार्टी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में याचिका दाखिल

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

कॉकरोच जनता पार्टी के खिलाफ सुप्रीम कोर्ट में एक जनहित याचिका दाखिल की गई है। इसमें पार्टी की गतिविधियों की उक्क जांच कराने की मांग की गई है। याचिका में आरोप है कि संगठन सुप्रीम कोर्ट की मौखिक टिप्पणियों का गलत इस्तेमाल कर उनका व्यावसायिक फायदा उठा रहा है। PIL में फेक वकीलों की उक्क जांच की भी अपील की गई।

दरअसल, चीफ जस्टिस (CJI) ने 15 मई को एक सुनवाई के दौरान बेरोजगार युवाओं को कॉकरोच कह दिया था। इसके विरोध में 1 दिन बाद 16 मई को कॉकरोच जनता पार्टी बनी थी।

कॉकरोच जनता पार्टी के फाउंडर अभिजीत दीपके ने रविवार को दावा किया कि उनके इंस्टाग्राम अकाउंट का कंट्रोल वापस मिल गया है। उन्होंने इंस्टाग्राम पर वीडियो पोस्ट कर लिखा, हम वापस आ गए हैं, तुम भूल गए थे कि हम जिंदा रहने के लिए क्या कर सकते हैं।

पोस्ट के साथ उन्होंने कॉकरोच की इमेज भी शेयर की। इससे पहले शनिवार को उन्होंने दावा किया था कि उनकी पार्टी और पर्सनल अकाउंट को हैक किया गया है।




### दीपके बोले- 94% फॉलोअर्स भारतीय, रिजिजू इन्हें पाकिस्तानी क्यों बता रहे

दीपके ने रविवार को पर फॉलोअर्स डेटा शेयर कर बताया कि उनके 94% से ज्यादा फॉलोअर्स भारत से हैं। उन्होंने केंद्रीय मंत्री किरेन रिजिजू से सवाल किया कि भारतीय युवाओं को पाकिस्तानी क्यों कहा जा रहा है।

दरअसल, रिजिजू ने पर बिना किसी का नाम लिखे पोस्ट कर लिखा था कि कुछ लोग सोशल मीडिया पर पाकिस्तान और जॉर्ज सोरोस गिरोह से फॉलोअर्स जुटाते हैं, जबकि भारत में ही पर्याप्त युवा मौजूद हैं। भारत-विरोधी गिरोह से मदद लेने की कोई जरूरत नहीं है।

### महाराष्ट्र- दीपके के घर के बाहर पुलिस तैनात

वहीं महाराष्ट्र के छत्रपति संभाजीनगर स्थित CJP फाउंडर अभिजीत दीपके के घर पर 24 घंटे पुलिस की तैनाती की गई है। पुलिस उपायुक्त पंकज अतुलकर ने बताया कि यह तैनाती एहतियाती तौर पर की गई थी । उन्होंने कहा कि सोशल मीडिया पर CJP का मुद्दा ट्रेंड कर रहा है, इसलिए उनके घर के बाहर भीड़ न जुटे, इसे देखते हुए यह कदम उठाया गया। ससे पहले शनिवार को अभिजीत ने बताया था कि उनकी पार्टी की वेबसाइट बंद कर दी गई है। दीपके ने दोपहर 1.14 बजे पर कहा था- सरकार ने हमारी वेबसाइट बंद कर दी है। उस पर 10 लाख लोगों ने रजिस्ट्रेशन कराया था। 6 लाख लोगों ने शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान के इस्तीफे की मांग वाली याचिका पर साइन किए थे। हालांकि यह वेबसाइट अभी बंद है। इसे खोलने पर 'दिस साइट कान्ट बी रीच्ड' का मैसेज फ्लैश हो रहा है। 30 साल के अभिजीत दीपके महाराष्ट्र के संभाजी नगर के रहने वाले डिजिटल मीडिया स्ट्रैटजिस्ट हैं। रिपोर्ट्स के मुताबिक, अभिजीत ने पुणे से पत्रकारिता की पढ़ाई की है।

## बंगाल- घुसपैठियों को रखने हर जिले में होल्डिंग सेंटर बनेंगे, संदिग्ध विदेशी 30 दिन तक रखे जाएंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ नई दिल्ली

पश्चिम बंगाल की भाजपा सरकार ने अवैध घुसपैठ के खिलाफ सख्ती बढ़ा दी है। सरकार ने डिटेक्ट, डिलीट एंड डिपोर्ट पॉलिसी को लागू करने की दिशा में सभी जिलों को संदिग्ध विदेशी नागरिकों और डिपोर्टेशन का इंतजार कर रहे घुसपैठियों के लिए होल्डिंग सेंटर बनाने का आदेश दिया है। 23 मई को जारी आदेश में जिला प्रशासन से कहा गया है कि ऐसे सेंटर बनाए जाएं, जहां पकड़े गए संदिग्ध विदेशियों को रखा जा सके। संदिग्ध विदेशियों को ऐसे सेंटर में अधिकतम 30 दिन तक रखा जा सकेगा। इस दौरान उनके दस्तावेज, पहचान और नागरिकता की जांच होगी।

जांच के दौरान लोगों का बायोमेट्रिक डेटा लिया जाएगा और जानकारी केंद्रीय पोर्टल पर अपलोड की जाएगी। पहचान पूरी होने के बाद उन्हें सीमा सुरक्षा एजेंसियों को सौंपा जाएगा, ताकि वापस उनके देश भेजा जा सके। अंतिम फैसला जिला मजिस्ट्रेट या बड़े अधिकारी करेंगे। सरकार का कहना है कि यह कदम केंद्र सरकार की उस गाइडलाइन के तहत उठाया गया है, जिसमें अवैध बांग्लादेशी नागरिकों और रोहिंग्याओं से निपटने की प्रक्रिया बताई गई है। इस आदेश की जानकारी पुलिस और संबंधित अधिकारियों को भी भेजी गई है। अधिकारियों के मुताबिक, होल्डिंग सेंटर अस्थायी व्यवस्था होंगे। यहां उन लोगों को रखा जाएगा, जिन पर भारत में अवैध रूप से रहने का शक है। यह पूरी प्रक्रिया इमिग्रेशन एंड फॉरेनर्स एक्ट 2025 के तहत की जा रही है। इस कानून में निगरानी, हिरासत और डिपोर्टेशन की प्रक्रिया को तकनीक से जोड़ा गया है।

## जाफर एक्सप्रेस के कई डिब्बे पटरी से उतरे

# बलूचिस्तान में रेलवे ट्रैक के पास आत्मघाती हमला, 24 लोगों की मौतें, 82 से ज्यादा घायल





ब्रह्मास्त्र ▸▸ बलूचिस्तान

पाकिस्तान के बलूचिस्तान प्रांत के क्वेटा में रविवार को एक आत्मघाती हमले में 24 लोगों की मौत हो गई, जबकि 82 घायल हैं। न्यूज एजेंसी रॉयटर्स के मुताबिक यह हादसा एक रेलवे ट्रैक के नजदीक हुआ, जिसके चपेट में जाफर एक्सप्रेस आ गई। ट्रेन क्वेटा कैंट की ओर जा रही थी। विस्फोट इतना जोरदार था कि ट्रेन के कई डिब्बे पटरी से उतर गए और इलाके में अफरा-तफरी मच गई।

धमाके के बाद रेलवे ट्रैक के पास आग लग गई। फायर ब्रिगेड, पुलिस, रेस्क्यू टीम और सुरक्षा बल तुरंत मौके पर पहुंचे और राहत-बचाव ऑपरेशन शुरू किया गया। पुलिस ने बताया कि विस्फोट के असर से आसपास की इमारतों की खिड़कियों के शीशे भी टूट गए। सुरक्षा एजेंसियों ने पूरे इलाके को घेर लिया है और धमाके की वजह का पता लगाने के लिए जांच शुरू कर दी गई है।

### किसी संगठन ने हमले की जिम्मेदारी नहीं ली

बलूचिस्तान सरकार के गृह मामलों के विशेष सहायक बाबर यूसुफजई ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है और सभी सुरक्षा एजेंसियों को हाई अलर्ट पर रखा गया है। उन्होंने लोगों से घटनास्थल के आसपास भीड़ न लगाने की अपील की। फिलहाल किसी संगठन ने इस हमले की जिम्मेदारी नहीं ली है, लेकिन सुरक्षा एजेंसियां इसे आतंकवादी हमला मानकर जांच कर रही हैं। जाफर एक्सप्रेस पाकिस्तान रेलवे की एक लंबी दूरी की प्रमुख पैसेंजर ट्रेन है। यह ट्रेन बलूचिस्तान प्रांत की राजधानी क्वेटा को पाकिस्तान के बड़े शहरों से जोड़ती है। यह बलूचिस्तान समेत कई संवेदनशील इलाकों से होकर गुजरती है। हाल के सालों में बलूचिस्तान में रेलवे ट्रैक, सुरक्षा बलों और सरकारी ठिकानों पर कई बड़े हमले हो चुके हैं। यह ट्रेन जिन इलाकों से गुजरती है वहां बलूच लिबरेशन आर्मी का दबदबा है, इस वजह से इस ट्रेन को कई बार निशाने पर लिया गया है। पिछले साल इछअ ने जाफर एक्सप्रेस को हाईजैक कर लिया। तब इछअ ने 214 पैसेंजर्स को बंधक बनाने और 30 सैनिकों की हत्या की बात कही थी।

बलूचिस्तान में कई लोगों का मानना है कि भारत-पाकिस्तान बंटवारे के बाद वे एक आजाद देश के तौर पर रहना चाहते थे। लेकिन बिना उनकी मर्जी से उन्हें पाकिस्तान में शामिल कर दिया गया था। इस वजह से बलूचिस्तान में सेना और लोगों का संघर्ष आज भी जारी है।

बलूचिस्तान में आजादी की मांग करने वाले कई संगठन हैं, लेकिन बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी  सबसे ताकतवर संगठन है। ये संगठन 70 के दशक में अस्तित्व में आया और 21वीं सदी में इसका प्रभाव बढ़ा है। इछअ बलूचिस्तान को पाकिस्तानी सरकार और चीन से मुक्ति दिलाना चाहता है। उनका मानना है कि बलूचिस्तान के संसाधनों पर उनका हक है। पाकिस्तान सरकार ने बलूचिस्तान लिबरेशन आर्मी को 2007 में आतंकी संगठनों की सूची में शामिल किया था।

## व्हाइट हाउस के पास फायरिंग, ट्रम्प अंदर मौजूद थे, सुरक्षाबलों ने संदिग्ध को गोली मारी, मौत

ब्रह्मास्त्र ▸▸ वाशिंगटन

अमेरिका के वॉशिंगटन डीसी में एक संदिग्ध शख्स ने व्हाइट हाउस के पास करीब 30 राउंड फायरिंग की। भारतीय समयानुसार यह घटना शनिवार रात करीब 3:30 बजे से सुबह 5 बजे के बीच हुई। घटना के समय अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रम्प व्हाइट हाउस के अंदर मौजूद थे। रिपोर्ट के मुताबिक व्हाइट हाउस के पास संदिग्ध हमलावर ने सिक्योरिटी चेकपॉइंट पर गोलियां चलाईं, जहां वर सीक्रेट सर्विस के अधिकारी तैनात थे। अफसरों की जवाबी कार्रवाई में हमलावर को गोली लगी। हॉस्पिटल ले जाने पर उसकी मौत हो गई। युवक की पहचान 21 साल के नासिर बेस्ट के तौर पर हुई है। वह अमेरिका के मैरीलैंड राज्य का रहने वाला था। इस गोलीबारी में एक आम नागरिक भी गोली लगने से घायल हुआ है। अधिकारियों का कहना है कि अभी यह साफ नहीं है कि उसे हमलावर की गोली लगी या जवाबी फायरिंग के दौरान चोट पहुंची। घायल की हालत गंभीर बताई जा रही है। इस घटना से कुछ दिन पहले ही राष्ट्रपति ट्रम्प की बेटी को भी हत्या की धमकी मिली थी। इस मामले में एक इराकी युवक को गिरफ्तार किया गया था। वह ईरानी सेना से जुड़ा हुआ था। आरोपी के पास इवांका और उनके पति जैरेड कुशनर के फ्लोरिडा स्थित घर का ब्लूप्रिंट यानी नक्शा भी मिला था।

### रिपोर्ट- हमलावर खुद को जीजस मानता था

मीडिया रिपोर्ट्स के मुताबिक, नासिर बेस्ट मानसिक रूप से परेशान था और वह पहले भी कई बार व्हाइट हाउस के आसपास देखा गया था। उसके खिलाफ कोर्ट का आदेश था कि वह व्हाइट हाउस के पास नहीं आए, लेकिन उसने इस आदेश को नहीं माना। रिपोर्ट के मुताबिक, 26 जून 2025 को उसने सड़क पर गाड़ियों का रास्ता रोक दिया था। इसके बाद उसे इलाज के लिए मेंटल हेल्थ सेंटर भेजा गया था। करीब दो हफ्ते बाद, 10 जुलाई 2025 को वह व्हाइट हाउस के प्रतिबंधित इलाके में घुसने की कोशिश करते हुए पकड़ा गया था।

# अमेरिका-ईरान जंग खत्म करने और होर्मुज खोलने पर सहमत, ट्रम्प और खामेनेई की मंजूरी बाकी

### अमेरिकी राष्ट्रपति बोले- कोई जल्दबाजी नहीं करेंगे

ब्रह्मास्त्र ▸▸ तेल अवीव/तेहरान/

अमेरिका और ईरान युद्ध को धीरे-धीरे खत्म करने और होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान की नाकाबंदी हटाने को लेकर सैद्धांतिक रूप में एक समझौते पर सहमत हो गए हैं। यह जानकारी एक सीनियर अमेरिकी अधिकारी ने दी है। हालांकि अभी भी कई संवेदनशील मुद्दों पर अंतिम फैसला बाकी है।

ईरान की तरफ से फिलहाल सार्वजनिक रूप से यह नहीं कहा गया है कि समझौता हो गया है। पिछले 24 घंटों में ईरानी अधिकारियों के बयानों में भी कुछ अंतर दिखाई दिया है। अमेरिकी अधिकारी के मुताबिक समझौते पर अभी हस्ताक्षर नहीं हुए हैं और इसे अंतिम मंजूरी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प और ईरान के सुप्रीम लीडर मुजतबा खामेनेई से मिलनी बाकी है। इसमें कुछ दिन लग सकते हैं। अमेरिकी अधिकारी के अनुसार प्रस्तावित समझौते के तहत होर्मुज स्ट्रेट को फिर से खोला जाएगा। इसके बदले ईरान अपने एनरिच्ड यूरेनियम भंडार को खत्म करने पर सहमत होगा। हालांकि यह प्रक्रिया कैसे होगी, इस पर अभी बातचीत जारी है। ट्रम्प चाहते हैं कि अमेरिका खुद इस संवर्धित सामग्री को अपने कब्जे में ले। ट्रम्प ने सोशल मीडिया पर कहा कि उन्होंने अपने लोगों को समझौते में ह्यजल्दबाजी न करनेह्न को कहा है।




1. अमेरिका-ईरान में समझौते पर दस्तखत नहीं: अमेरिका और ईरान के बीच समझौते पर दस्तखत नहीं हो सके। इससे पहले कई मीडिया रिपोर्ट्स में दावा किया गया था कि रविवार को ही दोनों देश सीजफायर बढ़ाने और होर्मुज खोलने को लेकर समझौता कर सकते हैं।

2. ओमान के जरिए अमेरिका को मैसेज: ईरान ने ओमान के जरिए अपना मौखिक संदेश अमेरिका तक पहुंचाया। ईरान के उप विदेश मंत्री काजेम गरीबाबादी ने कहा है कि उन्होंने ईरान के विदेश मंत्री अब्बास अराघची का एक मैसेज ओमान के विदेश मंत्री तक पहुंचाया।

3. सुप्रीम लीडर की मंजूरी के बिना कोई फैसला नहीं: ईरान के राष्ट्रपति मसूद पजशकियान ने कहा कि ईरान में कोई भी बड़ा फैसला सुप्रीम लीडर की मंजूरी के बिना नहीं लिया जाएगा।

4. अमेरिका-ईरान समझौते से इजराइल चिंतित: अमेरिका और ईरान के बीच प्रस्तावित समझौते को लेकर इजराइल में चिंता बढ़ गई है। एक इजराइली अधिकारी ने कहा है कि इस समझौते से ईरान को यह मैसेज जाएगा कि वह होर्मुज का इस्तेमाल दबाव बनाने के हथियार की तरह कर सकता है।

### नेतन्याहू बोले- ईरान को कभी परमाणु हथियार हासिल नहीं करने देंगे

इजराइल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने अभी तक अमेरिका और ईरान के बीच उभर रहे संभावित समझौते पर सार्वजनिक रूप से कोई प्रतिक्रिया नहीं दी है। हालांकि, उन्होंने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर अपनी और ट्रम्प की एक अक से बनाई गई तस्वीर शेयर की। इसके साथ नेतन्याहू ने लिखा, ईरान कभी भी परमाणु हथियार हासिल नहीं करेगा। नेतन्याहू लंबे समय से ईरान के परमाणु कार्यक्रम के खिलाफ कड़ा रुख अपनाते रहे हैं। इजराइल लगातार दावा करता रहा है कि ईरान का परमाणु कार्यक्रम उसके लिए बड़ा सुरक्षा खतरा है, जबकि ईरान हमेशा कहता आया है कि उसका परमाणु कार्यक्रम केवल शांतिपूर्ण उद्देश्यों के लिए है। ईरान के सांसद महमूद नबावियन ने कहा है कि अगर अमेरिका के साथ होने वाले किसी समझौते में ईरान की मुख्य मांगें शामिल नहीं होतीं, तो वह समझौता ईरानी जनता की जीत को हार में बदल देगा।  इनमें होर्मुज स्ट्रेट पर ईरान की संप्रभुता, युद्ध हजार्ना, सभी प्रतिबंधों को हटाना, टोल वसूली का अधिकार, विदेशों में फंसी ईरानी रकम की रिहाई, क्षेत्र से अमेरिकी वापसी, यूरेनियम संवर्धन के अधिकार को स्वीकार करना और ईरान की तरफ से मांगी गई सुरक्षा गारंटी शामिल हैं।

### भारत में आवारा कुत्ते बड़ी समस्या:पर ताइवान ने इनकी देखरेख का सबसे सफल मॉडल बनाया

भारत में आवारा कुत्तों की समस्या सिरदर्द बन चुकी है। सुप्रीम कोर्ट इन्हें मौत की नींद सुलाने की टिप्पणियां कर रहा है, लेकिन ताइवान की राजधानी ताइपे ने इस समस्या का ऐसा समाधान निकाला है, जो अब विश्व मॉडल बन रहा है। आज यहां आवारा कुत्तों को लोग गोद लेते हैं। उनके लिए मेट्रो ट्रेनें हैं। डॉग पार्क हैं। स्वीमिंग पूल हैं, लेकिन ताइपे के लिए यहां तक पहुंचना आसान नहीं था। इसकी भी एक दिलचस्प कहानी है, जो भास्कर को ताइपे में हुई डॉग स्प्रिंग आउटिंग इवेंट में पता चली। इसमें मेयर वांग एन चियांग भी डॉग फ्रेंडली मेट्रो और बस में सवारी करते हुए 100 से अधिक पेट मालिकों के बीच मिलने पहुंचे थे। यहां एरिजोना यूनिवर्सिटी के प्रोफेसर फ्रांसिस नोबर्ट ने इस बदलाव की पूरी कहानी सुनाई। उन्होंने बताया कि एक समय यहां आवारा कुत्तों की गंभीर समस्या थी। इन्हें रोकने के लिए 1998 में एनिमल प्रोटेक्शन एक्ट लागू हुआ। फिर 2013 में ह्य12 नाइट्सह्न नामक डॉक्यूमेंट्री आई। इसने सरकारी शेल्टरों की भयावह तस्वीर दुनिया के सामने रखी। इसके बाद ताइवान में बड़ा जनांदोलन खड़ा हुआ।

उपाय: कुत्तों के कान में माइक्रोचिप, ताकि उसे व मालिक को ढूंढ सकें 1. अनिवार्य डिजिटल पहचान: हर पालतू कुत्ते के कान में माइक्रोचिप लगाई। इसमें कुत्ते और उसके मालिक की जानकारी होती है। इसकी लागत सिर्फ 650 रु. है। 2. जियो-टैगिंग एप से ट्रैकिंग: आवारा कुत्तों की ट्रैकिंग के लिए कृषि मंत्रालय ने एक एप लॉन्च किया है। नागरिक इस पर कुत्ते की फोटो जियो-टैगिंग (लोकेशन) के साथ अपलोड करते हैं, जिसके बाद नगर निकाय की टीम तुरंत उसका टीकाकरण करती है। 3. भारी जुमार्ना भी: यदि कोई मालिक अपने कुत्ते को सड़क पर बेसहारा छोड़ता है तो उस पर 10 हजार रु. का जुमार्ना लगाते हैं। इसे सख्ती से वसूला जाता है। 4. नसबंदी पर सब्सिडी: सरकार और नगर निगम में नर कुत्ते के लिए 3 हजार रुपए और मादा के लिए करीब 9 हजार रुपए की सब्सिडी दे रहा है।

## अंतर ढूंढो...








## सूडोकू

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 5 | | 9 | | 8 | 3 | 2 | | |
| | 2 | | 4 | | | | | 8 |
| 3 | 8 | | 5 | 2 | 6 | 1 | | |
| | 7 | | | | | | 9 | 5 |
| 9 | | 3 | 6 | | 8 | 7 | | 4 |
| 2 | 6 | | | | | | 1 | |
| | | 5 | 2 | 7 | 1 | | 8 | 6 |
| 6 | | | | | 4 | | 7 | |
| | | 8 | 9 | 6 | | 4 | | 2 |

## पिछले सुडोकू का हल

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 8 | 2 | 5 | 3 | 6 | 7 | 9 | 1 | 4 |
| 4 | 6 | 1 | 8 | 9 | 2 | 3 | 7 | 5 |
| 3 | 7 | 9 | 1 | 5 | 4 | 6 | 8 | 2 |
| 1 | 3 | 7 | 4 | 2 | 9 | 5 | 6 | 8 |
| 6 | 5 | 2 | 7 | 1 | 8 | 4 | 9 | 3 |
| 9 | 8 | 4 | 6 | 3 | 5 | 1 | 2 | 7 |
| 2 | 4 | 6 | 9 | 8 | 3 | 7 | 5 | 1 |
| 5 | 1 | 3 | 2 | 7 | 6 | 8 | 4 | 9 |
| 7 | 9 | 8 | 5 | 4 | 1 | 2 | 3 | 6 |

## वर्ग पहेली




### बाएं से दाएं

1. अचंभा, आश्चर्य-4
3. अच्छी रुचि, कलात्मक रुचि-3
6. पिता के छोटे भाई, काका-2
7. माह, मास-3
11. धावक (अंग्रेजी-3)
11. नया जीवन, उद्धार होना-5
12. लक्ष्मी, धन की देवी-3
15. बुरी आदत-2
16. पैर, पांव-2
18. देवमुनि, देवर्षि-3
20. शिकायत करना-5
22. रनिवास-3
24. बेकार, आंवारा-3
26. छोटा टुकड़ा-2
27. अभिनय, कथा मंचन-3
28. सुगंध फैलाना-4

### ऊपर से नीचे

1. सहसा, अकस्मात-4
2. एक प्रकार की शराब-2
3. प्रतिभाशाली-3
5. मननशील-5
6. चतुर्थ-2
8. नाव खेना-2, 3
10. पासे फैंक कर भविष्य जानने की विद्या-3
13. पैर मारना-5
14. मन की इच्छा-5
17. प्रकार-3
19. टूटना, बिखरना-4
21. पराजित होना, हारना-3
23. चालीस किलो के वजन को यह भी कहते हैं-2

### पिछले वर्ग पहेली का हल



## माथा पच्ची

| | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 40 | | 42 | | 3 | | 8 | = | 77 |
| | | | | | | | | |
| 42 | | 10 | | 2 | | 3 | = | 33 |
| | | | | | | | | |
| 11 | | 3 | | 25 | | 4 | = | 32 |
| | | | | | | | | |
| 45 | | 15 | | 20 | | 39 | = | 21 |
| = | | = | | = | | = | | = |
| 26 | | 20 | | 11 | | 40 | = | 33 / 20 |

## शब्दों का जाल

| | | | | | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| अ | ज | प | रे | दा | मि | ज | व | न | र | ट |
| दा | रा | यू | न | आ | स | वै | ट | इ | ह | मे |
| सिं | व | ना | पू | ज | खा | व | दि | ग | क | सो |
| धु | धी | न | ते | र्व | ज | क्ष | म | क | त | पो |
| घा | त | र | दा | शै | र्ल | ज | ओ | ग | व | द |
| ठै | अ | म | सु | य | अ | पू | न | टे | र | मि |
| ती | जं | सी | मे | हि | प | सु | श | म | ज | या |
| क | ल | ग | रि | वि | व | वी | प | ल | न | ण |
| शे | व | म | य | या | थि | त्या | शै | म | प | क |
| ज | ग | त | न | ज | ज | त्र | दा | जी | र्य | त |
| वे | धी | लो | नि | या | ल | ज | र | या | त | व |


## अष्टयोग

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| | 1 | | 4 | | | 2 |
| 2 | 28 | 4 | 40 | | 35 | 4 |
| | 2 | | 6 | 4 | | |
| 5 | 28 | 3 | 38 | 6 | 34 | 1 |
| | | 6 | 3 | | 1 | |
| 3 | 31 | | 24 | 1 | 30 | 6 |
| 7 | | | 4 | | 3 | |


## रंग भरकर चित्र बनाओ



## रास्ता खोजों...




## रंग भरकर चित्र बनाओ



# रूस ने यूक्रेन पर ओरेश्निक मिसाइल से हमला किया

# यह परमाणु हथियार ले जाने में सक्षम; जेलेंस्की बोले- रूसी पागल हो चुके हैं

रूस ने रविवार को यूक्रेन पर कई मिसाइलों और ड्रोनों से हमला किया जिसमें कम से कम 4 लोगों की मौत हो गई और कई दर्जन लोग घायल हैं। हमलों का निशाना यूक्रेन की राजधानी कीव के आसपास के इलाके थे। रूस ने कहा कि यह हमला यूक्रेनी हमलों के जवाब में किया गया। रूसी रक्षा मंत्रालय के मुताबिक हमलेमें ओरेशनिक हाइपरसोनिक मिसाइल का भी इस्तेमाल हुआ। यह मिसाइल परमाणु हथियार ले जाने में भी सक्षम है। यूक्रेनी राष्ट्रपति वोलोदिमिर जेलेंस्की ने रूस पर जानबूझकर नागरिक इलाकों को निशाना बनाने का आरोप लगाया। उन्होंने टेलीग्राम पर लिखा कि रूसी हमलों में पानी सप्लाई करने वाली एक फैसिलिटी को नुकसान पहुंचा, एक बाजार जल गया और कई घरों व स्कूलों पर हमला हुआ। जेलेंस्की ने कहा कि रूस के तरफ से दागी ओरेश्निक मिसाइल बिला त्सेरक्वा शहर के पास गिरी। उन्होंने कहा, ह्लवे सचमुच पागल हो चुके हैं। जरूरी है कि रूस को इसकी सजा मिले।ह्व यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्री सिबिहा ने कहा कि मिसाइल में डमी वारहेड लगाया गया था।



## रूस के मिसाइल और ड्रोन हमले के दौरान यूक्रेन की राजधानी कीव के ऊपर आसमान में विस्फोट की चमक दिखाई दी





रूस के हमले के दौरान यूक्रेन की राजधानी कीव में हुए विस्फोट के बाद आग और धुआं उठता दिखाई दिया।

## रूस ने रूस पर 700 मिसाइल-ड्रोन हमले किए

यूक्रेनी वायुसेना के मुताबिक रूस ने रातभर में 600 ड्रोन और 90 मिसाइलें दागीं। एयर डिफेंस सिस्टम ने इनमें से 604 हथियारों को मार गिराया। विदेश मंत्री सिबिहा ने इसे राजधानी पर हुए सबसे बड़े हमलों में से एक बताया। जेलेंस्की ने कहा, ह्लदुर्भाग्य से सभी बैलिस्टिक मिसाइलें नहीं रोकी जा सकीं। सबसे ज्यादा नुकसान कीव को हुआ और यही इस रूसी हमले का मुख्य निशाना था। जेलेंस्की ने पुतिन पर निशाना साधते हुए कहा कि ह्लअमेरिका, यूरोप और बाकी देशों को फैसले लेने होंगे ताकि मॉस्को में बैठे बूढ़े व्यक्ति पर इतना दबाव बने कि उन्हें आखिरकार युद्ध रोकने और शांति की बात करनी पड़े। राजधानी पर यह हमला उस समय हुआ जब रूसी राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने यूक्रेन के एक हमले के जवाब में कार्रवाई का आदेश दिया था। यूक्रेन ने रूस के कब्जे वाले इलाके में हमला किया था, जिसमें कई लोगों की मौत हुई थी  दूसरी तरफ पुतिन ने यूक्रेन पर आतंकी हमला करने का आरोप लगाया। उनका दावा है कि यूक्रेनी ड्रोन ने शुक्रवार को पूर्वी लुहान्स्क क्षेत्र के रूस-नियंत्रित स्टारोबिल्स्क शहर में एक कॉलेज हॉस्टल को निशाना बनाया। रूसी सरकारी समाचार एजेंसी टास के मुताबिक इस ड्रोन हमले में मारे गए बच्चों की संख्या बढ़कर 18 हो गई है। रूस के आपातकालीन मंत्रालय ने कहा कि मलबे के नीचे अभी भी तीन लोगों के फंसे होने की आशंका है।

## रूस ने अब तक सिर्फ 3 बार ओरेश्निक का इस्तेमाल किया

**अमेरिका ओरेश्निक को मध्यम दूरी की बैलिस्टिक मिसाइल मानता है। यह मिसाइल पारंपरिक या परमाणु वारहेड ले जाने में सक्षम है। इसकी रफ्तार और उड़ान का तरीका ऐसा है कि यूक्रेन के मौजूदा एयर डिफेंस सिस्टम के लिए इसे रोकना लगभग नामुमकिन माना जाता है। रूस ने अब तक सिर्फ तीसरी बार इस मिसाइल का इस्तेमाल किया है।**

रूस ने ओरेशनिक मिसाइल का पहली बार इस्तेमाल 21 नवंबर 2024 को किया था। उस समय इस मिसाइल से यूक्रेन के द्नीप्रो शहर में स्थित पिवदेनमाश एयरोस्पेस प्लांट पर हमला किया गया था। उस वक्त शुरूआत में यूक्रेन को लगा था कि रूस ने इंटरकॉन्टिनेंटल बैलिस्टिक मिसाइल दागी है, लेकिन बाद में पता चला कि वह ओरेशनिक मिसाइल थी।




दूसरी बार रूस ने जनवरी 2026 में ओरेशनिक का इस्तेमाल किया। यह हमला पश्चिमी यूक्रेन के ल्वीव क्षेत्र पर किया गया था। रूस ने कहा था कि निशाना ल्वीव स्टेट एविएशन रिपेयर प्लांट था।

### ओरेश्निक पर डमी वॉरहेड लगाकर दागा

यूक्रेन के विदेश मंत्री आंद्री सिबिहा ने कहा कि ओरेश्निक मिसाइल में डमी वारहेड लगाया गया था।

यूरोपीय संघ की विदेश नीति प्रमुख काजा कैलस ने एक्स पर लिखा कि ह्लओरेश्निक जैसी परमाणु वारहेड ले जाने वाली मिसाइल का इस्तेमाल राजनीतिक डर पैदा करने और बेहद खतरनाक परमाणु शक्ति प्रदर्शन की कोशिश है। फ्रांस के राष्ट्रपति इमैनुएल मैक्रों ने भी रूस के रातभर चले हमले की निंदा की। उन्होंने कहा कि ओरेश्निक मिसाइल का इस्तेमाल रूस के आक्रामक युद्ध में और बड़ा उकसावा है। जर्मनी के चांसलर फ्रीडरिष मर्ज ने इसे बेहद गैरजिम्मेदार बढ़ोतरी बताया और कहा कि जर्मनी यूक्रेन के साथ मजबूती से खड़ा रहेगा।

■ वर्ष-12 अंक-201 मूल्य- 2 रु. मध्यप्रदेश |छत्तीसगढ़ |गुजरात |महाराष्ट्र |राजस्थान |उत्तरप्रदेश |उत्तरांचल मालवा डिवीजन 402/2024-2026 आर एन आई क्रमांक 2013/57651

## सुभाषितानि

सत्येन पूयते साक्षी धर्मः सत्येन वर्धते।
तस्मात् सत्यं हि वक्तव्यं सर्ववर्णेषु साक्षिभिः॥

**भावार्थ** : सत्य वचन से साक्षी पावन बनता है, सत्य से धर्म बढ़ता है। इसलिए सभी वर्णो में, साक्षी ने सत्य हि बोलना चाहिए।

यदा यदा हि धर्मस्य ग्लानिर्भवति भारत। अभ्युत्थानमधर्मस्य तदात्मानं सृजाम्यहम्॥

दैनिक ब्रह्मास्त्र

उज्जैन, सोमवासरः 25 मई, 2026

## भोजनं यदा परोक्ष्यते स्म तदा रैते काकस्य आविष्कारेण

ब्रह्मास्त्र ›› जबलपुर

छात्राः तत्क्षणमेव छायाचित्रं गृहीत्वा घटनायाः भिडियो रिकाड् कृतवन्तः। अपि च भोजनं यदा परोक्ष्यते स्म तदा रैते काकस्य आविष्कारेण छात्राणां आक्रोशः उत्पन्नः। तदनन्तरं छात्रावासस्य निवासिनः छात्राः विश्वविद्यालयप्रशासनं खाद्यसुरक्षाविभागं च लिखितशिकायतां प्रदत्तवन्तः। सामाजिकमाध्यमेषु अपि एषः विषयः शीघ्रमेव कर्षणं प्राप्तवान्, अतः प्रशासनं कार्यवाही कर्तुं प्रेरितवान्। निरीक्षणं कृत्वा खाद्यसुरक्षाविभागस्य अधिकारी माधुरीमिश्रेण उक्तं यत् परिसरे अस्वच्छताः दृश्यन्ते, अनेकेषु क्षेत्रेषु स्वच्छतामानकानां पालनम् न क्रियते। सा अन्ननिर्माणक्षेत्रे स्वच्छतायाः स्थितिः असन्तोषजनकः इति अवलोकितवती। प्रक्षालनक्षेत्रम् अत्यन्तं मलिनम् इति ज्ञातम्, खाद्यपदार्थानाम् सुरक्षितसञ्चयस्य अपि अपर्याप्तव्यवस्था आसीत्।

तस्याग्निर्जलमर्णवः स्थलमरिर्मित्रं सुराः किंकराः कान्तारं नगरं गिरि गृहमहिर्माल्यं मृगारि मृगः ।
पातालं बिलमस्त्र मुत्पलदलं व्यालः श्रृगालो विषं पीयुषं विषमं समं च वचनं सत्याञ्चितं वक्ति यः ॥

**भावार्थ** : जो सत्य वचन बोलता है, उसके लिए अग्नि जल बन जाता है, समंदर जमीन, शत्रु मित्र, देव सेवक, जंगल नगर, पर्वत घर, साँप फूलों की माला, सिंह हिरन, पाताल दर, अस्त्र कमल, शेर लोमडी, झहर अमृत, और विषम सम बन जाते हैं ।

## सम्पादकीयम्

### राष्ट्रव्यापी पुनर्परीक्षायाः

अस्मिन् समये केवलं नीट-यूजी परीक्षायाः कृते प्रायः २.२७९ मिलियनं छात्राः उपस्थिताः आसन्। अधुना, ते परीक्षाप्रक्रियायाः तनावं चिन्ताञ्च पुनः सर्वं सहितुं बाध्यन्ते। एतेन कोटिकोटिछात्राणां कृते गम्भीरः अन्यायः भवति ये यत्नपूर्वकं अध्ययनं कृतवन्तः, विद्यमानव्यवस्थायां विश्वासं च कृतवन्तः। सुधारस्य आवश्यकता : कागदस्य लीकस्य अनियमिततायाः च पुनः पुनः प्रसङ्गाभिः एतत् स्पष्टं भवति यत् एनटीए इत्यस्य परिचालनप्रक्रियासु परिष्कारस्य आवश्यकता वर्तते। यदि एजन्सी अतिभारयुक्ता भवति तर्हि तस्याः उत्तरदायित्वं अन्यैः संस्थाभिः सह साझां कर्तुं शक्यते स्म। दोषाणां उत्तरदायित्वं भवितुमर्हति, अन्तिमनिमेषनिर्णयाः-ये प्रायः अराजकतां जनयन्ति-तत् कठोररूपेण परिहर्तव्याः। कागदस्य लीकस्य उत्तरदायीनां विरुद्धं कठोरकार्याणि करणीयाः, येषां प्रमादेन एतादृशाः घटनाः भवितुं शक्नुवन्ति तेषां विरुद्धं दण्डात्मकाः उपायाः अपि आरब्धाः भवेयुः एजन्सीद्वारा कृतानां सर्वेषां निर्णयानां मूलभूतं छात्राणां हितं अवश्यमेव तिष्ठति। दशकस्य अनुभवः अवश्यमेव स्वस्य त्रुटिभ्यः शिक्षितुं पर्याप्तः समयः भवति। परन्तु राष्ट्रव्यापी पुनर्परीक्षायाः आग्रहः अन्ततः अङ्गीकृतः। तस्मिन् एव वर्षे यूजीसी-नेट् परीक्षायाः पुनः एकवारं अनियमिततायाः कारणात् रद्दः कर्तव्यः आसीत्। अस्मिन् वर्षे अपि सीयूईटी-यूजी इत्यस्य परीक्षाकेन्द्राणां विषये शिकायतां प्रकटितानि सन्ति।

ईओडब्ल्यू बैंकस्य अधिकारिणां लाभार्थिनां च विरुद्धं एफआईआर पञ्जीकरणं करोति

# 1.25 कोटिरूप्यकाणि यावत् मिथ्यारूपेण महती अभवत्



ब्रह्मास्त्र ›› इन्दौर

आर्थिक अपराधविभागेन केनरा बैंके एकस्य भूखण्डस्य बंधकीकरणस्य प्रकरणे लाभार्थीनां तत्कालीनबैङ्कप्रबन्धकस्य च विरुद्धं एफआईआर-पञ्जीकरणं कृत्वा महत्त्वपूर्णा कार्यवाही कृता अस्ति, यतः तस्य घोषितमूल्यं 1.25 कोटिरूप्यकाणि यावत् मिथ्यारूपेण महती अभवत्।

ईओडब्ल्यू इत्यस्य अनुसारं अभियुक्तः विमलेशचतुर्वेदी इत्यनेन इन्दौरस्य मनीषबाग इत्यत्र स्थितस्य विवादितस्य भूखण्डस्य कृते जालीदस्तावेजाः सज्जीकृताः। भूखण्डस्य मूल्यं स्थूलरूपेण वर्धयित्वा सः केनराबैङ्के बन्धकं कृत्वा १.९५ कोटिरूप्यकाणां ऋणार्थं आवेदनं कृतवान्। बैंकस्य तत्कालीनः शाखाप्रबन्धकः, विभागीयप्रबन्धकः, अनुभागप्रमुखः, प्रसंस्करणपदाधिकारी च स्थापितानां नियमानाम् अवहेलनां पूर्णतया अकरोत्; किमपि वास्तविकं भौतिकसत्यापनं न कृत्वा वा वैधमूल्यांकनप्रतिवेदनं न प्राप्य ते ऋणसञ्चिकासु सन्तोषजनक टिप्पण्यानि अभिलेखितवन्तः, येन ऋणस्य अनुमोदनं सुलभं जातम् परस्परं साझेदारी कृत्वा तथा च बैंक-मान्यतानां प्रकट-उल्लङ्घनेन अभियुक्ताः प्राथमिक-आरोपिणः कृते अनुचित-वित्तीय-लाभं प्रसारयन् बैंकाय कुल-1.70 कोटि-रूप्यकाणां आर्थिकहानिम् अकुर्वन्

निम्नलिखित अभियुक्तानां विरुद्धं प्राथमिकी पञ्जीकृतः : १.

श्री. विमलेश चतुर्वेदीः श्री रामप्रसाद चतुर्वेदी के पुत्र; निवासी 365-सी.एस. 1, योजना संख्या 78, विजय नगर, इंदौर; मेसर्स ए.वी. ग्राफिक्स एण्ड ट्रेडिंग।

2. श्री. तरुण भार्गवः श्री सुभाषचन्द्र भार्गव के पुत्र; निवासी 2-डी 11, जय नारायण व्यास कालोनी, बीकानेर, राजस्थान; तत्कालीन-शाखा प्रबन्धक, केनरा बैंक, कनाडिया रोड शाखा, इन्दौर। 3. श्री कौशिक कुमार प्रबुद्ध पुत्र अशोक सिंह आयु 70 वर्ष निवासी निघवान थाना कुर्था जिला अरवल बिहार; पूर्व अनुभाग प्रमुख, केनरा बैंक, सुलभ कार्यालय, भामोरी, इंदौर।

4. श्रीमती खुशबू सिलावत, पत्नी श्री कपिल सिलावत, बी-11 बालाजी नगर, वडोदरा (गुजरात); पूर्व प्रसंस्करण अधिकारी, केनरा बैंक, सुलभ कार्यालय, भामोरी, इंदौर।

5. श्रीमती शर्मिष्ठ सिंह पत्नी श्री हरीश शर्मा निवासी ग्राम उपरी नैली डाकघर एवं तहसील बंगना जिला उना हिमाचल प्रदेश; संभागीय प्रबन्धक, केनरा बैंक, सुलभ कार्यालय, भामोरी, इंदौर।

विमलेश चतुर्वेदी, मेसर्स ए.वी. ग्राफिक्स, मिथ्यारूपेण प्रतिनिधित्वं कृतवान् यत् सः इन्दौरस्य मनीषबागस्य आवासीय-उपनिवेशे स्थितं प्लॉट् क्रमाङ्क-२-बी (क्षेत्रः १००० वर्गफीट्) १,२५,००,०००/--रूप्यकेन क्रीतवान्।

ओटीटी-मञ्चाः

## चलच्चित्रसङ्गठनानि च एकत्र आगत्य अग्रे ये आव्हानाः

ब्रह्मास्त्र ›› नव देहली

कमलहासनः स्वस्य मुक्तपत्रे अपि सम्पूर्णं चलच्चित्रक्षेत्रं सम्मिलितं कृत्वा सामूहिकसंवादस्य आह्वानं कृतवान्। सः प्रतिपादितवान् यत् निमार्तारः, अभिनेतारः, निर्देशकाः, संघाः, स्टूडियो, वितरकाः, सिनेमाभवनसञ्चालकाः, ओटीटी-मञ्चाः, चलच्चित्रसङ्गठनानि च एकत्र आगत्य अग्रे ये आव्हानाः सन्ति तेषां विषये चर्चां कुर्वन्तु इति। सः सुझावम् अयच्छत् यत् उद्योगेन शूटिंग-प्रोटोकॉल-पालनं, निर्धारितसमयान्तरे कार्यं सम्पन्नं, अनावश्यक-विलासिता-व्ययस्य नियन्त्रणं, ऊर्जा-संरक्षणं, सेट्-निमार्णे स्थायि-प्रथाः च स्वीक्रियताम् इति विषये ध्यानं दातव्यम्।

सः टिप्पणीं कृतवान् यत् भारतीयचलच्चित्रस्य बहवः महान् चलच्चित्राः अतिव्ययात् न, अपितु विचारस्य स्पष्टतायाः, अनुशासनस्य, दृढस्य कलात्मकदृष्टेः च कारणेन जाताः कमल हासनः अवलोकितवान् यत् उद्योगः प्रायः भव्यतां सफलतायाः वा स्केलस्य वा प्रतीकं इति भ्रमति, यदा तु यथार्थं बलं कथाकथनस्य गुणवत्तायां, सिनेमाशिल्पे च निहितं भवति।

कमलहासनः स्वपत्रे प्रधानमन्त्री नरेन्द्रमोदी इत्यस्य हाले कृतस्य आह्वानस्य अपि उल्लेखं कृतवान्। सः अवलोकितवान् यत् राष्ट्रियस्तरस्य उत्तरदायी उपभोगस्य अनुशासनस्य च आह्वानं प्रत्येकस्य क्षेत्रस्य कृते प्रासंगिकम् अस्ति, अस्मिन् प्रयासे चलच्चित्र-उद्योगः अपि स्वस्य भागं अवश्यं निर्वहति इति सः प्रतिपादितवान् यत् एषः एव क्षणः व्यक्तिगतहितात् उपरि राष्ट्रहितं प्राथमिकताम् अददात्। तस्य दृष्ट्या भारतीयचलचित्रं केवलं मनोरञ्जनस्य माध्यमं नास्ति, अपितु समाजं संस्कृतिं च गहनतया।

## राशिफल

**मेष** : अपनी भावनाओं को सही तरीके और स्पष्ट रूप से जाहिर करें। गुस्से से बचें और शब्दों पर ध्यान दें।

**वृषभ** : आज कार्यक्षेत्र में अपने विचारों को खुलकर जाहिर करें और सहकर्मी के साथ संवाद करें।

**मिथुन** : रिश्तों में सुधार होगा। आज का दिन कार्यस्थल पर आपको नई पहचान दिला सकता है।

**कर्क** : आपके प्रेम-संबंधों में मजबूती आएगी। जीवनसाथी के साथ अनबन को खत्म करने में सफल रहेंगे।

**सिंह** : आज का दिन मिलाजुला रहने वाला है। अपने विचारों को स्पष्ट रूप से जाहिर करें। परिवार का साथ मिलेगा।

**कन्या** : सेहत में उतार-चढ़ाव आ सकते हैं। किसी बड़े फैसले को लेने में कठिनाई का सामना करना पड़ सकता है।

**तुला** : समाज में आपकी मान-प्रतिष्ठा बढ़ेगी। लोग आपकी बातों से प्रभावित होंगे और सलाह भी मांग सकते हैं।

**वृश्चिक** : बातचीत के माध्यम से किसी का दिल जीतने में सफल हो सकते हैं। लव लाइफ पॉजिटिव मोड़ ले सकती है।

**धनु** : धन की स्थिति थोड़ी कंफ्यूजन भरी रहेगी। आज खर्चों पर लगाम लगाना बहुत जरूरी है। आत्मविश्वास बनाए रखें।

**मकर** : लोग आपसे प्रेरित होंगे और आपकी तरह बनना चाहेंगे। आज आप ज्यादा प्रसन्न और संतुष्ट महसूस कर सकते हैं।

**कुंभ** : कार्यक्षेत्र में काम का दबाव बढ़ सकता है, जिससे मानसिक तनाव हो सकता है। जीवनसाथी के साथ अनबन के संकेत हैं।

**मीन** : धन के मामले में आपको विजय मिलेगी। शत्रु पक्ष परास्त होगा और आपका दबदबा कायम रहेगा।

ज्योतिष/वास्तु

# बुध-शुक्र की युति से बनेगा लक्ष्मी नारायण राजयोग, 5 राशियों पर बरसेगा पैसा

29 मई 2026 को बनने वाला लक्ष्मी नारायण राजयोग कुछ राशियों के लिए बेहद शुभ साबित हो सकता है। इस दौरान धन लाभ, करियर में तरक्की, रुका हुआ पैसा मिलने और आर्थिक स्थिति मजबूत होने के प्रबल योग बन रहे हैं।

ज्योतिष शास्त्र के अनुसार ग्रहों का राशि परिवर्तन कई शुभ और विशेष योगों का निर्माण करता है, जिसका प्रभाव सभी 12 राशियों पर देखने को मिलता है। 29 मई 2026, शुक्रवार को बुध ग्रह मिथुन राशि में प्रवेश करने जा रहे हैं, जहां पहले से ही शुक्र देव विराजमान हैं। बुध और शुक्र की इस युति से बेहद शुभ माने जाने वाला लक्ष्मी नारायण योग बनेगा। यह योग धन, वैभव, सुख-समृद्धि और करियर में तरक्की का कारक माना जाता है। ऐसे में इस शुभ संयोग का सकारात्मक प्रभाव खासतौर पर 5 राशियों के जातकों पर पड़ेगा और उन्हें आर्थिक लाभ के साथ कई शुभ समाचार मिल सकते हैं।

**वृषभ राशि–** वृषभ राशि के जातकों के लिए लक्ष्मी नारायण योग बेहद शुभ और लाभदायक साबित हो सकता है। इस दौरान करियर में तरक्की के नए अवसर मिलेंगे और कार्यक्षेत्र में आपकी मेहनत की सराहना होगी। नौकरीपेशा लोगों को पदोन्नति या नई जिम्मेदारी मिल सकती है। व्यापार करने वालों को अच्छा आर्थिक लाभ होने के संकेत हैं। लंबे समय से रुका हुआ पैसा वापस मिल सकता है, जिससे आर्थिक स्थिति मजबूत होगी। परिवार में सुख-शांति बनी रहेगी और आत्मविश्वास में भी बढ़ोतरी होगी।

**मिथुन राशि–** बुध और शुक्र की युति मिथुन राशि में ही होने जा रही है, इसलिए इस राशि के जातकों पर इसका सबसे अधिक सकारात्मक प्रभाव देखने को मिल सकता है। करियर और कारोबार में सफलता मिलने के प्रबल योग हैं। नौकरी की तलाश कर रहे लोगों को अच्छी खबर मिल सकती है, वहीं कार्यरत लोगों को प्रमोशन या नई नौकरी का ऑफर मिलने की संभावना है। व्यापारियों के लिए भी समय लाभकारी रहेगा और नए संपर्कों से फायदा होगा। आर्थिक मामलों में सुधार आएगा और जीवन में सुख-सुविधाएं बढ़ सकती हैं।

**सिंह राशि–** सिंह राशि वालों के लिए लक्ष्मी नारायण योग मान-सम्मान और प्रतिष्ठा में वृद्धि कराने वाला साबित होगा। समाज और कार्यक्षेत्र में आपकी छवि मजबूत होगी। नौकरी और बिजनेस में तरक्की के योग बन रहे हैं। आय के नए स्त्रोत खुल सकते हैं। ऐसा करने से आर्थिक स्थिति पहले से बेहतर होगी। परिवार का सहयोग मिलेगा और मन प्रसन्न रहेगा। जो लोग लंबे समय से किसी सफलता का इंतजार कर रहे थे, उन्हें शुभ समाचार मिल सकता है।

**कन्या राशि–** कन्या राशि के लोगों के लिए यह योग व्यापार और करियर में विशेष लाभ देने वाला रहेगा। व्यापारियों को किसी बड़ी डील या नए प्रोजेक्ट से तगड़ा मुनाफा हो सकता है। नौकरीपेशा लोगों को मेहनत का पूरा फल मिलेगा और अधिकारियों का सहयोग प्राप्त होगा। आर्थिक मामलों में मजबूती आएगी और निवेश से भी लाभ मिलने की संभावना है। इस दौरान आपके आत्मविश्वास में वृद्धि होगी और कई रुके हुए काम पूरे हो सकते हैं।

**तुला राशि–** तुला राशि के जातकों के लिए लक्ष्मी नारायण योग आर्थिक दृष्टि से बेहद लाभकारी रहने वाला है। रुका हुआ धन वापस मिलने की संभावना है और अचानक धन लाभ भी हो सकता है। बचत करने में सफलता मिलेगी और निवेश से अच्छा फायदा मिलने के संकेत हैं। नौकरी और व्यापार में स्थिति मजबूत होगी तथा नए अवसर प्राप्त हो सकते हैं। परिवार में खुशियों का माहौल रहेगा और मानसिक तनाव कम होगा। यह समय भविष्य की योजनाओं को सफल बनाने में मददगार साबित हो सकता है।

## खबर एक नजर...

### दुकान पर काम करने के एवज में युवक से मांगा हफ्ता

**उज्जैन।** महाकाल मंदिर क्षेत्र में फूल प्रसाद की दुकान पर काम करने वाले गोपाल पिता राजेश रायकवार 21 साल निवासी राजीव रत्न कालोनी को कोट मोहल्ला क्षेत्र में प्रिंस, रोहन और एक अन्य ने रास्ता रोक दुकान पर काम करने के एवज में 500 रुपए हफ्ता मांगा। गोपाल के मना करने पर तीनों ने मारपीट कर जान से मारने की धमकी दी। मामले में महाकाल थाना पुलिस ने गोपाल की शिकायत पर तीनों के खिलाफ प्रकरण दर्ज किया है। बताया जा रहा है कि तीनों आरोपित मंदिर क्षेत्र में फूल प्रसाद की दुकान चलाते है। गोपाल का व्यवसाय अच्छा चलने पर तीनों ने रास्ता रोक रूपयों की मांग की है। पुलिस के अनुसार तीनों को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया जायेगा।

### तराना में बाइक से गिरे वृद्ध की 4 दिन बाद मौत

**उज्जैन।** तराना में अग्रवाल वेयर हाऊस के पास 20 मई को बाइक का संतुलन बिगड़ने पर शैलेन्द्र पिता लक्ष्मीनारायण दीक्षित 65 साल निवासी स्टेशन रोड तराना गिरकर गंभीर घायल हो गये थे। परिजन शासकीय अस्पताल तराना लेकर पहुंचे थे। लेकिन सिर में गंभीर चोंट लगी होने पर उज्जैन रैफर कर दिया गया था। परिजन नीलगंगा थाना क्षेत्र के माधव क्लब मार्ग निजी अस्पताल लेकर पहुंचे थे। जहां चार दिन चले उपचार के बाद रविवार दोपहर मौत हो गई। नीलगंगा थाना पुलिस ने मर्ग कायम कर पोस्टमार्टम कराया गया है। मर्ग डायरी तराना थाना पुलिस को सौंपी जायेगी।

### सीसीटीवी कैमरे में दिखा बुलेट चोरी करने वाला बदमाश

**उज्जैन।** शहर में दिन-रात दो पहिया वाहन चोरी की वारदात लगातार सामने आ रही है। दिनदहाड़े हुई वारदात चिमनगंज थाना क्षेत्र के तिरूपति सेफरान कालोनी से सामने आई है। यहां रहने वाले देव ठाकुर ने अपनी बुलेट दोपहर के समय घर के बाहर खड़ी थी, शाम को बुलेट दिखाई नहीं दी तो आसपास तलाश की, लेकिन कुछ पता नहीं चला। बुलेट का पता लगाने के लिये कालोनी में लगे सीसीटीवी कैमरों के फुटेज देखे तो एक बदमाश लॉक तोड़कर बुलेट लेकर जाता दिखाई दिया। उक्त बदमाश के फुटेज पुलिस को सौंपे गये है। जिसके आधार पर बदमाश की तलाश की जा रही है। बताया जा रहा है कि पिछले कुछ दिनों में तिरूपति सेफरान कालोनी से 5 दो पहिया वाहन चोरी हो चुके है। लेकिन पुलिस एक भी वाहन का पता नहीं लगा पाई है। चिमनगंज थाना क्षेत्र ही नहीं शहर के हर थाना क्षेत्र से आये दिन बाइक चोरी के मामले सामने आ रहे है।

### कुख्यात बदमाश ने खरगोन से खरीदा था कट्टा

**उज्जैन।** फर्जी गोलीकांड में फरार 10 हजार के इनामी कुख्यात बदमाश रौनक गुर्जर को 40 दिन बाद पुलिस ने जिंदा कारतूस और देशी कट्टे के साथ हिरासत में लिया था। जिससे रिमांड पर पूछताछ जारी है। चिमनगंज थाना एसआई आर.आर. चौहान ने बताया कि ढांचा भवन में 12 अप्रैल की रात फर्जी गोलीकांड में अतिक माहूरकर घायल हुआ था। जिसने पूछताछ में गोली मारने का आरोप आला बाथम पर लगाया था, लेकिन जांच में पूरा मामला झूठा साबित हुआ था और गोलीकांड का षडयंत्र कुख्यात बदमाश रौनक गुर्जर की साजिश होना सामने आया था। जिसकी गिरफ्तारी पर 10 हजार का इनाम घोषित किया गया था। 40 दिन बाद हिरासत में आने पर बदमाश के पास से देशी कट्टा और जिंदा कारतूस मिला था। अवैध हथियार का पता लगाने के लिये रौनक गुर्जर को न्यायालय में पेश कर 2 दिनों की पुलिस रिमांड पर लिया गया है। इस दौरान सामने आया कि देशी कट्टा खरगोन से खरीदा गया था। पुलिस ने खरगोन में कट्टा और कारतूस उपलब्ध कराने वाले की तलाश की लेकिन जानकारी स्पष्ट नहीं हो पाई है। बदमाश रौनक का सोमवार को रिमांड खत्म होने पर उसे न्यायालय में पेश कर जेल भेजा जायेगा।

4 5 6

### शिवधाम में दिनहादड़े 2 मकानों में चोरी की वारदात

# चोरों का पुलिस से सामान, थाना प्रभारी ने छुड़ाया बेग

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

दिनदहाड़े 2 मकानों में वारदात कर भाग रहे 2 चोरों का सामान पुलिस से हो गया। पुलिस ने पकडने का प्रयास किया, थाना प्रभारी ने बाइक पर पीछे बैठे एक चोर से बेग छीन लिया। लेकिन दोनों भागने में सफल रहे। पुलिस को चोरों का सुराग मिल गया है। संभावना है कि जल्द गिरफ्तार किया जायेगा।

मामला नागझिरी थाना क्षेत्र का है। थाना प्रभारी कमल निगवाल ने बताया कि क्षेत्र में पिछले कुछ दिनों से शुक्रवार से रविवार के बीच वाहन चोरी होना सामने आ रहा था। जिसके चलते शनिवार दोपहर में सैफी पेट्रोल पंप के पास चौकी के सामने बेरिकेटिंग कर वाहनों की चैकिंग शुरू की गई थी। तभी बाइक से 2 व्यक्ति आते दिखाये दिये। जिन्हे रोकने गया तो भागने का प्रयास करने लगे। दोनों की घेराबंदी की गई इस बीच पीछे बैठे व्यक्ति का बेग उनके हाथ में आ गया। लेकिन दोनों भागने में सफल हो गये। बेग हाथ में आने पर उसमें चांदी के आभूषण रखे होना सामने आये। चोरी की शंका होने पर दोनों की तलाश शुरू की गई बदमाश तो नहीं मिले पर दोनों का सुराग मिल गया है, जिनकी गिरफ्तारी के प्रयास किये जा रहे है। इस बीच शाम को पता चला कि शिवधाम कालोनी में रहने वाले रामसहारे के दिनदहाड़े चोरी की वारदात हुई है। जिनके घर से चांदी के आभूषण चोरी हुये है। रामसहारे का परिवार काम पर गया हुआ था, पुलिस ने रामसहारे से आभूषणों की तस्दीक कराई तो उनके घर से चोरी होना पाये गये। तभी खबर मिली कि शिवधाम कालोनी में रहने वाले प्रशांतिधाम कॉलेज के प्रोफेसर अजहरूद्दीन सिद्धिकी के मकान में भी बदमाशों ने वारदात को अंजाम देते हुये 30 हजार रुपए नगद और सोने के 4 से 5 तोला आभूषण चोरी हुये है। थाना प्रभारी निगवाल के अनुसार पूरी आशंका है कि दिनदहाड़े दोनों वारदात को चैकिंग में पुलिस से भिड़े बदमाशों द्वारा अंजाम दिया गया है। बताया जा रहा है कि प्रोफेसर सिद्धिकी की पत्नी जैनब स्वास्थ्य विभाग में पदस्थ है। दोनों की कुछ समय पहले दोनों की शादी हुई है। शनिवार को सुबह 10 बजे बाद दोनों ड्युटी पर चले गये थे। शाम को लौटने पर मकान ताला टूटा और घर सामान बिखरा होना सामने आया।



#### तपती गर्मी में कालोनियों में सन्नाटा

तपती गर्मी में तापमान 42 डिग्री के करीब बना हुआ है। इस दौरान कालोनियों में दोपहर के समय सन्नाटा पसरा रहता है। संभावना जताई जा रही है कि इसी का फायदा बदमाशों ने उठाया और सूने मकानों की रैकी कर शिवधाम कालोनी में वारदात को अंजाम दिया है। पुलिस को आशंका है कि चोरी करने वाले पारदी-कंजर गिरोह के हो सकते है। क्योंकि वाहन चोरी में भी सबसे ज्यादा इनकी मौजदूगी होना सामने आती है।

## परिजनों से बिछड़ा युवक, पुलिस ने मिलवाया

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

सजग पुलिसिंग के साथ महाकाल थाना पुलिस मानवता का काम भी बखूबी कर रही है। रविवार को राजस्थान के बीकानेर से माता-पिता और बहन-जीजा के साथ महाकाल दर्शन करने आया मानसिक रूप से अस्वस्थ्य युवक मंदिर परिसर में भीड़ के बीच परिवार से बिछड़ गया और तपती गर्मी में नंगे पैर भटकता हुआ नलियाबाखल क्षेत्र तक पहुंच गया। युवक को बदहवास हालत में मीडियाकर्मी शाहीद खान ने देखा तो पूछताछ का प्रयास किया, लेकिन मानसिक अस्वस्थ्य होने पर मामले से महाकाल थाना पुलिस को अवगत कराया। थाना प्रभारी गगन बादल ने परिजनों से बिछड़ों को मिलवाने में भूमिका निभाने वाले एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान को अलर्ट किया। एएसआई चौहान युवक को बाइक पर बैठाकर परिजनों की तलाश में निकले। युवक अपना नाम-पता ठीक से नहीं बता पा रहा है। एएसआई ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म का सहारा लिया और परिजनों की तलाश शुरू की। युवक के बिछड़ने पर परिजन भी उसकी तलाश में मंदिर क्षेत्र के आसपास घूम रहे थे। करीब 1 घंटे बाद एक आटो चालक ने परिजनों को बदहवास हालत में युवक की तलाश करते देखा तो महाकाल थाना पुलिस से संपर्क करने की बात कहीं। परिजनों ने पुलिस से संपर्क किया तो युवक और परिजनों का मिलन हो गया। युवक का नाम हरीश पिता गणेश सोनी था। परिजनों ने हरीश के मिलने पर पुलिस का आभार माना। थाना प्रभारी गगन बादल ने बताया कि देशभर से महाकाल दर्शन के लिये आने वाले परिवारों के सदस्य को भीड़ में बिछड़ने पर मिलवाने का काम एएसआई चंद्रभानसिंह चौहान बखूबी निभा रहे हैं।

## ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स के दूसरे चरण का शुभारंभ

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

सिंहस्थ 2028 की तैयारियों को लेकर पुलिस विभाग के मुखिया ने पिछले माह ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स अभियान की शुरूआत की थी। जिसके दूसरे चरण का शुभारंभ रविवार को किया गया। पहला चरण 21 दिनों का था। जिसमें 116 पुलिसकर्मियों को प्रशिक्षण दिया गया था।

धार्मिक नगरी में सिंहस्थ 2028 का आयोजन इस बार भव्यता के साथ किया जाना है। 2 माह की अवधि में करीब 40 करोड़ श्रद्धालुओं के देशभर से आने का अनुमान लगाया जा रहा है। श्रद्धालुओं को अवस्था का सामना ना करना पड़े और सिंहस्थ के दौरान भीड़ प्रबंधन, यातायात प्रबंधन, आपात स्थिति से निपटने के लिये अभी से प्रदेशभर की पुलिस को आधुनिक तकनीक पर आधारित प्रशिक्षण सेवानिवृत्त और वरिष्ठ अधिकारियों के मार्ग दर्शन में दिया जा रहा है। 21 दिनों का प्रथम चरण समाप्त होने के बाद दूसरे चरण की शुरूआत ट्रेनिंग ऑफ ट्रेनर्स की रविवार को की गई। चरणबद्ध तरीके से की जा रही तैयारियों में पुलिसकर्मियों को फील्ड के साथ तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है। प्रशिक्षण प्राप्त करने वाले पुलिसकर्मी अपने जिलों में सिंहस्थ की तैयारियों का प्रशिक्षण देगें। दूसरे चरण का शुभारंभ पुलिस सामुदायिक भवन में अतिरिक्त पुलिस महानिदेशक, इंटेलिजेंस ए. साई मनोहर, उप पुलिस महानिरीक्षक कानून एवं सुरक्षा व्यवस्था अंशुमान सिंह, तरुण नायक, उप पुलिस महानिरीक्षक, उज्जैन रेंज नवनीत भसीन, पुलिस अधीक्षक उज्जैन प्रदीप शर्मा, पुलिस अधीक्षक पीटीएस उज्जैन मनीषा पाठक सोनी की उपस्थिति में दीप प्रज्वजन के साथ मां सरस्वती के चित्र पर माल्यापर्ण कर किया गया।



### कॉम्बिंग गश्त में वारंटियों की धरपकड़ से भरी थानों की सलाखें

# आधी रात को गुंडे और बदमाशों के घरों तक पहुंची पुलिस

**ब्रह्मास्त्र ›› उज्जैन**

शहर में कानून व्यवस्था के साथ गुंडे-बदमाशों पर अंकुश लगाने के लिये एक बार फिर शनिवार-रविवार रात जिले में पुलिस द्वारा कॉम्बिंग गश्त की गई। पुलिस जहां गुंड़े-बदमाशों के घरों तक पहुंची वहीं रातभर में 85 स्थाई और 110 गिरफ्तारी वारंट तामिल कराकर वारंटियों को थाने लाया गया। पुलिस रात में गुंडे-बदमाशों के घरों तक भी पहुंची और उनकी गविधियों की जानकारी प्राप्त कर अपराध नहीं करने की हिदायत दी।

एसपी प्रदीप शर्मा ने बताया कि जिले में अपराधों की रोकथाम, फरार आरोपियों की धरपकड़, निगरानी बदमाशों पर नियंत्रण और आमजन में सुरक्षा का वातावरण बनाए रखने के उद्देश्य से शनिवार-रविवार रात को जिले में एएसपी, सीएसपी, एसडीओपी और थाना प्रभारियों के साथ 600 पुलिसकर्मियों ने एक साथ कॉम्बिंग गश्त की। सभी ने अपने-अपने क्षेत्र में प्रभावी कार्रवाई करते हुए 85 स्थाई वारंट और 110 गिरफ्तारी वारंटियों को पकड़ा। रविवार को सभी को न्यायालय में पेश किया गया है। कॉम्बिंग गश्त के दौरान 5 वसूली वारंट भी तामील कराये गये है। जिनके खिलाफ नियमानुसार कार्रवाई की गई है। हत्या, लूट, नकबजनी, अवैध हथियार और अन्य गंभीर अपराधों में संलिप्त 20 से अधिक आरोपियों की विशेष चेकिंग की गई। गश्त के दौरान 50 से अधिक जिलाबदर आरोपियों की चेकिंग और सत्यापन किया गया। सभी आरोपियों की गतिविधियों पर निगरानी रखते हुए उन्हे आदेशों का पालन करने हेतु निर्देश दिये गये है। पूरे जिले में 150 से अधिक निगरानी बदमाश, गुंडा लिस्ट में शामिल बदमाश, चाकूबाजी में शामिल अपराधियों के घर जाकर पुलिस द्वारा सत्यापन के साथ चेकिंग की गई।



#### 4 आरोपियों को किया गिरफ्तार

कॉम्बिंग गश्त के दौरान रात में पुलिस ने हत्या और हत्या के प्रयास में शामिल 4 फरार आरोपियों को भी गिरफ्तार किया है। जिसमें पंवासा थाना क्षेत्र में हुये हत्या के प्रयास में शामिल बंटी उर्फ युवराज पिता जसवंतसिंह राजपूत, रणजीत सिंह पिता गोवर्धनसिंह राजपूत निवासी ग्राम रूदाहेड़ा को गिरफ्तार किया गया है। वहीं बड़नगर में हुई व्यापारी की हत्या के मामले में फरार चल रहे आरोपी आदर्श पिता निलेश शाह निवासी पलदूना इंगोरिया की गिरफ्तारी की गई। माकडोन पुलिस ने फरार आरोपी धर्मेन्द्र पिता हिंदूसिंह गुर्जर निवासी भगवतपुर को हत्या के प्रयास में गिरफ्तार कर रविवार को न्यायालय में पेश किया।

#### एक माह में दूसरी बार कॉम्बिंग गश्त

शनिवार-रविवार रात को जिले में हुई कॉम्बिंग गश्त से एक माह पहले 25-26 अप्रैल को भी पुलिस ने पूरे जिले में 600 पुलिस कर्मियों के साथ कॉम्बिंग गश्त की थी। उस दौरान 295 स्थाई और गिरफ्तारी वारंटियों की धरपकड़ की गई थी। एक माह में 2 बार हुई कॉम्बिंग गश्त के बीच कंजर-पारदी डेरों पर पूरे जिले में दबिश देकर दर्जनों संदिग्धों को पूछताछ के लिये हिरासत में लिया गया था।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, संदीप मेहता द्वारा अवंतिका ऑफसेट 2, महाकाल मंदिर मार्ग, मालीपुरा, उज्जैन (म.प्र.) से मुद्रित एवं प्रकाशित। संपादक-संदीप मेहता 9827771777 फोन : 0734-4012777 Email -dainikbrahmastra@gmail.com